दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 10 | जयपुर | मंगलवार, 12 नवम्बर, 2024 | कार्तिक, शुक्ल पक्ष एकादशी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹ 2 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## भारत-रूस के बीच पांत्सिर एयर डिफेंस सिस्टम के लिए समझौता

### इसका ट्रैकिंग सिस्टम हवा में 36 किमी. दूर का भी टारगेट ट्रैक करने में सक्षम

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत के एयर डिफेंस सिस्टम को और मजबूत बनाने के लिए भारत डाइनैमिक्स लिमिटेड ने रूस के नई डील की है। ये डील एडवांस पांत्सिर एयर डिफेंस मिसाइल गन सिस्टम के लिए रूस सरकार के नियंत्रण वाली हथियार एक्सपोर्ट करने वाली कंपनी रोसोबोरोनएक्सपोर्ट (आरओई) के साथ की गई है। पांत्सिर एयर डिफेंस सिस्टम वर्सेटाइल मोबाइल प्लेटफॉर्म है, जो आर्मी बेस और अन्य इन्फ्रास्ट्रक्चर को हवाई हमलों से बचाने के लिए डिजाइन किया गया है, इसमें एयरक्राफ्ट, ड्रोन और सटीक निर्देशित युद्ध सामग्री शामिल है। इसमें एडवांस रडार और ट्रैकिंग सिस्टम है। जो 36 किमी.दूर और 15 किमी. की ऊंचाई तक के टारगेट का पता लगाने और अटैक करने की सक्षम है।

दोनों देशों के बीच ये इस डिफेंस सिस्टम के लिए समझौता गोवा में आयोजित 5वें भारत-रूस इंटर गवर्नमेंटल कमिशन सबग्रुप मीटिंग के दौरान हुआ।

डील मेक इन इंडिया इनिशिएटिव का हिस्सा बीडीएल और आरओई का टारगेट पांत्सिर वैरिएंट के मैन्यूफैक्टरिंग, टेक्नॉलिजी ट्रांसफर और जॉइंट डेवलपमेंट के लिए नए रास्ते तलाशना है। ये मेक इन इंडिया इनिशिएटिव के तहत डिफेंस प्रोडक्शन में सेल्फ डिपेंड होने के लिए भारत के टारगेट में शामिल है।

भारत ने साइन की थी 5 अरब डॉलर की डील भारत ने 2018 में रूस से एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम खरीदने के लिए डील की थी। इस डील के तहत अगले 5 सालों में भारत को ये सभी एयर डिफेंस सिस्टम मिलने थे।

## जस्टिस संजीव खन्ना देश के 51वें चीफ जस्टिस बने

### छह महीने का कार्यकाल; इस दौरान मैरिटल रेप समेत 5 बड़े मामलों की सुनवाई करेंगे



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** जस्टिस संजीव खन्ना देश के 51वें चीफ जस्टिस बन गए हैं। सोमवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें शपथ दिलाई। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ 10 नवंबर को रिटायर्ड हो चुके हैं। गौरतलब है कि जस्टिस खन्ना का कार्यकाल सिर्फ 6 महीने का होगा। 64 साल के जस्टिस खन्ना 13 मई 2025 को रिटायर होंगे। सुप्रीम कोर्ट जज के तौर पर जस्टिस खन्ना ने 65 फैसले लिखे हैं। इस दौरान वे करीब 275 बेंचों का हिस्सा रहे हैं।

जस्टिस संजीव के चाचा जस्टिस हंसराज खन्ना भी सुप्रीम कोर्ट में जज थे। हालांकि, इंदिरा सरकार के इमरजेंसी का विरोध करने पर उन्हें सीनियर होने के बावजूद चीफ जस्टिस नहीं बनाया गया।

उनकी जगह जस्टिस एमएच बेग को सीजेआई बना दिया गया। जस्टिस हंसराज ने इसका विरोध करते हुए सुप्रीम कोर्ट जज से इस्तीफा दे दिया था।

पिता दिल्ली हाईकोर्ट, चाचा सुप्रीम कोर्ट के जज थे संजीव खन्ना की विरासत वकालत की रही है। उनके पिता देवराज खन्ना दिल्ली हाईकोर्ट के जज रहे हैं। वहीं चाचा हंसराज खन्ना सुप्रीम कोर्ट के मशहूर जज थे। उन्होंने इंदिरा सरकार के इमरजेंसी लगाने का विरोध किया था। साथ ही राजनीतिक विरोधियों को बिना सुनवाई जेल में डालने पर भी नाराजगी जताई थी। 1977 में वरिष्ठता के आधार पर उनका चीफ जस्टिस बनना तय माना जा रहा था, लेकिन जस्टिस एमएच बेग को सीजेआई बनाया गया। इसके विरोध में उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से इस्तीफा दे दिया। इंदिरा की सरकार गिरने के बाद वह चौधरी चरण सिंह की सरकार में 3 दिन के लिए कानून मंत्री भी बने थे।

जस्टिस संजीव ने चाचा से प्रभावित होकर वकालत को कॅरियर चुना जस्टिस संजीव अपने चाचा से प्रभावित थे, इसलिए उन्होंने 1983 में दिल्ली यूनिवर्सिटी के कैंपस लॉ सेंटर से एलएलबी की पढ़ाई की। दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट से वकालत शुरू की। फिर दिल्ली सरकार के इनकम टैक्स डिपार्टमेंट और दीवानी मामलों के लिए स्टैंडिंग काउंसल भी रहे। स्टैंडिंग काउंसल का आम भाषा में अर्थ सरकारी वकील होता है। 2005 में जस्टिस खन्ना दिल्ली हाईकोर्ट के जज बने। जहां उन्होंने 13 साल तक पद संभाला। 2019 में जस्टिस खन्ना को प्रमोट करके सुप्रीम कोर्ट जज बनाया गया। हालांकि, उनका यह प्रमोशन भी विवादों में रहा था।



## राजकुमार रोत को कांग्रेस के लोगों से मैंने छुड़ाया : सीएम शर्मा

### आदिवासी के घर चाय पी; नेता प्रतिपक्ष जूली बाइक पर प्रचार करने निकले

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा की सात सीटों पर उपचुनाव के लिए चुनाव प्रचार का शोर थम गया है। अब प्रत्याशी डोर-टू-डोर जनसंपर्क कर सकेंगे। चुनाव प्रचार के आखिरी दिन कांग्रेस और बीजेपी ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी। प्रदेश में 7 विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को वोटिंग होगी और 23 नवंबर को मतगणना होगी। सीएम भजनलाल शर्मा और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने सोमवार को चौरासी और सलूंबर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा की। इस दौरान सीएम ने कहा- हमारी सरकार को 11 महीने हुए हैं। हमने वागड़ की धरती को प्राथमिकता में रखा है। मैंने यहां के लिए बजट में कई घोषणाएं की। हमने भर्ती परीक्षाओं का 2 साल का कैलेंडर जारी किया है। हमने युवाओं से कहा है आप तैयारी करो। 5 साल में हमने 4 लाख सरकारी नौकरियों का वादा किया है। इस साल हमने एक लाख नौकरियों का वादा किया है। 33 हजार नियुक्ति पत्र हमने दे दिए हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल ने कहा- आपके सांसद राजकुमार रोत पहले विधायक थे। उस समय मैं भाजपा संगठन में प्रदेश महामंत्री हुआ करता था।

तब मैंने टीवी पर देखा कि एक आदिवासी विधायक को कांग्रेस की सरकार के इशारे पर उनके जाकर घेर लिया और उन पर दबाव बना रहे हैं। मैं भाजपा ऑफिस से तुरंत गाड़ी लेकर निकला और उनके घर पहुंचा तो देखा राजकुमार रोत बाहर खड़े थे और उनकी गाड़ी की चाबी निकाल ली थी। मैंन भाजपा के कार्यकर्ता बुलाए और उनको छुड़ाया।

#### युवाओं को बरगलाने वालों को छोड़ेंगे नहीं

मुख्यमंत्री ने सलूंबर में बीएपी का नाम लिए बिना कहा कि ये वो लोग हैं, जिनके बच्चे जयपुर, उदयपुर, कोटा में पढ़ रहे हैं, लेकिन वे आदिवासियों को बहका रहे हैं। उनके मन में कोई दर्द नहीं है। वो लोग होशियार हो जाए जो तनख्वाह सरकार की लेते हैं और काम हमारे युवाओं को बरगलाने का करते हैं, उनको किसी भी कीमत पर छोड़ा नहीं जाएगा। हमारा सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है।

#### बाइक लेकर गांवों में प्रचार करने निकले नेता प्रतिपक्ष जूली

इधर, कांग्रेस नेताओं ने भी प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार किया। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सोमवार को रामगढ़ विधानसभा के गांवों में बाइक से प्रचार के लिए निकले। दौसा सांसद मुरारीलाल मीणा और कांग्रेस प्रत्याशी डीसी बैरवा सोमवार को जिला कोर्ट पहुंचे। यहां बार एसोसिएशन के ऑफिस गए और वकीलों से समर्थन और वोट देने की अपील की।

## 'बंटेंगे तो कटेंगे' बोलना साधु का काम नहीं : खड़गे

### ये कोई आतंकी बोल सकता है, कांग्रेस अध्यक्ष का यूपी सीएम योगी पर तंज



बढ़ता राजस्थान

**रांची ( एजेंसी )।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को मोदी के 'एक है तो सेफ हैं और यूपी के सीपी योगी आदित्यनाथ के बंटेंगे तो कटेंगे, नारे की आलोचना की। उन्होंने कहा कि ये खुद काट रहे, खुद बांट रहे हैं। दोनों पहले तय कर लें कि नारा कौन सा चलेगा। योगी का नाम लिए बिना झारखंड के छतरपुर (पलामू) की रैली में कहा, वे कहते हैं बटेंगे तो कटेंगे। ये बोलना साधु का काम नहीं है। ये कोई आतंकी बोल सकता है, आप नहीं बोल सकते। कोई नाथ संप्रदाय का साधु ऐसी बात कर ही नहीं सकता। हम डरेंगे तो मरेंगे, हम डरने वाले नहीं है। उन्होंने कहा कि मोदी जी कहते हैं भगवान ने हमको आपकी सेवा के लिए भेजा है। ये कभी नहीं कहते कि हम मां-बाप के पेट से पैदा हुए हैं। इस पर संत तुकाराम बोलते हैं, नवसे कन्या पुत्र होती तो का करणे लागे पती यानी दुहाई मांगने से ही अगर बच्चे पैदा होते हैं तो शादी करने से क्या फायदा है। खड़गे ने कहा नरेंद्र मोदी और अमित शाह लोगों को डराते हैं। इन्होंने देश के गरीब, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक लोगों को अपने हाल पर छोड़ दिया है। हुकूमत करने वाले मोदी और शाह केवल अडानी-अंबानी की मदद करते हैं। यानी इस देश को 4 लोग चला रहे हैं- 2 पैसे वाले, 2 हुकूमत वाले।

वह (पीएम मोदी) कह रहे हैं एक है तो सुरक्षित है, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ बटेंगे तो कटेंगे कह रहे हैं। उन्हें तय करने दें कि कौन सा नारा चलेगा। हमने देश को सुरक्षित रखा है। अब लोगों ने कहा है देश को तोड़ने के लिए आते हैं और इसीलिए ऐसी भाषा का इस्तेमाल किया जा रहा है। अगर वे कांग्रेस की तरह सभी को साथ लेकर काम करते तो ऐसी बातें नहीं होतीं। उनका इरादा एकता को खत्म करने और अपना प्रभुत्व दिखाने का है।

## श्रीनगर में आतंकी मुठभेड़ में फंसे दो ट्रैकर्स

### 100 नंबर पर सूचना दी, सेना ने फायरिंग रोककर बचाया; आतंकवादी भागे



बढ़ता राजस्थान

**श्रीनगर ( एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में सेना और आतंकियों के बीच हुई मुठभेड़ के बीच 2 ट्रैकर्स फंस गए। फायरिंग के बीच ट्रैकर्स ने 100 नंबर डायल करके पुलिस को इसकी सूचना दी। इसके बाद सेना ने गोलीबारी रोककर उन्हें बचाया। घटना, गुरुवार (10 नवंबर) की है। सीआरपीएफ, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सेना जबरवान के जंगलों में संयुक्त सर्च ऑपरेशन चला रही थी। इसी दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर गोलियां चला दीं। इसके बाद कई घंटों तक दोनों ओर से गोलीबारी हुई थी। हालांकि, आतंकी भागने में कामयाब रहे थे। मुठभेड़ के समय ट्रैकर्स जंगल में थे। सेना ने उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला। इस घटना के बाद जम्मू-कश्मीर पुलिस ने गाइडलाइन जारी कर कहा है कि जंगलों और पहाड़ों पर ट्रैकिंग के लिए जाने से पहले स्थानीय पुलिस को सूचना दें।

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में एनकाउंटर कल से जारी, 1 जवान शहीद किश्तवाड़ में केशवान के जंगलों में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच गुरुवार से ही मुठभेड़ जारी है। बीते दिन सेकेंड पैरा एसएफ के 4 जवान घायल हुए थे। बाद में जूनियर कमीशन ऑफिसर राकेश कुमार शहीद हो गए जबकि 3 जवानों का इलाज जारी है। अधिकारियों ने बताया कि आतंकी कश्मीर टाइगर्स ग्रुप के हैं। इन्होंने ही 7 नवंबर को 2 विलेज गार्ड की हत्या की थी।

## पाकिस्तानी डॉन शहजाद भट्टी की मिथुन चक्रवर्ती को धमकी

### बोला- बकवास पर माफी मांगो वरना पछताना पड़ेगा; गैंगस्टर लॉरेंस का करीबी है

बढ़ता राजस्थान

**जालंधर।** दुबई में बैठे पाकिस्तानी डॉन शहजाद भट्टी ने कोलकाता से बीजेपी नेता और एक्टर मिथुन चक्रवर्ती को धमकी दी है। मिथुन चक्रवर्ती के एक सभा में दिए बयान पर शहजाद ने कहा कि मिथुन माफी मांग लें, वरना इस बकवास के लिए पछताना पड़ सकता है। भट्टी, लॉरेंस का करीबी है। उसे पाकिस्तानी डॉन फारुख खोखर का राइट हैंड माना जाता है। भट्टी ने 2 वीडियो जारी किए। पहले वीडियो में वह खुद मिथुन को धमका रहा है। जबकि, दूसरे वीडियो में मिथुन का बयान चलाकर पीछे से डायलॉग बोल रहा है।

मिथुन 27 अक्टूबर को कोलकाता में अमित शाह की मौजूदगी में एक रैली में बोले थे- एक नेता ने कहा था कि यहां 70% मुस्लिम हैं और हिंदू यहां 30% हैं। हिंदुओं को काटकर भागीरथी में बहा देंगे। मैं कहता हूं कि हम तुम्हें काटकर भागीरथी में तो नहीं बहाएंगे, लेकिन तुम्हें तुम्हारी जमीन पर जरूर दफना देंगे।

## मणिपुर में सुरक्षाबलों ने 11 उग्रवादियों को मार गिराया

- सीआरपीएफ चौकी पर हमला करने पहुंचे थे
- दो जवान भी घायल, 5 स्थानीय लोग लापता



बढ़ता राजस्थान

**इंफाल।** मणिपुर के जिरिबाम जिले में सोमवार को सीआरपीएफ जवानों ने एनकाउंटर में 11 कुकी उग्रवादियों को मार गिराया। सूत्रों के मुताबिक, असम सीमा से लगे संदिग्ध कुकी उग्रवादियों की फायरिंग में 2 सीआरपीएफ जवान भी घायल हैं। इनमें एक की हालत गंभीर है।

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, कुकी उग्रवादियों ने दोपहर करीब 2.30 बजे बोरोबेकेरा के जकुराडोर करोंग में एक पुलिस स्टेशन पर हमला किया। इसके बाद यहां मौजूद सीआरपीएफ जवानों से उनकी मुठभेड़ हुई।

सूत्रों ने बताया कि पुलिस स्टेशन के नजदीक ही मणिपुर हिंसा में विस्थापित लोगों के लिए एक राहत शिविर है। राहत शिविर में रह रहे लोग कुकी उग्रवादियों के निशाने पर थे। यहां इससे पहले भी कई बार हमला हो चुका है। इसके बाद यहां सीआरपीएफ की टीम तैनात की गई थी।

सेना की वर्दी में थे उग्रवादी सूत्रों ने बताया कि उग्रवादी सैनिकों जैसी वर्दी पहने थे। इनके पास अत्याधुनिक हथियार और गोला-बारूद थे।


कार्यालय नगर परिषद, टोंक

आम सूचना

नगर परिषद टोंक 'स्वच्छ भारत मिशन' के अन्तर्गत सरकार की निर्धारित गाईडलाईन के अनुसार ODF+ घोषित किया जा रहा है।

अगर कोई व्यक्ति खुले में शौच/मूत्र करता हुआ पाया जाता है तो नगर परिषद द्वारा सरकार की निर्धारित गाईडलाईन के अनुसार शास्ती लगाई जायेगी।





प्लास्टिक/पॉलिथीन कैरी बैग का उपयोग प्रतिबंधित तथा अपराध है। अत: प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग, विक्रय व भण्डारण नहीं करें, जूट, कागज व कपड़े के थैले का उपयोग करें।

आयुक्त
नगर परिषद, टोंक

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छता का प्रण करें, हर स्थान को हम स्वच्छ रखें।


सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

# बॉलीवुड एक्टर आफताब शिवदसानी और कविता त्रिपाठी ने स्टार लव स्टोरी बेस्ड सॉन्ग तन्हाइयां गीत का प्रमोशन किया

## एक्टर सहित सॉन्ग के डायरेक्टर और प्रोड्यूसर ने शेयर की सॉन्ग से जुड़ी जानकारियां, म्यूजिक इंडस्ट्री के बदलते ट्रेंड्स पर डाला फोकस

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** बॉलीवुड में नई सुरों की धुन और दिलों को छूने वाली कहानियों के साथ 'तनहाइयां' गीत का प्रमोशन जयपुर में धूमधाम से किया गया। इस विशेष मौके पर मुख्य कलाकार अफताब शिवदसानी और कविता त्रिपाठी ने मीडिया से बातचीत की और अपनी इस नई प्रस्तुति की विशेषता साझा की। इस गीत के निर्देशक अमन प्रजापत और निर्माता सौरभ प्रजापत भी इस प्रमोशन कार्यक्रम में शामिल हुए, जिन्होंने इस परियोजना की शुरुआत और इसके पीछे की सोच पर प्रकाश डाला। इस सॉन्ग की प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन जयपुर के जगतपुरा स्थित ओपेश सिंह के ऑफिस में किया गया, जहां इस सॉन्ग की स्टारकास्ट के साथ साथ डायरेक्टर, प्रोड्यूसर और ओपेश ग्रुप की सीईओ मेघा मौजूद रहे। यहां उपस्थित सभी मीडिया कर्मियों ने गीत के निर्माण के पहलुओं और इसके प्रति कलाकारों की गहरी भावनाओं को जाना। तनहाइयां सॉन्ग प्रेम की गहराई को बयां करता है, जिसमें दो किरदारों के बीच की दूरियों और भावनात्मक उलझनों को खूबसूरती से दर्शाया गया है। आफताब शिवदसानी ने इस गीत के माध्यम से अपने किरदार की भावनाओं को प्रस्तुत करने में जो मेहनत की, उसे वे दर्शकों के साथ साझा करने को लेकर उत्साहित दिखे। उनके साथ गीत में कविता त्रिपाठी ने भी अपनी अदाकारी और भावनाओं को दिल से पेश किया है, जो दर्शकों को भावनात्मक रूप से जोड़ने में सक्षम है। सॉन्ग के निर्देशक अमन प्रजापत ने बताया कि 'तनहाइयां' का विचार उनके दिल के बेहद करीब है, और उन्होंने इसे सबसे सरल और संवेदनशील तरीके से प्रस्तुत करने का प्रयास किया है। साथ ही, निर्माता सौरभ प्रजापत ने इस गीत में अपनाए गए नए तकनीकी और कलात्मक प्रयोगों की जानकारी देते हुए इसे दर्शकों तक पहुँचाने की उम्मीद जताई।



### प्रदेश में बाल विवाह रोकथाम के लिए पुलिस विभाग ने चलाया अभियान

## जागरूकता रैली, धार्मिक कार्यक्रमों में बाल विवाह नही करने की शपथ, डॉक्यूमेंट्री, नुक्कड़ नाटक से किया जा रहा है जागरूक

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** प्रदेश में बाल विवाह रोकने के लिए पुलिस विभाग की ओर से अभियान चलाया जा रहा है। जिसके चलते पुलिस महानिरीक्षक सिविल राइट्स की ओर से बाल विवाह जैसी कुप्रथा की प्रभावी रोकथाम के लिए सभी जिला पुलिस अधीक्षकों को ऑपरेशन लाडली अभियान की क्रियान्विति करने के निर्देश जारी किए हैं। इस अभियान के दौरान पुलिस लोगों को विभिन्न तरीकों से समझाइश कर कम आयु के बच्चों को जागरूक किया जा रहा है। पुलिस महानिरीक्षक सिविल राइट्स जय नारायण ने बताया कि समाज में प्रचलित बाल विवाह जैसी कुप्रथा की प्रभावी रोकथाम के लिए पूरे प्रदेश में ऑपरेशन लाडली अभियान चलाया जा रहा है। बारह नवम्बर यानी मंगलवार (देवउठनी एकादशी) को अबूझ सावे पर होने वाले बाल विवाह की प्रभावी रोकथाम के लिए पुलिस विभाग की ओर से सोलह नवंबर तक लगातार यह अभियान संचालित कर रहा है। इस अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पुलिस जिला, खण्ड, स्कूल, ग्राम स्तरीय एवं सेवा प्रदाताओं की कार्यशाला का आयोजन कर उपस्थित प्रतिभागियों को अभियान के प्रति संवेदनशील बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग थाना स्तर पर कार्यरत सीएलजी सदस्यों एवं सुरक्षा सखियों का बाल विवाह की रोकथाम के लिए वांछित सहयोग प्राप्त करने के साथ मुखबिर प्रोत्साहन योजना को सुदृढ किया जा रहा है।

## राजस्थान पुलिस अकादमी में जेंडर आधारित हिंसा पर होगी चर्चा, रोकथाम उपाय पर किया जाएगा मंथन-विमर्श

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान पुलिस अकादमी तथा संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को जेंडर आधारित हिंसा और हानिकारक प्रथाओं पर समन्वित प्रतिक्रिया के लिए एकदिवसीय अंतर विभागीय संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं निदेशक राजस्थान पुलिस अकादमी एस सेंगाथिर ने बताया कि इस कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की भारत की प्रमुख प्रतिनिधि एंड्रिया एम वोज्नर के साथ पुलिस अधिकारियों सहित विभिन्न विभागों के वे अधिकारी जो जेंडर आधारित हिंसा संबंधित समस्याओं व कार्य कार्य करते हैं, प्रतिभागी के रूप में शामिल होंगे। एडीजी सेंगाथिर ने बताया कि उक्त परामर्श कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जेंडर आधारित हिंसा और हानिकारक प्रथाओं से निपटने के लिए बहुक्षेत्रीय समन्वय को बढ़ाने वाले समाधानो पर पैनल तथा आमन्त्रित प्रतिभागियों से संवाद कर रोकथाम उपाय पर चर्चा करना है।

## अंबुजा सीमेंट्स ने ग्रामीण भारत में स्वास्थ्य और पोषण को बढ़ावा देने के लिए 'पोषण माह' मनाया

बढ़ता राजस्थान

**अहमदाबाद/जयपुर।** विविधीकृत अदाणी पोर्टफोलियो की सीमेंट और निर्माण सामग्री कंपनी अंबुजा सीमेंट्स, पूरे देश में 'पोषण माह' मनाकर ग्रामीण समुदायों में स्वास्थ्य और पोषण को बेहतर बनाने के लिए आशाजनक प्रयास कर रही है। यह पहल अपने संचालन के मुख्य क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता और पोषण शिक्षा को बढ़ावा देकर, विशेष रूप से बच्चों और महिलाओं में कुपोषण और एनीमिया से निपटने पर केंद्रित है। 'पोषण माह' एक राष्ट्रव्यापी उत्सव है जो सितंबर के पूरे महीने को पोषण जागरूकता को बढ़ावा देने और एक स्वस्थ भारत के निर्माण की दिशा में कार्रवाई को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। सीएसआर टीम ने पोषण शिविर, स्वास्थ्य जागरूकता सत्र और सामुदायिक आउटरीच कार्यक्रम जैसी प्रमुख गतिविधियों को लागू किया। इन पहलों का उद्देश्य परिवारों को संतुलित आहार के महत्व के बारे में शिक्षित करना, महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जांच प्रदान करना और कुपोषण से निपटने में सहायता प्रदान करना है। सीएसआर टीम स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवकों के साथ मिलकर यह सुनिश्चित कर रही है कि ये कार्यक्रम सबसे कमज़ोर आबादी तक पहुंचें, जिससे समुदाय पर ठोस प्रभाव पड़े। पोषण माह के जरिये मानव पूंजी के प्रति अंबुजा सीमेंट्स की प्रतिबद्धता और भी मज़बूत हुई है। कंपनी जमीनी स्तर पर बदलाव लाने के लिए लगातार काम कर रही है, देश भर में कुपोषण की दर को कम करने और ग्रामीण समुदायों की समग्र भलाई में सुधार करने के लिए अथक प्रयास कर रही है।

## प्रो. आशा बक्शी 'जेकेएलयू डिजायन गुरू अवार्ड 2024' से सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी के डिजायन इंस्टीट्यूट की ओर से डिजायन गुरू डे के अवसर पर डिजायन के क्षेत्र में विश्वविख्यात प्रोफेसर एमपी रंजन की मेमोरी में ग्लोबल लेवल पर प्रतिष्ठित डिज़ाइन एजुकेटर प्रो. आशा बक्शी को 'डिजायन गुरू 2024' के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। फैशन और डिजायन एजुकेशन के क्षेत्र में बक्शी के अभूतपूर्व योगदान के चलते उन्हें इस सम्मान के लिए चुना गया है। आयोजन के दौरान बक्शी द्वारा फैशन और डिजायन के क्षेत्र में किए गए योगदान की जानकारी दी गई। बक्शी ने अपने उद्बोधन में स्टूडेंट्स से फैशन डिजायन के नवाचारों पर चर्चा की। उन्होंने अपने सफलता के मार्ग के बारे में आई विभिन्न परिस्थितियों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर इंडियन क्राफ्ट एंड आंत्रप्रेन्यरशिप विषय पर पैनल डिस्कशन का भी आयोजन किया गया। इस वर्ष डिजायन गुरू डे की थीम 'फैशन अनफोल्डेड: अ जर्नी ऑफ सेरनडिपटी' रखी गई थी। यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. धीरज सांघी ने यह पुरस्कार प्रदान किया। उन्होंने बताया कि जेकेएलयू का यह एक प्रतिष्ठित सालाना पुरस्कार है, जिसे डिजाइन के क्षेत्र मे विशिष्ट योगदान देने वाली शख्सियत को दिया जाता है। कार्यक्रम का समन्वय यूनिवर्सिटी के डिजाइन इंस्टीट्यूट डायरेक्टर प्रोफ़ेसर ए बालासुब्रमण्यम ने किया।

### एसआई भर्ती रद्द करने की मांग मामला

## टंकी पर चढ़े दोनों युवक

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** एसआई भर्ती परीक्षा-2021 को रद्द करने की मांग को लेकर रविवार की दोपहर को चढ़े दो युवकों को कई घंटे से ज्यादा का समय बीत जाने के बाद भी समाचार लिखे जाने तक नीचे नहीं उतरे हैं। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व ) तेजस्विनी गौतम, सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी मालवीय नगर), थानाधिकारी बजाज नगर, थानाधिकारी जवाहर सर्किल सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने सोमवार दोपहर को दोनों युवकों से बात की,लेकिन अभी तक कोई सहमति नहीं बनी है। दोनों युवकों ने कहा कि उनके कुछ साथियों को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मिलाया जाए और इसके बाद मुख्यमंत्री लेटर जारी कर भर्ती परीक्षा रद्द करने की घोषणा करें। इसके बाद ही वह टंकी पर से उतरेंगे। वहीं दोनों युवकों ने कहा कि सरकार अपने मंत्री और अधिकारियों के दबाव में है। इसलिए भर्ती परीक्षा को रद्द नहीं कर रही है। गौरतलब है कि रविवार दोपहर करीब एक बजे लादूराम चौधरी (35) और विकास विधूड़ी (34) हिम्मत नगर स्थित पानी की टंकी पर दो बैनर लेकर चढ़ गए थे। युवकों ने बैनर पर एसआई पेपर लीक को लेकर सात पॉइंट में अपनी मांगें लिखी हैं। इसमें लिखा है कि आखिर एसआई भर्ती रद्द क्यों नहीं? ध्यानाकर्षण सत्याग्रह। भजनलाल सरकार से छात्रों का आह्वान, एसआई भर्ती रद्द करो, लीपापोती बंद करो। आखिर फिर से बड़ा सवाल सरकार इस एसआई भर्ती परीक्षा पर कब फैसला करेगी...कब-कब और आखिर कब? दोनों बैनर को लादूराम और विकास ने टंकी पर ही टांग दिया। इसकी सूचना मिलने पर सिविल डिफेंस और पुलिस की टीमें मौके पर पहुंच गई थीं। दोनों युवकों से बात की, लेकिन उन्होंने नीचे उतरने से इनकार कर दिया था।

## ऑलमाइटी इंटरनेशनल एस्ट्रोलॉजी कॉन्क्लेव का आयोजन 28 नवंबर को




बढ़ता राजस्था1न

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर मे 28 नवंबर को ऑलमाइटी इंटरनेशनल एस्ट्रोलॉजी कॉन्क्लेव का आयोजन नारायण सिंह सर्किल स्थित इंद्रलोक ऑडिटोरियम में होने जा रहा है। इस एक दिवसीय ज्योतिष सम्मेलन की प्रमुख आयोजक और प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, डॉक्टर मेघा शर्मा हैं उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में देश-विदेश के प्रतिष्ठित ज्योतिष, वास्तु और योग विशेषज्ञ भाग लेंगे और अपने अनुभव साझा करेंगे। उन्होंने आगे बताया कि इस कार्यक्रम में पंडित सतीश शर्मा; पंडित पुरुषोत्तम गॉड; योग गुरु स्वामी अमित देव; आचार्य अनुपम; प्रोफेसर कुर्ती वजीर (पुणे); आचार्य पवन दत्त मिश्रा (दिल्ली); पंडित हिमानी जोली; पंडित ज्योति शर्मा, इंटरनेशनल एस्ट्रोलॉजर × वस्तु एक्सपर्ट और पंडित इला गोस्वामी जैसे कई विख्यात ज्योतिषाचार्य, वास्तु विशेषज्ञ और योग प्रशिक्षक शामिल होंगे।

कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र भारत का भविष्य विषय पर केंद्रित होगा, जिसमें भारत के प्रसिद्ध ज्योतिष और विशेषज्ञ देश के भविष्य को लेकर अपने अनुमान और आकलन प्रस्तुत करेंगे। इसके अलावा, पंडित सतीश शर्मा वास्तु विज्ञान पर व्याख्यान देंगे, आचार्य अमित स्वामी भारतीय योग पद्धति पर और पंडित पुरुषोत्तम गॉड अपने अनुसंधान पर विशेष प्रस्तुतिकरण देंगे। कार्यक्रम के समापन में सभी प्रमुख अतिथियों और विशेषज्ञों के लिए सम्मान समारोह भी आयोजित किया जाएगा।

## शिविर में 500 लोगो ने उठाया लाभ




बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। बिडला ऑडिटोरियम में आयोजित केयर ग्लोबल हेल्थ एंड वेलनेस फेस्टिवल में एसआरके मैक्स हॉस्पिटल की ओर से आयोजित हेल्थ चेकअप कैम्प में 500 मरीजों ने निशुल्क जांचों एवं कंसल्टेशन का लाभ उठाया। इस दौरान यूरोफ्लोमेट्री, बीपी, शुगर आदि की जांचे निशुल्क की गई। सीनियर यूरोलॉजिस्ट डॉ. राकेश शर्मा और डॉ. राजकुमार जैन ने शिविर में मरीजों को कंसल्टेशन दिया। इस दौरान लाइफ स्टाइल डिजीज एवं यूरो समस्याओं को लेकर टॉक शो एवं पैनल डिस्कशन भी आयोजित किया गया। शिविर के दूसरे दिन आयोजन में बेहतर योगदान के लिए हॉस्पिटल की ओर यादवेन्द्र गुप्ता ने सम्मान प्राप्त किया। हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. राकेश शर्मा ने बताया कि शिविर में लाभार्थियों को हॉस्पिटल में प्रथम कंसल्टेशन निशुल्क एवं इसके बाद भी लाभ दिया जाएगा।

### मूक बधिर बच्ची हत्याकांड मामला

## सीबीआई जांच और परिजनों को छोड़ने की मांग को लेकर दो युवक मोबाइल टावर पर चढ़े

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** मूक बधिर बच्ची के हत्याकांड की सीबीआई जांच और परिजनों को छोड़ने की मांग को लेकर सोमवार दोपहर को दो युवक एमआई रोड स्थित मोबाइल टावर पर चढ़ गए। जानकारी मिलने पर सिविल डिफेंस और पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों युवकों से सम्पर्क करने का प्रयास किया। उन्हें नीचे उतरने को कहा। दोनों युवक अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं। वहीं मोबाइल टावर पर युवकों के चढ़े होने की सूचना मिलने पर विधायपुरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। युवकों को समझाने का प्रयास किया। अब तक की जानकारी में सामने आया है कि टावर पर चढ़ने वालों में एक तो मृतका के चाचा टीकाराम मीणा और दूसरा समाजसेवी कमल मीणा है। जहां समाजसेवी कमल मीणा ने एक वीडियो जारी कर कहा कि इस मामले को लेकर पिछले छह माह से दर-दर भटक रहे हैं। उन्हें न्याय नहीं मिला। जिसके चलते वह लोग यहां पर अपनी जीवन लीला समाप्त करने के लिए चढ़े हैं। सरकार से कई बार मांग कर चुके हैं कि हत्यारे बाहर घूम रहे हैं। उनके परिवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल में डाला हुआ है। इस मामले की सीबीआई जांच होनी चाहिए। गौरतलब है कि करौली जिले के हिंडौन में नौ मई को सुबह घर के बाहर खेल रही दस वर्षीय मूक बधिर बच्ची को घर से सौ मीटर दूर खेत में पेट्रोल डालकर जला दिया गया था। इसके बाद निर्वस्त्र बच्ची दौड़ती हुई अपने घर पहुंची थी। अपने ऊपर पानी डाल लिया था। बच्ची ने मां को इशारों में समझाने की कोशिश कि दो लोग पटरियों की तरफ भाग गए। आग से बच्ची बुरी तरह से झुलस चुकी थी।

घटना के बाद परिजन बच्ची को अस्पताल लेकर पहुंचे। बच्ची की नाजुक हालत को देखते हुए नौ मई को ही जयपुर एसएमएस अस्पताल रेफर कर दिया गया था। इसके बाद 14 मई को मूक बधिर एक्सपर्ट द्वारा बच्ची के बयान रिकॉर्ड किए गए। बीस मई को इलाज के दौरान मौत होने के बाद इक्कीस मई को पैतृक गांव में अंतिम संस्कार किया गया।

## सोशल मीडिया हथियार के साथ रॉबिनहुड पोस्ट और रील अपलोड करने वाला गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर ग्रामीण जिले की अमरसर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सोशल मीडिया (इंस्टाग्राम व फेसबुक) पर अवैध हथियार के साथ रोबिनहुड पोस्ट,स्टोरी,रील अपलोड कर आमजन में भय उत्पन्न करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल पुलिस आरोपी से अवैध हथियार के सम्बंध में जानकारी करने में जुटी है। जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा ने बताया कि जिले की अमरसर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सोशल मीडिया (इंस्टाग्राम व फेसबुक) पर अवैध हथियार के साथ रोबिनहुड पोस्ट,स्टोरी,रील अपलोड कर आमजन में भय उत्पन्न करने वाले दीपक बुनकर उर्फ डीके शूटर (19) निवासी शाहपुरा जिला जयपुर ग्रामीण हाल अमरसर जिला जयपुर ग्रामीण को गिरफ्तार किया गया है। थानाधिकारी (एसआई) रामावतार ने बताया कि पुलिस के अधिकारियों के नेतृत्व में सोशल मीडिया अकाउंट पर हथियार के साथ रॉबिनहुड पोस्ट कर आमजन में भय करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए एक पुलिस टीम का गठन किया गया और थाना क्षेत्र में असामाजिक तत्वों द्वारा सोशल मीडिया पर अवैध हथियारों के साथ डाली जा रही रॉबिनहुड पोस्टों के सम्बंध में आसूचना संकलन की गई तो सामने आया कि सोशल मीडिया इन्स्टाग्राम पर डीके शूटर -307 नामक यूजर अकाउंट व फेसबुक आईडी दीपक कुमार नामक अकाउंट से एक लडके द्वारा रोजाना अवैध हथियार एवं कारतूसों सहित रील व फोटो शेयर की जा रही हैं।

इस इंस्टाग्राम यूजर व फेसबुक यूजर के सम्बंध में सूचना संकलन व तकनीकी सहायता से जानकारी की तो दीपक बुनकर उर्फ डीके-शूटर द्वारा चलाना पाया गया। इस व्यक्ति द्वारा अवैध हथियारों के साथ रॉबिनहुड पोस्ट करना व अपने स्तर पर संगठित गिरोह तैयार कर संगठित अपराध के क्रियाकलापों में लिप्त होकर हिंसा की भावना से विधि विरूद्ध साधनों का प्रयोग कर उक्त व्यक्ति द्वारा असम्यक आर्थिक या अन्य लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से इस प्रकार सोशल मीडिया ऐप इंस्टाग्राम व फेसबुक पर पोस्ट अपलोड कर आमजन में भय और आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज कर पकडा गया। पुलिस आरोपी से पूछताछ करने में जुटी है।

## उत्तर पश्चिम रेलवे कर्मचारी संघ के पोस्टर का विमोचन हुआ

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** भारतीय मजदूर संघ से संबंध उत्तर पश्चिम रेलवे कर्मचारी संघ के पोस्टर का विमोचन भारतीय मजदूर संघ कार्यालय में श सी वी राजेश क्षेत्रीय संगठन मंत्री उत्तर पश्चिम क्षेत्र, हरिमोहन शर्मा, प्रदेश महामंत्री भारतीय मजदूर संघ, बी एल गंगवाल जोनल अध्यक्ष उत्तर पश्चिम रेलवे कर्मचारी संघ, विकास तिवारी प्रदेश मंत्री एवं प्रभारी रेलवे, प्रमोद चौधरी संभाग संगठन मंत्री सीकर संभाग, नरेंद्र मित्तल मंडल मंत्री जयपुर मंडल एवं समीर शर्मा संगठन मंत्री जयपुर मंडल के द्वारा किया गया। हरिमोहन शर्मा ने बताया कि इस बार उत्तर पश्चिम के रेलवे कर्मचारी संघ बहुत मजबूती के साथ रेलवे में चुनाव लड़ रहा है और हम सभी मिलकर कर्मचारी एवं रेलवे में जितनी भी समस्याएं व्याप्त हैं।

उन्हें दूर करने में पूर्ण सहयोग करते हुए उन्हें दूर करेंगे। हमारा उद्देश्य है कि जैसे रेलवे पहले था उसी तरीके से पुनः स्थापित हो इसके लिए हम सभी ईमानदारी से कार्य करेंगे। हम ओल्ड पेंशन स्कीम को लागू करने के लिए पूरी तरीके से प्रतिबद्ध हैं, इसे जल्द से जल्द लागू करने का पूरा प्रयास हमारा चल रहा है। गैंगमैन ट्रैकमैन इत्यादि सभी कर्मचारियों के लिए अधिक से अधिक सुविधाएं दिलाने का प्रयास हमारा रहेगा। इसके साथ ही रेलवे में सभी प्रकार के कर्मचारियों के लिए विभिन्न प्रकार की जितनी भी मांगे हैं उनका एक मांग पत्र हमने तैयार किया है, जिसे हम केंद्र सरकार को भेजेंगे एवं केंद्रीय स्तर पर इसकी लड़ाई लड़ेंगे।

## 'विश्व मधुमेह दिवस' पर जिले मे होगा विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन

## चिकित्सालयों मे होगा शूगर, हृदय रोग व उच्च रक्तचाप जांच कैम्पों का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर द्वितीय।** आगामी 14 नवम्बर को जिले में 'विश्व मधुमेह दिवस' का आयोजन किया जाएगा। इसमे विभिन्न जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से आमजन को मधुमेह रोग की जानकारी देने के साथ जागरुक किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्यअधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. हंसराज भदालिया ने बताया कि विश्वभर में आगामी 14 नवंबर को विश्व मधुमेह (डायबिटीज) दिवस मनाया जाता है। डायबिटीज को आधुनिक जीवनशैली की देन कहा जा सकता है। जीवन शैली में सुधार और नियमित दवाइयों का सेवन करके इसे नियंत्रित रख सकते हैं। विश्व मधुमेह दिवस पर जिले मे जिला चिकित्सालय, सेटेलाईट अस्पताल, उप जिला अस्पताल व समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (सीएचसी) में शूगर, हृदय रोग व उच्च रक्तचाप जांच कैम्पों का आयोजन किया जाएगा।

# चौथमल जी म. का 147 वां जन्म जयंती समारोह मनाया

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** हिरण मगरी से 4 स्थित श्रमण संघीय जैन दिवाकरिय महासाध्वी डॉ श्री संयमलता जी म.सा., डॉ श्री अमितप्रज्ञाजी म.सा., डॉ श्री कमलप्रज्ञाजी म.सा., श्री सौरभप्रज्ञाजी म.सा. आदि ठाणा 4 के पावन सानिध्य में आयोजित जगत वल्लभ जैन दिवाकर पूज्य श्री चौथमल जी म. का 147 वां जन्म जयंती समारोह भारत के कोने कोने से पधारे गुरु भक्तों के मध्य भारी उमंग उत्साह के साथ सानंद संपन्न हुआ।

मंगलाचरण के पश्चात दिवाकर चालीसा का सामूहिक गान हुआ। अपने प्रभावशाली उद्बोधन में महासाध्वी डॉ संयमलताजी ने कहा जब तक सूरज चांद रहेगा जैन दिवाकर का नाम रहेगा।जैन दिवाकर संयम और त्याग की प्रतिमूर्ति थे। जैन दिवाकर शक्ति के पुंज थे। अहिंसा, जीव दया, शाकाहार, सदाचार, व्यसनमुक्ति और एकता के क्षेत्र में जैन दिवाकर श्री चौथमलजी म.का नाम अमर रहेगा। जैन दिवाकर जी जहां जाते थे वहां मेला लग जाता था। आपके जीवन का अद्भुत संयोग रहा जन्म, दीक्षा,अंतिम प्रवचन, देवलोक गमन सभी शुक्ल पक्षीय रविवार को हुए। श्रमण संघ की एकता हेतु आचार्य पद को त्याग दिया। साध्वी संयमलता ने अपने प्रवचन के मध्य कहीं ऐसे चमत्कारिक प्रसंग सुनाए जिन्हें सुनकर जनता चकित रह गई। साध्वी अमितप्रज्ञा ने कहा जैन दिवाकर जी वक्ता के साथ तेजस्वी कवि भी थे। वाणी में अद्भुत माधुर्य और आकर्षण था। 32 आगमों के सारांश के रूप में आप श्री ने निग्रंथ प्रवचन ग्रंथ की रचना की। आप का सृजन नितांत मौलिक था। साध्वी कमलप्रज्ञा ने सुन्दर गीतिका के माध्यम से कहां की जैन दिवाकर जी ने सेवाभाव से सभी को अपना बनाया। कई अजैनों को भी जैन बनाया। जैन दिवाकरजी के पास राजा और रंक भी जाते थे। साध्वी सौरभप्रज्ञा ने जग घूमिया गुरु जैसा ना कोई गीतिका से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। निर्मला कर्णावट, आशा बाबेल ने जन्म जयंती के उपलक्ष में 8 उपवास की भेंट अर्पण की। चातुर्मास व्यवस्था समिति द्वारा अभिनन्दन किया गया।

उदयपुर सेक्टर 4 के ऐतिहासिक वर्षावास की वीडियो क्लिप द्वारा सुंदर झलकियां ने दर्शकों का मन मोह लिया। दिवाकर जयंती के संपूर्ण समारोह में जैन दिवाकर जी की प्राचीन चित्रकला प्रदर्शनी आकर्षण का विषय बनी रही। रतलाम श्री संघ ने महासाध्वी डॉ श्री संयमलताजी म.सा. के चरणो में आगामी वर्ष 2025 के वर्षावास हेतु भाव भरी विनंती रखी। समस्त गुरु भगवंतो की आज्ञा से, समस्त आगारो सहित महासाध्वी जी ने सहर्ष आज्ञा प्रदान की। जैन विश्व भारती इंस्टिट्यूट, लाडनूँ द्वारा साध्वी कमलप्रज्ञा को चार मूल आगम ग्रंथो में प्रतिपादित जीवन विज्ञान = एक दृष्टि विषय पर उनको पीएच.डी. उपाधि से अलंकृत किया गया।उपस्थित जन समूह में हर्ष हर्ष के जयकार गुंजित हो गएजग में चमके जैन दिवाकर के गगनभेदी जयनादो से विशाल प्रांगण गुंजायमान हो गया। समारोह में चेन्नई, बैंगलोर, घोडनदी, बारडोली, बुहारी, हैदराबाद,कोटा, सूरत, चितौड़, रतलाम, बदनोर, पुणे, पालघर, बोइसर, भिवंडी, कल्याण, अंधेरी, धारावी, खारघर,गोरेगाव आदि उदयपुर के अनेकों क्षेत्रों से प्रतिनिधि ने उपस्थित होकर समारोह का गौरव बढ़ाया। कार्यक्रम के पश्चात परम गुरु भक्त श्री पंकज पारसमलजी रांका परिवार द्वारा एक सोने की चेन एवं 10 रजत सिक्कों का लक्की ड्रॉ निकाला गया। गौतम प्रसादी का लाभ चातुर्मास वित्त मंत्री श्री अरुणजी बया परिवार ने लिया। समारोह का सफल संचालन महासती डॉ संयमलताजी म.सा. ने किया। चातुर्मास समिति के संयोजक श्री ललित लोढ़ा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया, आभार व्यक्त किया चातुर्मास समिति वित्त मंत्री अरुण बया ने किया।

# कानून का ज्ञान होना आज के समय में नितांत आवश्यक : डॉ व्यास

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और नेचर एनवायरमेंट एण्ड वाइल्डलाइफ सोसायटी, ताल छापर के संयुक्त तत्वावधान में ताल छापर में विधिक चेतना शिविर आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**चूरू ( नि.स. )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और नेचर एनवायरमेंट एण्ड वाइल्डलाइफ सोसायटी, ताल छापर के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को छापर नगर पालिका सभागार में विधिक चेतना शिविर आयोजित किया गया। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव डॉ शरद कुमार व्यास ने कहा कि आज के समय में कानून का ज्ञान होना नितांत आवश्यक है। व्यक्ति को कानून द्वारा प्रदत्त अपने अधिकारों को सही उपयोग में लेने के लिए विधिक जागरूकता आवश्यक है। प्राधिकरण द्वारा आयोजित किए जाने वाले जागरूकता शिविरों का मुख्य उद्देश्य हर व्यक्ति तक न्याय पहुंचाना है। यह तभी संभव है जब लोगों को अधिकतम भागीदारी रहेगी तथा उन्हें अपने अधिकारों की पूर्ण जानकारी होगी। उन्होंने बताया कि भारत के संविधान का अनुच्छेद 39-ए समाज के गरीब और कमजोर वर्गों को नि:शुल्क कानूनी सहायता प्रदान करता है। संविधान के अनुच्छेद 14 और 22 (1) में भी राज्य के लिए कानून के समक्ष समानता, सभी के लिए समान अवसर के आधार पर न्याय को बढ़ावा देने वाली कानूनी व्यवस्था सुनिश्चित करना अनिवार्य है। डॉ व्यास ने बताया कि वर्ष 1987 में संसद द्वारा कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम बनाया था, परन्तु अधिकारिक रूप से 09 नवंबर, 1995 को यह लागू हुआ तभी से 09 नवम्बर से 14 नवम्बर तक विधि चेतना सप्ताह मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि अन्याय से बड़ी कोई टीस नहीं होती जो भीतर ही भीतर चुभती हैं। कुंठाओं का शमन बहुत जरूरी है।

इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता सूर्य प्रकाश स्वामी ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किये जा रहे ऐसे शिविरों का लाभ आमजन को मिलता है, जो सबको न्याय प्रदान करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा हैं। इस अवसर पर अधिशाषी अधिकारी डॉ सहदेवदान चारण, रतनगढ़ नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष संतोष बाबू इंदौरिया ने भी विचार व्यक्त किए। नगर पालिका अध्यक्ष श्रवण कुमार माली ने आभार जताया। संचालन साहित्यकार डॉ घनश्याम नाथ कच्छावा ने किया। इस दौरान सेवानिवृत सीबीईओ कुलदीप व्यास, नानकराम तापड़िया, चंद्रप्रकाश पेडीवाल, सत्यनारायण स्वामी, पार्थ सोनी, प्यारेलाल, वंदना राठौड़, जितेंद्र तंवर, एडवोकेट ज्योति राठौड़, अन्नपूर्णा सुथार, नानूराम कुल्हाड़ियां, गोपाल सुथार, सत्यनारायण सारस्वत, बृजदान सामौर, गजानंद स्वामी आदि ने अतिथियों का स्वागत किया।

## जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने बिजली, पानी, चिकित्सा सहित आवश्यक सेवाओं की बैठक में दिए निर्देश

# विभागीय सेवाओं में किसी प्रकार की शिथिलता नहीं होगी बर्दाश्त : सुराणा

बढ़ता राजस्थान




**चूरू( सुरेश शर्मा )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सोमवार को डीओआईटी वीसी सभागार में वीसी के जरिए जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर बिजली, पानी, चिकित्सा सहित आवश्यक सेवाओं के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि सभी अधिकारी अपनी-अपनी विभागीय सेवाओं तथा विकास कार्यों को लेकर गंभीरता से काम करें और किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतें। दिए गए निर्देशों की समुचित पालना करें। विकास कार्यों और सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में जिला कलक्टर ने जिला मुख्यालय पर प्रस्तावित अग्रसेन नगर आरओबी निर्माण कार्य में विलंब को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए और कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुसार सभी प्रोजेक्ट समयबद्ध ढंग से शुरू होने चाहिए। सभी उपखंड अधिकारी व नगर निकाय अधिकारी अपने क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों की जांच करें तथा बिना कन्वर्जन के कॉलोनी विकसित किए जाने पर समुचित कार्यवाही करें। इसी के साथ सभी क्षेत्रों में गांरटी पीरियड में क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत करवाएं। सड़कों का निरीक्षण कर 15 दिवसों में दुरूस्त करवाएं ताकि आमजन को आवागमन में सहूलियत हो। उन्होंने कहा कि प्रत्येक महीने के दूसरे गुरुवार को उपखंड स्तर पर अटल जन सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में उपखंड स्तरीय अधिकारी 10 बजे से 4.30 बजे तक उपस्थित रहकर आमजन के अभाव-अभियोग सुनेंगे। इस दौरान जिला स्तरीय अधिकारी भी चक्रीय क्रम से मौजूद रहकर आमजन की समस्याएं सुनेंगे। प्रयास करें कि अधिक से अधिक लोगों की शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण हो। उन्होंने 14 नवंबर को प्रस्तावित उपखंड स्तरीय अटल जन सेवा शिविर के लिए समुचित निर्देश दिए। सुराणा ने सभी एसडीएम को फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर निर्देश देते हुए कहा कि विधानसभा क्षेत्र के जिन मतदान केन्द्रों पर एक भी आवेदन प्राप्त नहीं हुए हैं, उन मतदान केन्द्रों के सुपरवाइजर व बीएलओ को निर्देशित कर आवेदन प्राप्त करें तथा समयबद्ध ढंग से प्राप्त आवेदनों का निस्तारण करें। बहुत कम दूरी पर एक से अधिक पोलिंग लोकेशन हैं तो उन्हें एक ही पोलिंग स्टेशन में समायोजित करने की कार्यवाही करें। मतदान केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें। उन्होंने जिले के सरदारशहर में प्रस्तावित स्काउट गाइड मिनी जंबूरी को लेकर विस्तृत निर्देश दिए और सभी जिला स्तरीय अधिकारियों से चर्चा करते हुए निर्देश दिए कि सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों में समुचित कार्रवाई करते हुए यथाशीघ्र निस्तारण करें।

# एसवीपी इंग्लिश एकेडमी के विद्यार्थियों को कराया गौशाला का भ्रमण



बढ़ता राजस्थान

**सरदारशहर ( नि.स. )।** सोमवार को एसवीपी इंग्लिश एकेडमी के द्वारा विद्यार्थियों को गौशाला का भ्रमण कराया, जहां अध्यापकों व बच्चों ने गायों को गुड़, रोटी, केले आदि खिलाकर आनंद का अनुभव किया। एक साथ इतनी सारी गायों को देखकर बच्चे बहुत खुश हुए। गौशाला के पदाधिकारियों ने बच्चों को गौशाला से संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारियां दी। संस्था प्रभारी आलोक सिंह ने विभिन्न क्षेत्रों में गायों के सामाजिक, सांस्कृतिक व आर्थिक महत्व को समझाया एवं बताया कि बच्चों में गौ सेवा एवं भारतीय संस्कृति के अनुसरण के संस्कार विकसित करने की दिशा में यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है जिसके तहत बच्चों को गौशाला का भ्रमण करवा कर गायों के महत्व एवं उनकी उपयोगिता के बारे में बताया जाता है । गौ सेवक अरविंद चोटिया ने गौशाला भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया एवं व्यवस्था संबंधी विभिन्न जानकारियां दी। विद्यार्थियों के अनुशासन को देखकर गौशाला के पदाधिकारियों द्वारा विद्यालय स्टाफ सदस्यों की सराहना की गई।

# विधायक ने निर्माणाधीन 132 केवी जीएसएस निर्माण की धीमी गति पर जताई नाराजगी



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर /बयाना( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** विधायक डॉ ऋतु बनावत ने सोमवार शाम गांव सूपा में निर्माणाधीन 132 केवी जीएसएस निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निर्माण कार्य की धीमी गति पर विधायक ने नाराजगी जताई। उन्होंने मौके से ही डिस्कॉम पर ट्रांसमिशन विभाग के एसई एमएम सिंह से बात कर निर्माण कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। विधायक बनावत सोमवार शाम कार्यकर्ताओं के साथ जीएसएस निर्माण स्थल पर पहुंची। निर्मण की धीमी गति देख विधायक ने नाराजगी जताई और मौके से ही डिस्कॉम अफसरों से मोबाइल से बात की।

इस दौरान विधायक के साथ प्रीतम सिंह सूपा, गुर्जर नेता भूरा भगत, निरंजन सिंह सूपा आदि मौजूद रहे।

**इनका कहना है :** मानसून सीजन में इस बार भारी बारिश के कारण 132 केवी जीएसएस परिसर में जलभराव हो गया था। जिसके कारण कई दिनों तक निर्माण कार्य में रुकावट आई थी। निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदार को लेबर बढ़ाकर जल्द काम पूरा करने के निर्देश दिए हैं। संभवत जनवरी 2025 में निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा।

**एमएम सिंह, एसई,**
**डिस्कॉम ट्रांसमिशन भरतपुर**

# सूने मकान को निशान बनाने वाले दो शातिर नकबजन गिरफ्तार

## शहर भर के विभिन्न इलाकों में आधा दर्जन सूने मकान को बनाया निशाना

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** शास्त्री नगर थाना पुलिस ने सूने मकान को निशाना बनाकर नकबजनी करने वाले दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में दोनो नकबजनों ने शहरभर के विभिन्न इलाकों को करीब आधा दर्जन वारदातें करना कबूल किया है।

पुलिस उपायुक्त उत्तर राशि डोगरा ने बताए कि 1 नवंबर को थाना इलाके में रहने वाले परिवादी दिनेश कुमार कानोडिया ने मामला दर्ज कराया था कि 31 अक्टूबर की रात को अज्ञात नकबजन सूने मकान में घूसे और तीन मोबाइल फोन और दो हेमर मशीन चुराकर ले गए। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम का गठन किया। जिसके बाद विशेष टीम ने सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल की सीडीआर व तकनिकी सहायता के आधार पर शोयब उर्फ बाबू (24) पुत्र निशार अहमद, मेहनत नगर,सोडाला निवासी व इकरामुद्दीन (48) पुत्र इस्लामुद्दीन, राजीव नगर, हटवाडा, हसनपुरा निवासी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी का माल भी बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि शातिर नकबजनों ने शहरभर के विभिन्न इलाकों में करीब आधा दर्जन नकबजनी की वारदात को अंजाम दिया है।

# शमशान मुक्तिधाम में घंटों श्रमदान कर अग्रवाल परिवार ने दिया स्वच्छता संदेश

बढ़ता राजस्थान




**चौमहला ( नि.स. )।** झालावाड़ जिले के अग्रवाल समाज परिवार द्वारा कस्बे के मुक्तिधाम में सोमवार सुबह श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया है। समाज के अमित अग्रवाल ने बताया कि अग्रवाल समाज के लोगो द्वारा सोमवार सुबह परिसर में अव्यवस्थित कचरा प्लास्टिक पॉलीथिन व अन्य अंतिम संस्कार सामानों को एकत्रित कर व्यवस्थित किया व पूरे परिसर की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया है, साथ ही अन्य समाज वर्ग से भी अपील की है कि वह भी किसी कार्यक्रम आदि के तहत अंतिम धाम मुक्तिधाम में श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश देवे यही अंतिम सत्य है।

इस दौरान समाज के गोविंदराम अग्रवाल,नारायण लाल अग्रवाल,जयप्रकाश ऐरन,जगदीश अग्रवाल, गोपालकृष्ण अग्रवाल, सतीश ऐरन, शरद अग्रवाल, कृष्णकांत, दुर्गेश ऐरन,अरविंद अग्रवाल,कमलेश अग्रवाल, भगवती प्रसाद, अशोक ऐरन, हेमंत अग्रवाल,वीरेंद्र ऐरन,महेश बंसल, निखिल अग्रवाल,सोनू अग्रवाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा के आचार्य का किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर( नि.स. )।** जिला मुख्यालय के गांव नगला परशुराम में डॉ. गिरधारी लाल उपाध्याय एवं सुशीला देवी की ओर से आयोजित श्रीमद्भागवत सप्ताह कथा में विप्र फाउंडेशन की ओर से प्रदेश महामंत्री एवं कांग्रेस के शहर अध्यक्ष दयाचंद पचौरी की नेतृत्व में कथा के आचार्य नरेंद्र वशिष्ठ को साफा माला व भगवान श्री परशुराम का प्रतीक चिन्ह भेंटकर विप्र रत्न-सम्मान से सम्मानित किया गया।

प्रदेश महामंत्री दयाचंद पचौरी ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन से मन का शुद्धिकरण होता है इसे संसय दूर होते हैं और वांछित मनोकामनाओं की पूर्ति होती है मानव मात्र के पाप दूर हो जाते हैं इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को गृहस्थ जीवन में आध्यात्मिक व धार्मिक भावना को प्राथमिकता देनी चाहिए। स्वागत सम्मान के इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व बाल कल्याण समिति के पूर्व अध्यक्ष गंगाराम पाराशर, विप्र फाउंडेशन के संरक्षक नैमीचन्द मुद्गल, श्री परशुराम सेना के प्रदेशाध्यक्ष एवं मंत्रालयिक कर्मचारी संघ के पदाधिकारी नेत्रकमल मुद्गल, विप्र फाउंडेशन युवा के प्रदेशाध्यक्ष इंदुशेखर शर्मा, कांग्रेस कार्यकारिणी के महासचिव दीपक नोंह, विप्र फाउंडेशन के पदाधिकारी सुशील शर्मा पीर नगर, वाइस प्रिंसिपल बाबूलाल कटारा आदि अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।


# कार्यालय निदेशक, राजस्थान पुलिस अकादमी, नेहरू नगर, जयपुर

क्रमांक:-व-15(44)आरपीए / जन / मनुसदन / 2024/5609 दिनांक -7/11/24

**सीमीत निविदा**

राजस्थान पुलिस अकादमी में स्थित मनुसदन के कमरों का रिनोवेशन करवाने के लिए सामान क्रय किया जाना है, जिसकी अनुमानित लागत 01.65 लाख रूपयें है जिसके लिए मोहरबन्द बोलियाँ दिनांक 08.11.2024 प्रात: 11.00 बजे से 14.11.2024 को 01.00 बजे तक आंमत्रित की जाती है। उक्त बोली आमंत्रण सूचना राजस्थान सरकार के www.sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं विभागीय वेबसाइट www.rpa.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती हैं। उक्त बोली दिनांक 14.11.2024 को दोपहर 3.00 बजे खोली जावेगी।

संलग्न - बोली की शर्तें, वांछित तकनीकी योग्यता एवं वित्तीय प्रपत्र।

**NIB - RPA2425A0064**
**UBN - RPA2425WSRC00064**
**DIPR/C/11139/2024**

**सहायक निदेशक ( प्रशासन )**
**राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर।**

## सम्पादकीय

# राजनीति का गिरता स्तर!

भारत में राजनीति का स्तर जितना गिरता जा रहा है वह लोकतन्त्र के लिए बहुत ही चिन्ता की बात है। इसमें भी राजनीतिज्ञों की भाषा व सार्वजनिक विमर्श में जिस तरह की गिरावट आ रही है उससे लोकतन्त्र की वह भावना आहत होती है जिसमें परस्पर विरोधी विचारों के उन्मुक्त रूप से व्यक्त करने की संभावना सर्वदा समाहित रहती है। हम इसका मूल कारण ढूंढे तो हम पायेंगे कि राजनीति में जिस तरह सत्ता के लिए ही सिद्धान्तों को बलि चढ़ाया जा रहा है, यह सब उसी का परिणाम है। एक तरफ सत्ताधारी पार्टी भाजपा को केवल हर बात में हिन्दू-मुसलमान नजर आता है तो दूसरी तरफ विपक्षी दल को इसकी काट में जातिगत जनगणना नजर आती है। यह राजनीति का ऐसा सुविधापरक स्वरूप है जिसमें वैचारिक पक्ष स्वयं गौण हो जाता है। मगर इसकी शुरूआत भारत में क्यों हुई और कैसे हुई, यह जानना भी बहुत जरूरी है। देश में जब 1999 में स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में 24 दलों से भी ज्यादा की भाजपा नीत एनडीए सरकार गठित हुई तो वैचारिक व सैद्धान्तिक स्तर पर राजनैतिक दलों के तालमेल का कोई मतलब नहीं रह गया। इसका सबसे बड़ा उदाहरण था कि दक्षिण की द्रमुक पार्टी इस गठबन्धन का हिस्सा बनी और स्व. राम विलास पासवान भी इस एनडीए का हिस्सा बने। पासवान उत्तर भारत के ऐसे नेता थे जिन्होंने दलित संघर्ष व दलितोत्थान के नाम पर अपनी पार्टी लोकजनशक्ति पार्टी की नींव रखी थी। वह जीवनभर भाजपा व जनसंघ की नीतियों की आलोचना करते रहे मगर सत्ता के समीकरण बनते देख इस पार्टी के साथ आकर मिल गये। यही स्थिति दक्षिण की द्रमुक पार्टी की भी थी। यह पार्टी भी संघ व भाजपा की नीतियों व सिद्धान्तों की कट्टर आलोचक रही मगर सत्ता के लिए भाजपा से हाथ मिलाने को तैयार हो गई। शायद यही वजह थी कि जब 2001 के लगभग वाजपेयी सरकार में गृहमन्त्री श्री लाल कृष्ण अडवानी उत्तर-पूर्व के राज्यों के दौरे पर गये तो उन्होंने नागालैंड जाकर नारा दिया कि भारत में सत्ता के हिसाब से राजनैतिक गठबन्धन करने का दौर आ चुका है।

श्री अडवानी की यह पहल कामयाब हुई और इसके बाद ही उत्तर-पूर्व की कांग्रेस के समीप समझी जानी वाली पार्टियों ने भाजपा से हाथ मिलाना शुरू किया। परन्तु जब राजनीति सैद्धान्तिक पक्ष से गिरती है तो इसमें और भी बुराइयां आने लगती हैं जिनका मुजाहिरा आजकल हम देख रहे हैं। विपक्षी दल लगातार चिल्ला रहे हैं कि देश की जांच एजेंसियों ने सत्तारूढ़ पार्टी के साथ गठबन्धन कर लिया है और वे एन चुनाव के मौके पर विपक्षी नेताओं पर निशाने साधती हैं। इस सन्दर्भ में हमें महाराष्ट्र में हो रहे चुनावों का संज्ञान लेना पड़ेगा। इस राज्य के विपक्ष के सबसे बड़े नेता व राष्ट्रवादी कांग्रेस के अध्यक्ष श्री शरद पंवार ने कहा है कि उनके परिवार व निकट के लोगों पर जांच एजेंसियों ने जैसे धावा बोल रखा है। उनका कहना है कि केन्द्र सरकार जांच एजेंसियों का अपने राजनैतिक फायदे के लिए गलत इस्तेमाल कर रही है। श्री पंवार के अनुसार जब उनकी पुत्री व सांसद श्रीमती सुप्रिया सुले ने सरकार पर आक्रमण किया तो उनके पति को आयकर विभाग ने जांच के घेरे में ले लिया और मेरे भाई की पुत्री के घर छापों की शुरूआत हो गई। इसी प्रकार का वातावरण दूसरे चुनावी राज्य झारखंड में भी बना हुआ है।

# डोनाल्ड ट्रंप और चीन-पाकिस्तान की बढ़ती चिंता-बेचैनी

**पाकिस्तान पहले से ही परेशान, कर्ज में डूबा हुआ और महंगाई, बेरोजगारी से बुरी तरह त्रस्त रहा है शहबाज शरीफ सरकार के पास शासन चलाने के लिए पर्याप्त धनराशि भी नहीं हैद्य शरीफ के पास सरकार चलाने का पर्याप्त अनुभव भी नहीं हैद्य 1947 में स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद पाकिस्तान सरकार में 18 प्रधानमंत्रियों में से एक प्रधानमंत्री भी अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सका है ।करेला ऊपर से नीम चढ़ा पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने पाकिस्तानी सेना और शाहबाज शरीफ सरकार की नाक में दम कर रखा है। रावलपिंडी में इमरान खान पर गोली दागने से क्रोधित समर्थकों ने कई जगह सेना पर आक्रमण कर मेजर जनरल, गृहमंत्री राणा और प्रधानमंत्री के निवास को घेरकर तोड़फोड़ की है।**

संजीव ठाकुर



डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिकी 47वें राष्ट्रपति बनने के साथ ही पाकिस्तान की सरकार में मायूसी छा गई है । पाकिस्तान सरकार के विरोधी जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से डोनाल्ड ट्रंप के अच्छे रिश्तों के चलते पाकिस्तान सरकार घबराई हुई है। वैसे भी डोनाल्ड ट्रंप चीन के घोर विरोधी है और एशिया में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके अच्छे रिश्तो ने पाकिस्तानऔर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की बेचैनी को बढ़ा दिया है। डोनाल्ड ट्रंप चीन विरोधी होने के साथ-साथ पाकिस्तानी नीतियों को भी पसंद नहीं करते हैं। इसके अलावा वे बांग्लादेश के मोहम्मद यूनुस को भी बर्दाश्त नहीं करेंगे क्योंकि मोहम्मद यूनुस ने डोनाल्ड ट्रंप की खुलकर आलोचना की थी ऐसे में अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनते ही एशिया की नीतियों के प्रति उनका नजरिया स्पष्ट रूप से बदल जाएगा । पाकिस्तान नागरिक विद्रोह की आग में जल रहा है। यह इतिहास में पहली बार हुआ है कि पाकिस्तान में सेना और आम नागरिक आमने-सामने हैं। इमरान खान को कई केसों में जेल भेज कर सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर छोड़ना पड़ा, पर इमरान पूरी तरह से अभी छूटे नहीं हैद्य इमरान की गिरफ्तारी में उनके समर्थकों ने सड़क पर आकर जो तोड़फोड़ और सरकारी संपत्ति का नुकसान किया है उस घटना ने पाकिस्तान को 20 साल पीछे धकेल दिया हैद्य शहवाज शरीफ की सरकार बुरी तरह से घबराई हुई है और वहां के सेना के जनरल मुनीर मार्शल लॉ लगाने की तैयारी में हैद्य यह उल्लेखनीय है कि सेना के 6, 7 कमांडर इमरान खान के खुले समर्थक हैं इस स्थिति में मार्शल ला लगना भी संभावित नहीं दिखाई दे रहा है।

इमरान खान के समर्थक अब रावलपिंडी से इस्लामाबाद तक लोंग मार्च करेंगे और सेना तथा सरकार का खुलकर विरोध करने वाले हैं। 1947 से स्वतंत्रता के बाद यह पहली बार हुआ जब सेना के विरुद्ध पाकिस्तानी आवाम खुलकर विद्रोह करने पर आमादा है। ऐसा लगता है कि वहां सरकार तथा सेना के विरुद्ध आम नागरिकों का विद्रोह हो जाएगा। पहली बार सेना के जनरल मुनीर की की सेना आवाम से डरी दिखाई दे रही है, पाकिस्तान विद्रोह की ज्वालामुखी कर बैठा है कभी भी विस्फोटक स्थिति बन सकती है। यह तथ्य सार्वजनिक है कि पाकिस्तान चीन का सबसे बड़ा शागिर्द देश है। अमेरिका ने इसी के फल स्वरुप पाकिस्तान को सबसे संदिग्ध एवं खतरनाक आतंकवादी देश घोषित कर दिया है। इस बात से तिलमिलाकर शहबाज शरीफ चीन की यात्रा पर जाने वाले हैं वहां वह आपसी संबंधों को फिर से सुधारने तथा देश चलाने के लिए आर्थिक मदद की गुहार लगाने जाएंगे। पाकिस्तान की हालत बहुत ज्यादा खराब एवं पतली है। पाकिस्तान में रोजमर्रा के खर्चे के लिए पैसे नहीं है और उस पर इमरान खान लगातार सड़कों पर मार्च कर रहे हैं। उन्होंने रावलपिंडी से लेकर इस्लामाबाद तक आंदोलन कर दिया है। चीन ने पाकिस्तान को पूरी तरह से आर्थिक रूप से गुलाम बनाकर अपना शिकंजा कस लिया है। पाकिस्तान की सरकार चीन के रहमों करम पर पूरी तरह से पलती आ रही है। चीन पाकिस्तान को अरबों डॉलर का कर्जा देकर उसे अपने गुलाम की तरह बना कर रख दिया है। पाकिस्तान की हुकूमत भले ही चाइना की जी हुजूरी करती आ रही है और उसके हां में हां मिलाती हो पर पाकिस्तानी जनता को न तो चीनी भक्ति पसंद है, ना चीन की कोई उपभोक्ता वस्तु ही पसंद है। पाकिस्तान की आवाम देश में चीन की मौजूदगी और उसकी कई परियोजनाओं से बेहद परेशान होकर आंदोलन के जरिए सड़क पर आ गई है।इसका जमकर विरोध किया जा रहा है। चीन द्वारा संचालित बेल्ट एंड रोड परियोजना पाकिस्तान की आवाम को फूटी आंख नहीं भा रही है। हाल ही में चीन ने पाकिस्तान के महत्वपूर्ण इलाके ग्वादर में एक परियोजना चला कर वहां जगह जगह पर चेकिंग चौकियां स्थापित कर दी है, जिससे पाकिस्तान की जनता को अनावश्यक चेकिंग की परेशानी को झेलना पड़ रहा है। पाकिस्तान में ग्वादर के इलाके में जहां पर चौकियां स्थापित की गई हैं पानी, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं की भारी किल्लत हो गई और अवैध मछली पकड़ने से आजीविका पर खतरा आ गया है, जिस कारण आम जनता का जीना मुश्किल हो गया है, इसके विरोध में पाकिस्तान के दक्षिण पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत के तटीय शहर ग्वादर में कोर्ट रोड के हवाई चौक पर कुछ राजनीतिक दलों, नागरिक अधिकार कार्यकर्ताओं, मछुआरों और संबंधित नागरिक कार्यकर्ताओं द्वारा विगत 1 सप्ताह से विरोध प्रदर्शन जारी कर दिया गया है। पाकिस्तानी अखबार जंग के अनुसार प्रदर्शन अनावश्यक सुरक्षा चौकियों को हटाने, पीने के पानी और बिजली की उपलब्धता बढ़ाने मकरान तट पर मछली पकड़ने वाली नौकाओं को हटाने और पञ्जगुर से ग्वादर तक ईरान के साथ सीमा को फिर से खोलने की मांग कर रहे हैं। एक समाचार के अनुसार अधिकार रैली के प्रमुख मौलाना हिदायतउर रहमान ने बताया कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जाती तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि यहां के निवासियों के लिए यह अपमानजनक है कि चौकियों पर उन्हें जगह-जगह रोका जाए और उनके पते, ठिकानों के बारे में सख्ती से पूछताछ की जाए,यह चीनी हरकत किसी भी तरह बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आंदोलन को अनवरत जारी रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार क्षेत्र में रहने वाले स्थानीय लोगों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रही है वह इसमें टालमटोल कर रही है ऐसी चीजें ना काबिले बर्दाश्त है जिसे किसी भी हद तक सहन नहीं किया जाएगा। क्षेत्र के लोगों ने ग्वादर के लोगों की बुनियादी समस्याओं का हल नहीं निकलने के कारण सरकार की किरकिरी हो रही है। मूलतः चीन की बलूचिस्तान में उपस्थिति पाकिस्तान के आवाम की बड़ी बेइज्जती ही मानी जा रही है। वह किसी भी स्थिति में इस चीनी नियंत्रण को बर्दाश्त करने की मंशा नहीं रखते हैं। गौरतलब है कि चीन की कई परियोजनाएं पाकिस्तान में वहां की जनता के विरोध के बावजूद चल रही है । बलूचिस्तान के कई क्षेत्रों में पाकिस्तान की जनता और इमरान सरकार के नुमाइंदों के बीच खुलकर विरोधाभास दिखाई देने लगा है।

पाकिस्तान सरकार के हाथ चीन के खिलाफ कोई भी कार्रवाई करने से हाथ बंधे हुए हैं चीन का पाकिस्तान पर इतना ज्यादा कर्जा है कि पाकिस्तान एक तरह से चीन का आर्थिक गुलाम हो चुका है और वह कहीं से भी चीन का विरोध करने की स्थिति में नहीं है ऐसे में आम जनता शरीफ सरकार को बर्खास्त करने के लिए सड़क में उतरने की योजना बना रही है। यह तो विदित है पाकिस्तान मैं शरीफ सरकार के खिलाफ वहां का पूरा मीडिया विपक्षी दल एकजुट होकर शरीफ सरकार को अपदस्थ कर चुनाव कराने या नए प्रधानमंत्री की तलाश कर रहा है,यह पूरी संभावना बन रही है कि आने वाले समय में सरकार को अपदस्थ कर चुनाव की घोषणा की जाएगी। कुल मिलाकर सरकार के खिलाफ आवाम, मीडिया, विपक्षी दलों की विरोधी कार्रवाइयों के चलते पाकिस्तान की स्थिति बहुत ज्यादा नाजुक एवं खराब है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पाकिस्तान अलग-थलग पड़ गया है, केवल चीन ही उसके साथ है। ऐसी स्थिति में पाकिस्तानी सरकार का चलना नामुमकिन दिखाई दे रहा है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
किसी तरह का आर्थिक लाभ भी हो सकता है। हालांकि, स्वास्थ्य को लेकर उतार-चढ़ाव बना रहेगा। गृह एवं संतान सम्बंधी शुभ समाचार आप को मिलेंगे। पुराने और बचपन के दोस्तों से मुलाकात हो सकती है।

**वृष**
आज वाणी पर संयम रखें। स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। किसी उलझन में दिन गुजरेगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। आप नए काम का आरंभ कर सकेंगे।

**मिथुन**
व्यापार में किसी तरह का लाभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। पूंजी निवेश में सावधानी बरतें। धार्मिक काम के पीछे धन खर्च हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के विषय में संभलकर चलें।

**कर्क**
मित्रों का सहयोग भी आप को प्राप्त होगा। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। पारिवारिक शांति बनाए रखने के लिए निरर्थक वाद-विवाद न करें। धन और प्रतिष्ठा में हानि हो सकती है। आप की रचनात्मकता में सकारात्मक वृद्धि होगी। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है।

**सिंह**
मानसिक रूप से आप में भावुकता की मात्रा अधिक रहेगी। किसी बात को लेकर ज्यादा विचलित ना हों। अपनी कल्पनाशक्ति से साहित्य-सृजन में आप नवीनता ला पाएंगे। सुख-शांति बनी रहेगी। व्यवसाय में सफलता प्राप्त होगी।

**कन्या**
अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में रहेगा। आज आपकी नौकरी और व्यवसाय में रुचि बढ़ेगी। आज स्वास्थ्य का ध्यान रखें। साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा। संतान की चिंता आपको हो सकती है। स्नेहीजनों के साथ घनिष्ठता बढ़ेगी।

**तुला**
स्वभाव में उग्रता हो सकती है, इसलिए वाणी पर संयम रखें। दोपहर के बाद आप आप मनोरंजन की ओर ज्यादा बढ़ेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ प्रवास या पर्यटन का योग है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रह पाएंगे।

**वृश्चिक**
सुबह का समय दोस्तों के साथ घूमने-फिरने, खान-पान एवं मनोरंजन में बीत सकता है। पार्टनरशिप काम में ध्यान रखें। व्यापार में ज्यादा लाभ की उम्मीद नहीं है। दोपहर के बाद आप को प्रतिकूलता का सामना करना पड़ सकता है।

**धनु**
आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। व्यापार में लाभ का अवसर मिलेगा। आज आपको कार्यालय और व्यापार में थोड़ा संभलकर चलना होगा।

**मकर**
आज का आपका दिन लाभकारी है। पारिवारिक और प्रोफेशनल दोनों ही क्षेत्रों में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-परिवार में आनंद का वातावरण आप को खुश रखेगा। बहुत दिनों से अटके सरकारी कामों में सफलता मिलेगी।


**कुंभ**
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दोपहर के बाद पारिवारिक जीवन में हर्षोल्लास का वातावरण बना रहेगा। आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। पिता से आपको लाभ होगा। ज्योतिष और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी।

**मीन**
दवाई खरीदने या अस्पताल की फीस पर आकस्मिक खर्च हो सकता है। आज दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ हर काम को आसानी से बना पाएंगे। गृहस्थ जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। दोस्तों के साथ मुलाकात होगी।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान

नमस्कार मित्रों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं वीएल मैमोरियल पब्लिक स्कूल के निदेशक अजय लोचन माथुर सर। बहुत शांत व चिंतक प्रकृति के व्यक्तित्व हैं माथुर साब। इनका जन्म 09 जून 1963 को अलवर में हुआ। पिता नरेन्द्र कुमार माथुर जाने माने गणित के अध्यापक रहे इसलिए शिक्षा विरासत में ही मिल गई। कर्म पर विश्वास करने वाले, छात्रों के भविष्य के बारे में चिंतित और समाज को युवाओं के माध्यम से नए आयाम देने वाले बेहतरीन इंसान के रूप में माथुर सर को लोग जानते हैं। एमए, बीएड, एमबीए की डिग्री के बाद वीएलएम पब्लिक स्कूल सन 2002 में केवल 20 विद्यार्थियों एवं 4 कक्षा कक्ष के साथ प्रारंभ हुआ और आज इस विद्यालय में 1400 विद्यार्थी एवं 50 से अधिक कक्षा कक्ष है। यह विद्यालय शैक्षिक गुणवत्ता के लिये जाना जाता है। यहाँ श्रेष्ठ शिक्षा प्रदान की जाती है। इनेक विद्यार्थियों का आईआईटी, नीट, केवीपीवाई,एनडीए, सीए आदि प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं में चयन हो चुका है। विद्यालय में खेलकूद व सहशैक्षिक गतिविधियों पर पूरा ध्यान दिया जाता है। खेलए डिबेट आदि में विद्यार्थियों को अनेक पुरस्कार मिले है। अजय लोचन माथुर शिकागो (अमेरिका) आईसलैंड, कुवालालंपुर, इंग्लैंड, दुबई में अर्न्तराष्ट्रीय शैक्षिक सम्मेलनों में भाग ले चुके है। आपको शिक्षा के क्षेत्र में अनेक पुरस्कार प्राप्त हो चुके है। आप विद्यार्थियों व शिक्षकों की अनेक कार्यशाला ले चुके हो। आप अलवर जिले के सीबीएसई विद्यालयों के संगठन अलवर सहोदय कॉम्पलैक्स के अध्यक्ष रह चुके है। इसमें अलवर जिले के सीबीएसई विद्यालयों को एक मंच पर लाकर अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये थे। आपने अलवर शहर व अन्य स्थानों के सीबीएसई विद्यालयों में अनेक कार्यशालाओं एवं प्रतियोगी परीक्षाओं का आयोजन किये है। अजय लोचन जी की पत्नी प्रोफेसर डॉ. अनीता माथुर भूगोल विषय की पूर्व कॉलेज प्राध्यापक है। आप वीएलएम में शाम को गरीब बच्चों के लिये नि:शुल्क विद्यालय चलाती है। यहाँ पर पूरे समर्पित भाव से आर्थिक रूप से वंचित विद्यार्थियों के लिये शैक्षिक विकास के साथ सहशैक्षिक गतिविधियों की ट्रेनिंग दी जाती है। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम ऐसी शख्सियत के उज्जवल भविष्य की कामना करती है।



अजय लोचन माथुर
( डायरेक्टर वीएलएम स्कूल )

रूपक शर्मा

## खो गया भाई...

तस्वीर कहाँ की है और कब की है इसके चक्कर मे मत पड़ियेगा बल्कि तस्वीर का मर्म समझने का प्रयास कीजियेगा। स्कूल से आते समय बड़ा भाई साइकिल चला रहा है तो छोटा भाई पीछे बैठा नहीं है बल्कि निश्चिन्त होकर सो रहा है, कोई भय नहीं,कोई डर नहीं क्योंकि भाई पर इतना विश्वास है जितना शायद ईश्वर पर भी नहीं होगा। क्या नजर लगी इस महान रिश्ते को आज भी छोटे-बड़े भाई तो हैं पर ये भावपूर्ण युक्त साइकिल कब कचहरी पहुँच गई और जिस भाई पर इतना अटूट विश्वास था वही भाई अविश्वासी कैसे बन गया पता ही नहीं चला। मर्म को समझिए मित्रों और अपने उन दिनों को याद करो जब आप भी अपने भाई के साथ ऐसे ही जाते या छोटे भाई को लेकर आते थे। ऐसा क्या आसमान टूट पड़ा जो एक दूसरे के खून के प्यासे हो गए। जिस भाई के लिए जान न्यौछावर थी उसी की जान के दुश्मन बन बैठे। आखिर कुछ तो जिम्मेदारी होगी इस सभ्य से नजर आने वाले समाज की जिसने बनाया तो कुछ नहीं बल्कि बिगाड़ा ही बिगाड़ा है,और हम दोहरे चरित्र रख कर उसी सभ्य समाज की दुहाई देकर कि समाज क्या कहेगा का रोना रोते हैं। आज भाई भाई कोर्ट के मुहाने पर खड़े हुए हैं। भाई-भाई को देखकर खुश नहीं है तो आखिर ये चिंतन व मंथन का विषय ही तो है कि ऐसे विश्वास करने कराने वाले भाई आखिर ना जाने कहाँ खो गए हैं। ना जाने किस अंधी दौड़ में ना जाने कभी ना मिल पाने वाले वाली मंजिल की तलाश में ये भाई कहां गुम हो गए हैं।





रूपक शर्मा
बढ़ता राजस्थान, अलवर

## विशेष आलेख

### महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 20 नवंबर 2024 : संकल्प पत्र बनाम महाराष्ट्रनामा

# महाराष्ट्र में महायुती व महाविकास आघाड़ी के घोषणा पत्रों में जनता के लिए वादों की बरसात

किशन सनमुखदास भावनानीं



वैश्विक स्तरपर भारत दुनियाँ का सबसे बड़ा एक ऐसा लोकतंत्र है,जहां करीब करीब वर्ष भर चुनावी महापर्व लगा रहता है, चाहे लोकसभा विधानसभा स्थानीय निकाय चुनाव हो या फिर उपचुनाव जिसमें भारी आर्थिक लागत के बीच आचार संहिता भी! कुल मिलाकर बोझ जनता पर ही पड़ता है, इसीलिए भारत सरकार को कमेटी द्वारा दिए गए सुझाव एक भारत एक चुनाव को लागू करना समय की मांग है। अभी झारखंड में दो चरणों 13 व 20 तथा महाराष्ट्र में एक चरण 20 नवंबर 2024 को विधानसभा चुनाव है जिसमें झारखंड में 11 नवंबर 2024 को शाम चुनाव प्रचार थम गया है, परंतु महाराष्ट्र में चुनावी शाब्दिक बाणों की जंग बहुत तेजी से जोरदार तरीके से बढ़ती जा रही है ।पीएम से लेकर प्रदेशों केसीएम व गृहमंत्री के धड़ाधड़ दौर चालू हैं। मेरी पूरी नज़र मीडिया के माध्यम से महाराष्ट्र चुनाव पर लगी हुई है। एक ओर जहां यूपी सीएम व पीएम के नारों, बाटोगे तो कटोगे एक है तो नेक हैं,नें डेरा जमाए हुए हैं, तो दूसरी ओर उलेमा संगठन द्वारा लिखी 17 मांगों वाली चिट्ठी ने भी खलबली मचा दी है, तो वहीं यूपी सीएम पर वस्त्रास्त्र के बांण चलाए जा रहे हैं,तो ऐसा लग रहा है,मानों पूरे भारत के शाब्दिक बांण महाराष्ट्र में छोड़े गए हैं। हर पार्टी क़े शीर्ष नेता महाराष्ट्र दौरे पर है, मानो महाराष्ट्र जीता तो विश्व जीतें ।रविवार दिनांक 10 नवंबर 2024 का दिन जनता के ऊपर चुनावी वादों की बारिश का रहा, जिसपर दिन भर मेरी पूरी नज़र रही। महायुतीयांने भाजपा व महा आघाड़ी द्वारा घोषित चुनावी घोषणा पत्रों पर देर शाम से हो रही सोशल मीडिया व टीवी चैनलों पर डिबेट जो देररात तक होती रही, जिससे 17 मागों वाला चिट्ठी का मुद्दा दब गया और देररात तक मैं इस विषयपर रिसर्च कर यह आर्टिकल तैयार किया ।चूँकि महाराष्ट्र में महायुती व महाआघाड़ी के घोषणा पत्रों में जनता के लिए वादों की बरसात की गई इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकलके माध्यमसे चर्चा करेंगे महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 20 नवंबर 2024-संकल्पपत्र बनाम महाराष्ट्रनामा।

साथियों बात अगर हम 10 नवंबर 2024 को महायुती (भाजपा) व महाविकास आघाड़ी द्वारा जारी घोषणा पत्रों की करें तो,एमवीए और सत्तारूढ़ महायुति ने रविवार को आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 के लिए अपने घोषणापत्र जारी कर दिए ।घोषणापत्र सार्वजनिक किए जाने के समय दोनों गठबंधनों के दिग्गज नेता मौजूद रहे ।महायुति का घोषणापत्र केंद्रीय गृह मंत्री ने जारी किया, जबकि कांग्रेस अध्यक्ष ने गठबंधन के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में एमवीए घोषणापत्र जारी किया ।दोनों घोषणापत्रों में महाराष्ट्र के समाज के विभिन्न वर्गों को शामिल करने की कोशिश की गई है ।सत्तारूढ़ गठबंधन ने महिलाओं को 2100 रुपये प्रति माह देने का वादा किया है,महायुति ने 2027 तक 50 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का वादा भी किया है ।इसके अलावा गठबंधन ने रिवॉल्विंग फंड में 1000 करोड़ रुपये उपलब्ध कराने का वादा किया है। वहीं,एमवीए ने महिलाओं के लिए महालक्ष्मी योजना शुरू करने का वादा किया है, जिसके तहत महिलाओं को 3000 रुपये प्रति माह की वित्तीय सहायता दी जाएगी। इतना ही नहीं विपक्षी गठबंधन ने महिलाओं के लिए मुफ्त बस सेवा का भी वादा किया है ।महायुति ने राज्य के किसानों से 15 हजार रुपये तक का कर्ज माफ करने का वादा किया हैसत्तारूढ़ गठबंधन ने कृषि उपज पर न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 20 प्रतिशत सब्सिडी देने का भी वादा किया है ।इसने बिजली बिलों में कमी का भी वादा किया है ।दूसरी ओर विपक्षी गठबंधन ने समय पर अपना कर्ज चुकाने वाले किसानों को 50 हज़ार रुपये देने का वादा किया है। महायुति ने10 लाख छात्रों को 10 हजार रुपये का वजीफा देने का वादा किया गया है। महायुति ने कहा है कि वह उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए राज्य के प्रत्येक जिले में छत्रपति शिवाजी महाराज आकांक्षा केंद्र बनाएगी ।इसके अलावा महायुति ने राज्य में कौशल जनगणना कराने का भी वादा किया है ।उधर, एमवीए ने राज्य के हर एक छात्र को 4000 रुपये वजीफा देने की घोषणा करके युवाओं को आकर्षित करने की कोशिश की है ।राज्य में सत्तारूढ़ गठबंधन ने कहा है कि वह विवेकानंद युवा स्वास्थ्य कार्ड प्रदान करेगी और युवाओं के लिए वार्षिक स्वास्थ्य जांच की सुविधा प्रदान करेगी ।महायुति ने कहा है कि वह वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक आधार एनेबल सर्विस नीति शुरू करेगी, साथ ही उनके लिए डेडिकेटेड आउट-पेशेंट विभाग भी चलाएगी,वहीं, एमवीए ने राज्य में 25 लाख रुपये की हेल्थ इंश्योरेंस स्कीम शुरू करने का वादा किया है ।कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि यह योजना राजस्थान के पूर्व सीएम द्वारा अपने राज्य में शुरू की गई योजना के समान होगी ।गठबंधन ने मुफ्त दवाइयां उपलब्ध कराने का भी वादा किया ।महायुति ने कहा कि वह वरिष्ठ नागरिकों को दी जाने वाली पेंशन को 21,500 रुपये से बढ़ाकर 82,100 रुपये करेगी, जबकि एमवीए ने बुजुर्गों को पेंशन के मामले को विशेष रूप से संबोधित नहीं किया है ।सत्तारूढ़ गठबंधन ने अपने घोषणापत्र में जाति जनगणना का उल्लेख नहीं किया है और न ही इसके बारे में कोई वादा किया है, हालांकि, महायुति ने कहा है कि वह एससी, एसटी और ओबीसी कैटेगरी के लोगों को 15 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त कर्ज देगी ।वहीं, एमवीए ने घोषणा की है कि अगर वह सत्ता में आती है, तो वह राज्य में जाति जनगणना कराएगी और आरक्षण पर 50प्रतिशत की सीमा भी हटा देगी। साथियों बात अगर हम भाजपा द्वारा जारी संकल्प पत्र की प्रमुख घोषणाओं की करें तोबीजेपी के घोषणा पत्र की मुख्य बातें (1) लाडली बहनों को हर महीने 2100 रुपये दिए जाएंगे और प्रशिक्षण भी दिया जाएगा 25000 महिलाओं को पुलिस बल में शामिल किया जाएगा(2) किसानों की कर्जमाफी दी जाएगी (3) हर गरीब को भोजन और आश्रय दिया जाएगा (4) वृद्धावस्था पेंशन धारकों को 2100 रुपये दिए जाएंगे (5) महाराष्ट्र के सभी परिवारों को बाजार के उतार-चढ़ाव से बचाने के लिए राज्य में आवश्यक वस्तुओं की कीमतें स्थिर रखी जाएंगी (6) आने वाले समय में 25 लाख रोजगार सृजन और 10 लाख विद्यार्थियों को प्रति माह 10,000 रुपये का स्टाइपेंड दिया जाएगा (7) राज्य के ग्रामीण इलाकों के 45,000 गांवों में पंधान स्टेशन स्थापित किए जाएंगे (8) वित्तीय सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए आंगनवाड़ी और आशा सेवकों को प्रति माह 15,000 रुपये का वेतन और बीमा कवर प्रदान किया जाएगा (9) बिजली बिलों में 30त्न की कमी कर सौर और नवीकरणीय ऊर्जा पर जोर दिया जाएगा (10) सरकार बनने के 100 दिन के अंदर विजन महाराष्ट्रञ्च2029 पेश किया जाएगा (12) महाराष्ट्र को प्रौद्योगिकी, विनिर्माण और नवाचार के मामले में वैश्विक केंद्र बनाने के लिए कदम उठाए जाएंगे (13) व्यापक गतिविधियों के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

जिला बाल पीड़ित प्रतिकर सहायता समिति की बैठक

## बाल पीड़ितों के प्रार्थना पत्रों पर गंभीरता से विचार करें समीक्षा

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** समीक्षा गौतम, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर की अध्यक्षता में जिला बाल पीड़ित प्रतिकर सहायता समिति के पदेन सदस्यगण के साथ बैठक का आयोजन किया गया । बैठक में गौतम ने अधिकारियों को किशोर न्याय समिति, राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार वर्तमान में लंबित बाल पीड़ितों के प्रार्थना पत्रों के संबंध में विचार करने, साथ ही गत वर्षो के बाल पीड़ितों के मामलों के संबंध में दर्ज कराई गई एफ आईआर में पात्र बाल पीड़ितों को प्रतिकर दिलाने के संबंध में अनुशंसा कर इस कार्यालय को भिजवाए जाने हेतु निर्देशित किया! साथ ही किशोर न्याय बोर्ड द्वारा प्रेषित अनुशंसा प्रार्थना पत्रों पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर सवाई माधोपुर धारासिंह मीणा, अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक रामकुमार कासवा, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति सवाई माधोपुर श्वेता गर्ग उपस्थित रहे ।

## भौतिक सत्यापन से वंचित पेंशनर्स का 31 दिसंबर तक सत्यापन अनिवार्य

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा )।** जिले में कुल 1 लाख 66 हजार 319 पेंशनर्स सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनान्तर्गत पेंशन का लाभ प्राप्त कर रहे हैं तथा 32 हजार 437 पेंशनर्स ने भौतिक सत्यापन करवा लिया है। वहीं 1 लाख 33 हजार 882 पेंशनर्स का भौतिक सत्यापन होना शेष है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग उप निदेशक गौरीशंकर मीणा से बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में पेंशन ले रहे वृद्धजन, विधवा एवं विशेष योग्यजन व्यक्तियों को पेंशन सुचारू रखने के लिये 31 दिसम्बर, 2024 तक भौतिक सत्यापन करवाया जाना अनिवार्य है। भौतिक सत्यापन के अभाव में पेंशन राशि का भुगतान नही किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भौतिक सत्यापन से वंचित पेंशनर्स ई-मित्र कियोस्क, सेवा केन्द्र, ई मित्र प्लस, से अंगुली की छाप से बायोमैट्रिक सत्यापन करवा सकते है। इस साथ राजस्थान सोशल पेंशन एण्ड आधार फेस आरडी (राजएसएसपी) मोबाईल एप के माध्यम से घर बैठे भी स्वयं सत्यापन करवा सकते है।

## टोंक में सांसद उम्मेदाराम बैनीवाल का गर्मजोशी से स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (का.स.)।** शहर के वीर तेजाजी नगर कैप्टन कॉलोनी में सांसद उम्मेदाराम बैनीवाल का स्वागत किया गया। समाज सेवी सत्यनारायण जाट पराना ने सांसद का स्वागत वीर तेजाजी महाराज का दुप्पटा, माला और साफ़ा पहनाकर किया। सांसद उम्मेदाराम बैनीवाल ने अपने पारिवारिक सदस्य सत्यनारायण जाट पराना से कुशल मंगल जानी और उनके निवास पर पहुंचकर सम्मानित किया। इस अवसर पर राजस्थान नर्सिंग ऑफिसर यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष प्रदीप चौधरी ,महेंद्र चौधरी ,दलवीर चौधरी,पवन देवपुरा,राजराम,सरपंच देवाराम आसु ,रामवतार,केदार,मुकेश,तरुण सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में बैठक

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( नि.स. )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय सहित अधीनस्थ तालुकाओ पर स्थित न्यायालयो में दिनांक 14.12.2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में समीक्षा गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर की अध्यक्षता में एडीआर सेंटर सवाई माधोपुर में जिले के प्रशासनिक अधिकारियो के साथ बैठक का आयोजित की गई।

# चुनाव प्रचार थमा, प्रत्याशियों ने घर घर दस्तक देकर अपनी-अपनी चौसठ बिछाई, प्रशासन ने मतदान को लेकर तैयारियां की पूर्ण

बढ़ता राजस्थान

**उनियारा ( अजय जैन )।** देवली-उनियारा विधानसभा में 13 नवम्बर को होने वाले उपचुनाव मतदान को लेकर आज सोमवार को शाम 5 बजे से चुनाव प्रचार थम गया है। चुनाव मैदान में अपना भाग्य अजमारहे उम्मीदवारों ने मतदाताओ के घर-घर घर दस्तक देकर अपनी चौसठ बिछाना शुरू कर दी है। कांग्रेस प्रत्याशी के सी मीणा ने देवली क्षेत्र में जनसम्पर्क किया वही भाजपा के राजेन्द्र गुर्जर ने उनियारा क्षेत्र में रोड शो कर जनसम्पर्क किया। कांग्रेस के बागी निर्दलिए नरेश मीणा ने अपने समर्थकों के साथ अलीगढ सहित कई गांवों में मतदाताओ से जन सम्पर्क किया तथा अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। अलीगढ कस्बे में मुस्लिम समुदाय के लोगो ने निर्दलिए नरेश मीणा को साफा माला पहनाकर स्वागत किया तथा उनका समर्थन किया। भाजपा प्रत्याशी राजेन्द्र गुर्जर के समर्थन में कैबिनेट मंत्री कन्हैया लाल चोधरी, हीरा लाल नागर, विधायक ललित मीणा, विधायक जितेंद्र गोठवाल, विकास रघुवंशी, अनिल तिवारी, प्रभु लाल सैनी सहित दर्जनों नेताओ ने आने सेकड़ो कार्यकर्ताओ के साथ उनियारा देवली क्षेत्र में पड़ाव डाल रखा तथा एक एक बूथ पर मतदाताओ को मतदान करवाने के लिए रणनीति तैयार कर रहे है। वही कांग्रेस के के सी मीणा के समर्थन में सांसद हरीश चंद मीणा के निर्देशन में रणनीति तैयार कर कार्यकर्ताओं को अलग अलग जिम्मेदारी सौपी गई है।कांग्रेस के प्रदेश स्तरीय नेता अपने अपने समाज मे जाकर मतदाताओ को रिझाने का प्रयास में जुटे हुए है।

**3 लाख 2 हजार 743 मतदाता अपने मताधिकार उपयोग करेंगे :** विधानसभा क्षेत्र देवली-उनियारा में 3 लाख 2 हजार 743 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। इनमें 1 लाख 55 हजार 958 पुरुष, 1 लाख 46 हजार 784 महिला एवं एक ट्रांसजेंडर मतदाता अपना वोट डालेंगे। युवा, आदर्श, महिला, ईको फ्रेंडली एवं दिव्यांग मतदान केंद्र बनाए गए देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र में 10 आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए हैं। साथ ही, युवा, महिला एवं इको फ्रेंडली 8-8 एवं एक दिव्यांग मतदान केंद्र स्थापित किया गया है। वेबकास्टिंग के लिए 169 मतदान केंद्रों को चिन्हित किया गया है।

### विधानसभा उपचुनाव-2024 की सभी तैयारियां पूर्ण, मतदान दलों की रवानगी आज

विधानसभा उपचुनाव-2024 के लिए 13 नवंबर को होने वाले मतदान को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सौम्या झा ने राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मतदान दलों को दिये जाने वाले तृतीय प्रशिक्षण एवं मतदान केंद्रों पर रवानगी को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

मंगलवार, 12 नवंबर को प्रात: 7 बजे से विधानसभा क्षेत्र देवली-उनियारा के मतदान दलों को तृतीय प्रशिक्षण के उपरांत राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय टोंक से मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया जाएगा। तृतीय प्रशिक्षण के दौरान ईवीएम व अन्य आवश्यक मतदान से संबंधित सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। 13 नवंबर को 307 पोलिंग बूथों पर मतदान कराने के लिए 1472 मतदान कर्मियों को नियुक्त किया गया है।

# ऑनलाइन गेमिंग के सिलिब्रिटी द्वारा किए जा रहे विज्ञापनो पर रोक लगाने की मांग

मालपुरा के वरिष्ठ नागरिको ने युवाओ के भविष्य को ध्यान में रखकर प्रधानमंत्री के नाम लिखे ज्ञापन की प्रति तहसीलदार पवन कुमार को सौंपी

ऑनलाइन गेमिंग के विज्ञापनो में फंसकर युवा हो रहे है कर्जदार



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा शहर के वरिष्ठ नागरिको के प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री के नाम लिखे ज्ञापन की प्रति तहसीलदार पवन कुमार को सौंप कर देश की सेलिब्रिटी द्वारा ऑन लाइन गेमिंग के किए जा रहे विज्ञापनो पर रोक लगाने की मांग की है। सोमवार को शहर के वरिष्ठ नागरिक चन्द्रमोहन उपाध्याय, ज्ञानेन्द्र दत्त शर्मा, गोविन्द नारायण विजय बाबूजी, कवि आर.एल.दीपक, रामगोपाल कनोजिया, दिनेशकांत पाण्डेय, अमरचन्द मेन्दवासिया, बालूराम गुर्जर, चन्द्रप्रकाश शर्मा, चम्पालाल जैन सहित अन्य कई वरिष्ठ नागरिको के प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अवगत कराया गया कि देश की सेलिब्रिटी द्वारा ऑन लाइन गेमिंग की विज्ञापन की जा रही है। इन विज्ञापनो के चक्कर में फंस कर युवा पीढी अपना भविष्य बरबाद करने के साथ साथ अपने परिवार व स्वयं अपने को कर्जदार बना रही है। कई युवा करोड़ो का कर्जदार होने के बाद आत्महत्या जैसे कदम उठाने को मजबूर है। ज्ञापन में बताया गया कि युवाओं के कर्जदार होने के बाद इनके परिवार भी कर्जो को चुकाने की जुगत अपना सब कुछ बेच भी पूरा कर्ज चुकाने से वचिंत रहने के चलते परिवार भी बरबादी के कगार पर खड़े हैं। ज्ञापन में यह भी बताया कि सिने कलाकार, नामी खिलाड़ी सहित अन्य सेलिब्रिटी बिना सोचे समझे अपने नीजि स्वार्थो की पूर्ति के लिए ऑनलाइन गेमिंग के विज्ञापन करते रहते हैं। देश के कई युवा इन सेलिब्रिटीयो को अपना भविष्य मानने के चलते विज्ञापनो के चक्कर में पड़ जाते हैं। ऐसे कई उदाहरण भी सामने आए हैं जिनमें ऑनलाइन गेमिंग के विज्ञापनो में फंसकर युवा करोड़ो रूपयो के कर्ज बन अब इनसे बचाने की भीख मांगते नजर आते दिखाई दे रहे हैं। ज्ञापन में मांग करते हुए लिखा गया कि देश का भविष्य माने जाने वाले युवाओ के उज्जवल भविष्य को ध्यान में रखते हुए टीवी सहित अन्य मुख्य प्रचार साधनो पर समय समय पर आने वाले ऑन वाले ऑन लाइन गेमिंग के विज्ञापनो पर तुरन्त प्रभाव से रोक लगाई जावे। साथ ही कानून बनाकर देश व देश के युवाओं का भविष्य सुरक्षित करने की मांग की गई है।

## तारक मेहता सुलटा चश्मा नाटक का हुआ मंचन



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** गांधी पार्क के नजदीक स्थित गांधी पार्क के नजदीक स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर में प्रबन्ध कमेटी अग्रवाल समाज एवं सुन्दर विजय चातुर्मास समिति के संयुक्त तत्वावधान में आर्यिका विष्णुप्रभा माताजी एवं आर्यिका सुरम्य मती माताजी के पावन सानिंघ्य में चल रहे इन्द्र ध्वज महामंडल विधान में पूजा हुई। साथ ही बीति रात्रि संस्कार पाठशाला के बच्चो द्वारा तारक मेहता का सुलटा चश्मा नाटक का मंचन किया गया। प्रवक्ता विमल जैन कठमाना ने बताया कि सोमवार को अष्ठाहनिका महापर्व के उपलक्ष में ार्यिका विष्णुप्रभा माताजी एवं आर्यिका सुरम्य मती माताजी के पावन सानिंघ्य में चल रहे इन्द्र ध्वज महामंडल विधान में प्रतिष्ठाचार्य शैल दीदी व कनक दीदी के निर्देशन में भगवान की शांति धारा व अन्य पूजा हुई। पूजा के दौरान संगीतकार राहुल जैन द्वारा प्रस्तुत भजनो पर श्रद्धालु झमे।

वहीं बीति देर रात्रि पाठशाला के बच्चो द्वारा तारक मेंहता का सुलटा चश्मा नाटक का मंचन किया गया। जिसमें तारक मेहता का उलटर चश्मा सिरियल के जेठालाल, पत्रकार पोपटलाल, डॉक्टर हाथी दया बेन सहित अन्य पात्रो का रोल कर नाटक का आकर्षक मंचन किया गया।

## किरावल बांध की नहरे 21 नवम्बर को खोले जाने निर्णय



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** जल संसाधन विभाग के अधीन मालपुरा क्षैत्र के किरावल बांध की नहरो में 21 नवम्बर को पानी छोड़े जाने का निर्णय लिया गया है। सोमवार को किरावल ग्राम पंचायत के सेवा केन्द्र में जल संसाधन विभाग के अधिकारियो व जल वितरण कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जल संसाधन विभाग के सहायक अभियन्ता महिपाल, कनिष्ठ अभियन्ता जयदेव सिंह सोलंकी सहित अन्य विभागीय अधिकारी व कमेटी के सदस्य मौजुद रहे। कनिष्ठ अभियन्ता जयदेव सिंह सोलंकी ने बताया कि बैठक में विचार विमर्श एवं किरावल बांध के सिंचित क्षैत्र के किसानो की मांग को ध्यान में रखते हुए 21 नवम्बर को प्रात: 10.15 बजे बांधी की नहरो में सिंचाई के लिए पानी छोड़ा जाएगा।

बैंठक में विभागीय अधिकारियो ने अवगत कराया गया कि नहरो में पानी छोड़े जाने से पूर्व विभाग द्वारा बांध की नहरो की साफ सफाई व मरम्मत का कार्य पूर्ण करवा दिया जाएगा।

# भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र गुर्जर का देवली उपचुनाव के प्रचार में किया भव्य स्वागत

बढ़ता राजस्थान





**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** देवली उनियारा विधानसभा उपचुनाव के चलते यहां सोमवार को देवली ग्राम पंचायत के प्रताप नगर में सैकड़ो वासियों ने भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र गुर्जर को समर्थन देते हुए उनका भव्य स्वागत किया। भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र गुर्जर के साथ कार्यक्रम में पहुंचे प्रदेश कैबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी का भी कॉलोनी वासियों ने भव्य स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता भूपेंद्र कुमार रेगर ने जानकारी में बताया कि सोमवार की दोपहर को प्रताप नगर वासियों ने भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र गुर्जर का स्वागत कार्यक्रम रखा गया। इस स्वागत कार्यक्रम में भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र गुर्जर के साथ प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी भी प्रताप नगर नेकचाल रोड पहुंचे। इस मौके पर प्रताप नगर के सर्व समाज लोगों के द्वारा कैबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी और भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र गुर्जर को सैकड़ो समर्थक द्वारा मालाए पहनाई गई। और बारी-बारी साफे बंधवाए गए । तो वही समर्थन स्वागत कार्यक्रम में भाजपा प्रत्याशी पूर्व विधायक राजेंद्र गुर्जर को कॉलोनी वासियों ने सौ किलोग्राम केलो से भी तोला गया। इस मौके पर प्रताप नगर वासियों ने भाजपा प्रत्याशी गुर्जर को 21 मीटर का साफा बंधवाया। यहां कैबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी और भाजपा प्रत्याशी गुर्जर ने मौजूद सैकड़ो लोगों को संबोधित करते हुए क्षेत्र में विकास कार्य कराए जाने की भी बात कही। इस मौके पर भाजपा प्रत्याशी गुर्जर ने प्रताप नगर वासियों को आश्वासित किया कि अगर वह उपचुनाव में जीत कर विधानसभा पहुंचे तो सभी तरह की छोटी बड़ी समस्याओं से निजात दिलाने के लिए हमेशा प्रयासरत रहेंगे। भूपेंद्र कुमार ने यह भी बताया कि प्रताप नगर के सर्व समाज द्वारा रखे गए स्वागत कार्यक्रम में देवली पंचायत समिति की पूर्व प्रधान शकुंतला वर्मा ,नगर पालिका महिला पार्षद रोहिणी तेजी, देवली गांव वार्ड पंच धनराज प्रजापत ,नंदकिशोर रेगर, महामंत्री युवा मोर्चा देवली देहात अजय तेजी (सचिन) ,दिनेश तेजी ,सुरेश वर्मा ,तुलसी राम वर्मा ,रामगोपाल विजयवर्गीय, भाजपा पार्षद पति ललित तेजी, राजू सरकार, रज्ज़ाक मोहम्मद ,हाजू ख़ान, नानू ख़ान, निखिल तेजी, रमेश रैगर ,सुनील ठागरिया, पीयूष, तुषार, गर्व साहू सहित सैकड़ो भाजपा समर्थक उपस्थित रहे।

## जिला जेल का साप्ताहिक निरीक्षण किया



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं श्रीमान अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के निर्देशानुसार समीक्षा गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर ने जिला जेल का साप्ताहिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सचिव समीक्षा गौतम ने कार्यवाहक जेलर नरेश कुमार मीना से बंदियों की संख्या, प्रथम बार प्रवेश करने वाले बंदियों के नाम व पता, प्रिजन लीगल एड क्लीनिक द्वारा बंदीजन के संबंध में की गई कार्यवाही आदि के बारे में जानकारी ली। दौराने निरीक्षण कुल 78 बंदी पाए गए एवं बंदियों को प्रदान भोजन, पेयजल, चिकित्सा सुविधा आदि संतोषजनक पाई गई। शिकायत पेटी का अवलोकन करने पर कोई भी शिकायत नहीं होना पाया गया । इस अवसर पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल राधेश्याम जोगी, डॉक्टर उमेश कुमार एवं पीएलवी धनराज मीणा उपस्थित रहे।

# जल वितरण समिति की बैठक आयोजित, समस्त नहरों की साफ सफाई व मरम्मत कराएं : शुभम

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार मानसारोवर बांध, सूरवाल बांध एवं ढील बांध बौंली से रबी फसल वर्ष 2025 की सिंचाई के लिए जल वितरण समिति की बैठक जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

जिला कलक्टर ने उपथित सभी सदस्यों एवं काश्तकारों से चर्चा करते हुए समस्त नहरों की साफ-सफाई करवाने के निर्देश अधिशाषी अभियंता जल संसाधन अरूण शर्मा को दिए। साथ ही उन्होंने किसानों से अपने-अपने धोरों की पूर्ण रूप से साफ-सफाई व मरम्मत करने की बात कहीं ताकि पानी का पूर्ण सदुपयोग हो सकें। बैठक में जिला कलक्टर ने उपस्थित सभी सदस्यों एवं काश्तकारों से चर्चा कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि रबी फसल वर्ष 2025 की सिंचाई हेतु ढील बांध की नहर 15 नवंबर को प्रात: 11 बजे, सूरवाल बांध की नहर 20 नवंबर को प्रात: 11 बजे एवं मानसरोवर बांध की नहर 25 नवंबर को प्रात: 11 बजे खोली जाएगी। उन्होंने बताया कि आस पास के क्षेत्र का भू-जल स्तर बनाए रखने के लिए सूरवाल बांध में 8.5 फिट तक पानी आरक्षित रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि नहरों के संचालन में बाधा उत्पन्न करने या नहरों को क्षतिग्रस्त करने का कार्य करने वालों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर धारा सिंह मीणा, प्रधान मलारना डूंगर देवपाल मीणा, सदस्य सचिव जल वितरण समिति एवं अधिशाषी अभियंता जल संसाधन खण्ड अरूण शर्मा, एईएन पीएचईडी विशु शर्मा सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा नेताओं के पास झूठ बोलने के अलावा कोई आंकड़ा ही नहीं है : पूर्व केंद्रीय मंत्री

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह एवं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम ने जूली ने सोमवार को चुनाव प्रचार के अंतिम दिन रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी आर्यन जुबेर खान के समर्थन में सघन जनसंपर्क किया। उन्होंने कहा कि रामगढ़ विधायक दिवंगत जुबेर खान को श्रद्धांजलि देने का अब वक्त आ गया है। उन्होंने कहा कि उनके पुत्र और कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी आर्यन खान को आगामी 13 नवंबर को रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र का प्रत्येक मतदाता विधानसभा में भेजने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि पिछले 35 सालों से दिवंगत जुबेर खान ने रामगढ़ में जन सेवा की है जिसका परिणाम इस उपचुनाव में उनके पुत्र और कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी आर्यन खान को मिलना सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं के पास झूठ बोलने के अलावा कोई आंकड़ा ही नहीं है। उन्होंने कहा कि हमेशा जात-पात और धर्म के नाम पर राजनीति करने वाली भारतीय जनता पार्टी को इस बार रामगढ़ में करारी शिकस्त मिलेगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के राज में पानी बिजली जैसी मूलभूत समस्याओं से भी जनता त्रस्त हो गई है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की जनता के हितों पर कुठाराघात करने वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार को रामगढ़ सहित पूरे राजस्थान में सात विधानसभा में हो रहे उपचुनाव में हार का सामना करना पड़ेगा। जूली ने फिर एक बार ईआरसीपी के मुद्दे को उठाया।उन्होंने कहा कि ईआरसीपी के नाम का ढिंढोरा पीटने वाली पार्टी अब उनके अपनी ही नेता पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को भी राजनीतिक नहीं बल्कि इस मुद्दे पर भी साइड लाइन करने में लगी है जूली बोले डबल इंजन की सरकार की इस उपचुनाव में धुआं स्थानीय वोटर निकालेगा। जूली ने कहा कि रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव की लहर में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं का जोश देखते ही बन रहा है। इस अवसर पर एआईसीसी सचिव चिरंजीव राव, विजेंद्र महलावत, सतीश पटेल, बबली पंडित, जीएस नरूका, साजिद खान, नंदू, मांगीलाल बेरवा, बनवारी ,मुकेश जूली ,सुंदरलाल, भूपेश, कमल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# भक्ति भाव से संपन्न हुई 77वें वार्षिक निरंकारी संत समागम की तैयारियां

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आनंद के दिव्य स्वरुप 77 वें वार्षिक निरंकारी संत समागम का भव्य आयोजन 16 से 18 नवंबर को संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं आदरणीय निरंकारी राजापिता रमित जी की पावन छत्र छाया में होने जा रहा है नि:संदेह है इस दिव्य संत समागम में सभी संतो को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ज्ञान प्रेम और भक्ति का अनुपम संगम दृश्य मन होगा। इसी क्रम में अलवर जिला संयोजक सोमनाथ निरंकारी जी ने बताया कि विश्व भर के समस्त श्रद्धालुओं को प्रतिवर्ष इस भक्ति उत्सव की उत्सुकता पूर्वक प्रतीक्षा रहती है जिसमें विभिन्न संस्कृतियों एवं सभ्यताओं का अद्भुत संगम अपनी बहुरंगी छटा द्वारा अनेकता में एकता का अनुपम चित्रण प्रदर्शित करते हुए विश्व बंधुत्व की सरकार भावना को दर्शाता है इस पावन अवसर की तैयारियां पूर्ण समर्पण एवं सजकता के साथ श्रद्धालु भक्तों द्वारा निभाई जा रही है दिव्यता के इस अनुपम आयोजन में लाखों की संख्या में श्रद्धालु भक्त सम्मिलित होकर सतगुरु की दिव्य दर्शन और अमूल्य प्रवचनों का लाभ प्राप्त करेंगे। निरंकारी मिशन के सचिव जोगिंदर सुखीजा ने बताया कि समागम संबंधित सारी प्रबंध व्यवस्थाएं सद्गुरु के आशीर्वाद द्वारा आयोजित की जा रही है क्योंकि सतगुरु माता जी की सदैव यही इच्छा रहती है कि संत समागम में सम्मिलित होने वाले प्रत्येक श्रद्धालु भक्त को किसी प्रकार की कोई भी असुविधा न हो।

# बजट घोषणाओं को शीघ्र धरातल पर साकार करें : जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर (नि.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। जिसमें विभागवार बजट घोषणाओं की प्रगति एवं विभागीय कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई।

जिला कलक्टर ने कहा कि सभी विभाग बजट घोषणाओं की क्रियान्विति समय पर करते हुए सरकार की मंशानुरूप त्वरित कार्य पूरा करें। उन्होंने कहा कि जिन बजट घोषणा में

भूमि आवंटन की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है उनमें टेंडर प्रक्रिया को शीघ्र करते हुए धरातल पर कार्य शुरू करें। जिन कार्यों में विभागीय स्तर पर पद स्वीकृत किये जाने हैं अथवा संसाधनों की उपलब्धता की आवश्यकता हो उनके लिए विभागीय स्तर पर समन्वय कर शीघ्र कार्य पूर्ण करायें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बजट घोषणा की मॉनिटरिंग विभागीय स्तर पर करते हुए जिला स्तरीय अधिकारी व्यक्तिगत रूप से क्रियान्वयन के लिए जिम्मेदारी के साथ कार्य पूरा करायें। उन्होंने कर्मशिला में प्रस्तावित कार्यालयों एवं अन्य कार्यालयों के शिफ्टिंग के कार्य का तकमीना तैयार करने के निर्देश दिए। जिले में बजट घोषणाओं में स्वीकृत नवीन सड़कों, फ्लाईओवर, नवीन कार्यालयों के भवन आदि के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग को सम्बंधित विभागों से समन्वय कर शीघ्र निर्माण कार्य की प्रक्रिया करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्यटन महत्व के कार्यों, गोविन्द स्वामी, राजा खेमकरण, गोकुला जाट एवं कारिस देव पनोरमा के लिए शीघ्र प्रक्रिया पूरी करायें। जिला कलक्टर ने लोहागढ़ किला स्थित किशोरी महल में रखे राजस्व रिकॉर्ड को शीघ्र खाली करवाने तथा 1 दिसम्बर से आमजन के लिए अवलोकनार्थ शुरू करने के निर्देश दिए। शहर में सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने एवं लाडली योजना के तहत 125 कैमरे लगाने के कार्य में पुलिस एवं डीओआईटी को स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर में बनने वाले पिंक टॉयलेट के स्थान चिन्हित करने के साथ ही शीघ्र कार्य शुरू करायें जिससे आमजन को योजना का लाभ मिल सके। उन्होंनें कहा कि नगर निगम आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलायें, पशुओं को रोड़ किनारे बांधने वाले पशुपालकों के खिलाफ कार्यवाही करें। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग को घना गेट से सलूजा हॉस्पीटल तक मॉडल सड़क निर्माण के कार्य को गति के साथ पूरा करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्यवाही निरंतर जारी रखने, लार्वा की रोकथाम के लिए फॉगिंग जारी रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सचिव यूआईटी ऋषभ मण्डल, सीईओ जिला परिषद मृदुल सिंह, अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा, अतिरिक्त कलक्टर शहर राहुल सैनी, उपखण्ड अधिकारी भरतपुर राजीव शर्मा, अधीक्षण अभियंता विद्युत रामहेत मीना, जलदाय मनोहर सिंह, सार्वजनिक निर्माण विभाग रामअवतार कुमावत सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सफल ऑपरेशन पर चिकित्सक स्टॉफ को दी बधाई
## सर्जन और प्रमुख चिकित्सा अधिकारी का किया सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** उपजिला अस्पताल में महिला की गर्दन पर गांठ का सफल ऑपरेशन होने पर पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी भैंरूराम गुर्जर के नेतृत्व में चिकित्सकों का सम्मान किया गया। पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी भैंरूराम गुर्जर ने बताया कि मेरी पत्नी कमला देवी आयु 65 वर्ष गर्दन की गांठ के चलते काफ़ी परेशान थी।

मैंने उन्हें जयपुर ले जाने के लिए कहा तो एक स्थानीय चिकित्सक ने बताया कि बानसूर उपजिला अस्पताल में भी ऑपरेशन की सुविधा है। मैंने प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश यादव से संपर्क किया तो उन्होंने कहा कि हमारे चिकित्सालय में अच्छे चिकित्सकों की सुविधा उपलब्ध है।

गुर्जर ने बताया कि मैं मेरी पत्नी कमला देवी को बानसूर उपजिला अस्पताल लेकर आया। जहाँ डॉ ओमप्रकाश पलसानिया द्वारा मेरी पत्नी का सफल ऑपरेशन किया गया और गांठ को निकाल दी गई। अब मेरी पत्नी बिलकुल स्वस्थ है, इसलिए आज हमने प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश यादव,सर्जन डॉ ओमप्रकाश पलसानिया, निश्चेतक डॉ अरुण शर्मा,ऑपरेशन थिएटर इंचार्ज कृपालसिंह का माला साफा पहनाकर सम्मान किया है और उनका मुँह मीठा कराया है। उन्होंने बताया कि बानसूर उपजिला अस्पताल में जो अच्छी सेवाएं मिल रही हैं उसके लिए विधायक देवीसिंह शेखावत, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश यादव,सर्जन ओमप्रकाश पलसानिया, निश्चेतक डॉ अरुण शर्मा,कृपाल सिंह सहित पूरे स्टॉफ का धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। इस मौके पर डॉ ऋषिराज जोशी, कृपालसिंह, हेमन्त शर्मा, मनोज कुमार, सुभाष चन्द, भाजपा के योगेश सोनी, आईटी सैल के विजय कुमावत सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत किशोरपुरा में उपखंड अधिकारी एवं निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अनुराग हरित ने ली बैठक



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** उपखण्ड अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अनुराग हरित द्वारा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत किशोरपुरा में सभी बीएलओ, एएनएम, जीएनएम एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठक ली। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि आपको अधिक से अधिक महिलाओं को मतदाता सूची में जोड़ना है। उन्होंने कहा कि अब विवाह शादीयों का अवसर चल रहा है आप आने वाली महिलाओं को छोड़ना मत और जाने वाली महिलाओं को काटना मत।आप को यदि ऐसा लगे कि पुरुष जिन्दा है ही नहीं तो उसका नाम तुरन्त प्रभाव से काट देना। यदि कोई महिला यह कहे कि मेरा नाम तो जुडा ही नहीं उसे तुरन्त प्रभाव से जोड़ देना। यदि किसी को सामाजिक सुरक्षा पेंसन नहीं मिल रही है तो उसे उसका लाभ जरूर दिलाना। आपको अधिक से अधिक महिला मतदाताओं की संख्या में इजाफा करना है।

# पंचायती मंदिर में लड्डू गोपाल जी (शालिग्राम भगवान) की चढ़ी तीन दिन की लग्न, देवउठनी ग्यारस आज तुलसी जी के साथ पड़ेंगे सात फेरे



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/बयाना ( सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** कस्बे के अग्रवाल पंचायती मंदिर में देवउठनी एकादशी पर 12 नवंबर को तुलसी-ठाकुर जी का विवाह धूमधाम के साथ सम्पन्न होगा। पंचायती मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष बैजनाथ दमदमा ने बताया कि वधु पक्ष तुलसी जी की ओर से गांधी चौक निवासी सतीश अग्रवाल अपने परिजनों व परिचितों के साथ बैन्ड बाजों के साथ रविवार शाम मंदिर में ठाकुरजी की लग्न लेकर पहुंचे। लग्न में ठाकुरजी को कपड़े, मिठाई, बर्तन आदि बहुत सारा सामान लाया गया। जहां पंडित ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ लगन की रस्म कराई। ठाकुरजी का श्रृंगार कर वधु पक्ष द्वारा लाए गए चांदी के सिंहासन पर विराजमान कराया गया। महिला श्रद्धालुओं ने बधाई गीत गाए। मंदिर कमेटी ने लगन लाने वाले लोगों का स्वागत किया। 12 नवंबर की शाम बैंडबाजों के साथ ठाकुर जी की बारात प्रमुख मार्गो से होकर निकलेगी। तोरण मारने के बाद मंदिर परिसर में गोधूलि बेला में फेरों की रस्म होगी। इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष बैजनाथ दमदमा, अग्रसेन कॉलेज प्रबंध समिति अध्यक्ष विनय अग्रवाल, महंत गोविंद शुक्ला, सतीश, विशेष चंद, पूरन मित्तल, नत्थी गुप्ता,महंत सतीश तिवारी, निरंजन और समाज के कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# दिव्यांगजन पहचान शिविर कल

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय)।** वित्तीय वर्ष 2024-25 की उपमुख्यमंत्री महोदया द्वारा विशेष योग्यजन को संबल प्रदान करने की दृष्टि से दिव्यांगजन को 20 हजार रुपए तक के आर्टिफिशियल उपकरण उपलब्ध कराए जाने के क्रम में जिला कलेक्टर भरतपुर के निर्देशानुसार 13 नवंबर 2024 को पंचायत समिति भुसावर में दिव्यांगजन के लिए उपकरण उपलब्ध कराने हेतु पहचान/ परीक्षण / चिन्हीकारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पंचायत समिति भुसावर द्वारा कस्बे के अंबेडकर भवन रंधीरगढ़ रोड पर प्रात: 10 .00 बजे से 5 .00 बजे तक शिविर का आयोजन किया जाएगा । भुसावर उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा द्वारा शिविर को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से व्यवस्थाओं के सुचारू क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी है।

# बयाना में चोरों को आतंक : सूने मकान को बनाया निशाना, टीवी और लाखों रुपए के जेवरात चुराए, गांव गया हुआ था परिवार

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/बयाना ( सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** कस्बे के श्याम सरोवर कॉलोनी में शनिवार रात को चोरों ने एक ज्यूस सेंटर संचालक के सूने मकान को निशाना बनाया। इस दौरान चोर एक एलईडी टीवी और एक लाख रुपए कीमत के जेवरात चुराकर ले गए। सुबह जब मकान मालिक घर पहुंचा तो चोरी की घटना का पता चला। घटना को लेकर मकान मालिक ने मामला दर्ज कराया है।

थाना एसएचओ बाबूलाल गुर्जर ने बताया-श्याम सरोवर कॉलोनी में मंदिर के पास रहने वाले नरेंद्र कुमार ने मामला दर्ज कराया। जिसमें बताया-रविवार को वह परिवार सहित अपने पैतृक गांव ब्रह्मबाद गया हुआ था। इस दौरान पीछे से मकान सूना था।

इस दौरान बीती रात चोर उनके मकान का ताला तोड़कर 18 हजार रुपए कीमत की एलईडी टीवी, 50 हजार रुपए की सोने की अंगूठी, 50 हजार कीमत का सोने का मंगलसूत्र समेत ऊनी कपड़े चोरी करके ले गए। सोमवार सुबह करीब वह 9 बजे जब वह गांव से वापस घर आया तो ताले टूटे मिले और घर अंदर का सामान बिखरा हुआ था।

# लायंस क्लब की ऐतिहासिक प्रांतीय कैबिनेट मीटिंग में 648 सदस्यों की उपस्थिति

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर/भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** लायंस इंटरनेशनल के प्रांत 3233 ई 1 की द्वितीय कैबिनेट मीटिंग भरतपुर के एक होटल में आयोजित की गई इसमें ऐतिहासिक 648 सदस्य की उपस्थिति रही। लायंस क्लब भरतपुर ब्रज के आतिथ्य में यह मीटिंग आयोजित की गई। डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर एमजेएफ लायन ओ पी मंगल एवं क्लब अध्यक्ष सतीश मित्तल ने बताया कि कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि एलसीआईएफ एरिया लीडर लायन टीवी श्रवण कुमार, कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रांत पाल पीएमजेएफ सुनील अरोड़ा, विशिष्ट अतिथि सहप्रांत पाल द्वितीय एमजेएफ आशुतोष वशिष्ठ, मानव चंद्र गुप्ता , एमजेएफ अशोक ठाकुर, एमजेएफ सुनील गोयल, एमजेएफ जी एल भोजवानी, एमजेएफ अंजना जैन, रीजन 15 के रीजन चेयरपर्सन प्रवीण फौजदार एवं कार्यक्रम संयोजक पीएमजेएफ रामकुमार गुप्ता ने गणेश जी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। लायन मोनिका गुप्ता द्वारा ध्वज वंदना, शांति के लिए 2 मिनिट मौन एवं उसके उपरांत राष्ट्रगान हुआ। क्लब अध्यक्ष सतीश मित्तल, संयोजक रामकुमार गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष राकेश मित्तल, विनीत सिंह, विपिन गर्ग, मुकुल गोयल, योगेश गोयल, संजय गोयल, ओम प्रकाश गुप्ता के द्वारा सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। प्रांत पाल सुनील अरोड़ा ने इस ऐतिहासिक सफलता का श्रेय पूरे प्रांत के हर साथी को समर्पित करते हुए खचाखच भरे सभागार में सभी आगंतुकों एवं लायंस क्लब भरतपुर ब्रज का तहे दिल से आभार व्यक्त किया गया। प्रांतीय सचिव पीएमजेएफ के सी शर्मा द्वारा प्रांतीय रिपोर्ट, प्रशांत जैन द्वारा एक्टिविटी रिपोर्ट एवं प्रभु पाटिल द्वारा वित्तीय रिपोर्ट पेश की गई।

प्रांत के 18 रीजन चेयरपर्सन एवं जौन चेयर पर्सन ने अपनी सेवा कार्यक्रमों की रिपोर्ट प्रस्तुत की, प्रांत पाल सुनील अरोड़ा द्वारा सभी रीजन चेयर पर्सन को उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मानित किया गया । 648 उपस्थित डेलीगेट्स में फ्रीज, वाशिंग मशीन, एलईडी सहित 41 लकी ड्रॉ निकालकर भेंट किये गए । रीजन चेयरपर्सन एवं जोन चेयर पर्सन की ट्रेनिंग कराई गई । प्रांतीय कार्यकारिणी की मीटिंग में पहली बार क्लब पदाधिकारी सहित हर आम लायन को सहभागिता का मौका देने से हर लायन ने अपने आप को गौरवान्वित महसूस किया। कार्यक्रम में हैप्पी लायन हैप्पी जिला फिटनेस चैलेंज के विजेताओं को एवं जयपुर हवा महल द्वारा लायनवाद को इतिहास में पहली बार शुरू की गई पहल बिजनेस कनेक्ट के लिए न्यू इनीशिएटिव अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लायन जितेंद्र गोयल, मुनेश गुप्ता, शरद गुप्ता, गौरव फौजदार, कृष्ण भगवान गोयल, सुबोध आर्य ,राजेश्वर सिंह सहित भरतपुर के अन्य सभी क्लबों के पदाधिकारी एवं लायन साथी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में रंगारंग आतिशबाजी एवं रोशनी के साथ सभी के चेहरों पर खुशियां लिए सभी में बधाई ली। कार्यक्रम के संयोजक पीएमजेएफ रामकुमार गुप्ता द्वारा सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया गया ।

## जेईई-मेन -2025 : रफ़्तार धीमी, अब तक मात्र 5.10 लाख स्टूडेंट्स ने ही किया आवेदन

### ओबीसी एवं ईडब्लूएस कैटेगरी वाले स्टूडेंट्स को राहत नहीं, राहत नहीं मिली तो कैटेगरी बदलकर करने पड़ सकते हैं आवेदन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, ( का.स. )।** देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन के जनवरी सेशन की आवेदन प्रक्रिया जारी है। गत 14 दिनों में मात्र 5 लाख 10 हज़ार स्टूडेंट्स ने ही आवेदन किया है। आवेदन की अंतिम तिथि 22 नवम्बर तक है। गत वर्ष पहले सेशन के लिए 12 लाख 21 हज़ार से अधिक स्टूडेंट्स ने आवेदन किया था। कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया इस वर्ष आवेदन प्रक्रिया की गति बहुत धीमी है। हज़ारों स्टूडेंट्स आवेदन ही नहीं कर पा रहे हैं क्योकि इस वर्ष पहली बार जेईई-मेन आवेदन के दौरान ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस के स्टूडेंट्स केटेगरी सर्टिफिकेट आईडी एवं इश्यू डेट के साथ-साथ प्रमाण पत्र जारी करने वाले अधिकारी का नाम भी मांगा गया है। यदि कैटेगरी आवेदन में इन बाध्याताओं में राहत नहीं दी गई तो विद्यार्थी को मजबूरन कैटेगरी का होने के बावजुद सामान्य कैटेगरी से आवेदन करना होगा। सामान्यत: आईआईटी-एनआईटी में प्रवेश के समय वर्तमान वर्ष के 1 अप्रैल के बाद का ही ओबीसी ईडब्ल्यूएस कैटेगरी का सर्टिफिकेट ही मान्य होता है। ऐसे में इस सत्र में प्रवेश के लिए भी एक अप्रैल 2025 के बाद का सर्टिफिकेट मान्य होगा। इसे देखते हुए अभी आवेदन में मांगे गए ओबीसी एवं इडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट डिटेल केवल औपचारिकता मात्र ही है, क्योंकि इन सभी स्टूडेंट्स को काउंसलिंग के दौरान अपना नया सर्टिफिकेट बनवाना ही होगा। अत: एनटीएस को इन सब बातों को देखते हुए कैटेगरी सर्टिफिकेट डिटेल्स वाले कॉलम को ऑप्शनल करना चाहिए। ये जानकारियां दिए बिना आवेदन नहीं हो पा रहे हैं। ऐसे में ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस के स्टूडेंट्स बड़ी परेशानी में है। स्टूडेंट्स के सामने चेलेंज यह है कि उन्हें आवेदन से पूर्व अपना सर्टिफिकेट बनवाना ही होगा। अन्यथा बिना सर्टिफिकेट के आवेदन संभव नहीं होगा, जबकि गत वर्षों में स्टूडेंट्स को सिर्फ अपनी कैटेगिरी ही भरनी पड़ती थी।

## छात्रवृत्ति आवेदनों की कमियां पूरी कर 22 नवम्बर तक विभाग को भिजवाए

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, ( नि.स. )।** शैक्षणिक सत्र 2016-17 से 2022-23 में उत्तर मैट्रिक छात्रवृति योजनाओं यथा अनुसूचित जाति, अनु. जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (केवल शैक्षणिक सत्र 2022-23), आर्थिक पिछड़ा वर्ग एवं मुख्यमंत्री सर्वजन उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति के आवदेनों में आंशिक कमियाँ, आक्षेप, रैड फ्लैग होने के कारण विद्यार्थी या शिक्षण संस्थाओं द्वारा आक्षेप पूर्ति कर ऑनलाईन फारवर्ड नहीं किया गया है, ऐसे छात्रवृति आवेदनों को 22 नवम्बर तक विभाग स्तर पर भिजवा सकते हैं। संयुक्त निदेषक सविता कृष्णिया ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2016-17 से 2022-23 तक के लम्बित ऑनलाईन आवेदन पत्रों को भिजवाने के लिए अंतिम तिथि 22 नवम्बर निर्धारित की गई है।

## सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर के पदों पर भर्ती कैंप 13 नवम्बर से

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, ( का.स. )।** भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली एवं ग्लोबल इंडिया स्किल प्लेसमेंट के संयुक्त तत्वाधान में कोटा जिले के ग्रामीण एवं शहरी शिक्षित बेरोजगार अभ्यर्थियों को सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर के पदों पर भर्ती कैंप का आयोजन 13 नवम्बर से किया जाएगा। वरिष्ठ भर्ती अधिकारी बृजमोहन कर्णावत ने बताया कि ग्रामीण एवं शहरी शिक्षित बेरोजगार विद्यार्थियों को रोजगार प्रदान करने के लिए सिक्योरिटी स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा 13 नवम्बर को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कैथून, 14 नवम्बर को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खैराबाद, 15 नवम्बर को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुल्तानपुर, 16 नवम्बर को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सांगोद, 18 नवम्बर को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय इटावा, 19 नवम्बर को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामगंजमण्डी, 20 नवम्बर को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महावीर नगर प्रथम कोटा में 7 दिवसीय भर्ती कैंप का आयोजन किया जाएगा।

## उर्वरक विक्रेता का अनुज्ञा पत्र 15 दिवस के लिए निलम्बित

बढ़ता राजस्थान

**अंता/बारां ( शफीक मंसूरी )।** बारां संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) अतीश कुमार शर्मा ने बताया कि उर्वरक निरीक्षक राजकुमार मीणा एवं कृषि अधिकारी छबडा द्वारा निरीक्षण प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार मैसर्स राधिका कृषि सेवा केन्द्र मुसईगुजरान तहसील अटरू, फर्म द्वारा मूल्य सूची स्टॉक स्थिति प्रदर्शित करने का अभाव व प्रमाणित स्टॉक रजिस्टर संधारण का अभाव, निर्धारित प्रपत्र में बिल बुक संधारण का अभाव, भौतिक स्टॉक व पोस स्टोक के मिलान का अभाव सहित, बिना विभागीय कार्मिक की निगरानी के ही उर्वरकों का क्रय विक्रय करने पर फर्म को जारी उर्वरक अनुज्ञा पत्र को 15 दिवस के लिए निलंबित कर उर्वरक क्रय विक्रय पर रोक लगाई गई है। साथ ही जिले के 7 उर्वरक एवं बीज विक्रेताओं को बीज व उर्वरक वितरण में लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है तथा जिले के कृषि आदान विक्रेताओं को एक बार पुन: आगाह किया जाता है कि वह विभागीय निर्देशानुसार व विभागीय कार्मिक की उपस्थिति में ही उर्वरकों का वितरण करें तथा किसानो को अच्छी गुणवत्ता के ही कृषि आदान क्रय विक्रय करें। किसी भी प्रकार की शिकायत पाई जाने पर संबन्धित उर्वरक विक्रेताओं के खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## कारसेवकों के सम्मान मे किया रक्तदान




बढ़ता राजस्थान

**बूंदी, ( नि.स. )।** बूंदी के हिंडोली तहसील में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल प्रखंड हिण्डोली की ओर से हिण्डोली अस्पताल में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हिण्डोली कारसेवक रहे व कारसेवकों द्वारा श्रीराम दरबार चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर शिविर प्रारंभ किया। रक्तदान शिविर में 33 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। विक्रम सिंह हाड़ा ने बताया कि 1990 कार सेवा राम मंदिर आंदोलन में बलिदान हुए कार्यकर्ताओं की श्रद्धांजलि के रूप में बजरंग दल हर वर्ष रक्तदान शिविर लगाता है। इस दौरान रामेश्वर सैनी, जिला सेवा प्रमुख रामदेव मेघवंशी,प्रभु लाल सैन,बलराम नामा,विक्रम सिंह हाड़ा,सचिन बैरागी,दुष्यतं नामा, सूरज मेघवंशी,रितुराज गौड़,रिशी बैरागी,रामेश्वर सैनी सहित खण्ड व नगर के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पानी, बिजली, मौसमी बीमारियों संबंधी साप्ताहिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

# विभागों के बीच तालमेल को बेहतर बनाएं अधिकारी, ताकि कार्यों को गति देकर शीघ्र पूरा किया जा सके : जिला कलेक्टर

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी, ( नि.स. )।** पानी, बिजली एवं मौसमी बीमारियों की सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने निर्देश दिए कि अधिकारी विभिन्न विभागों के साथ बेहतर समन्वय बनाकर रखें, ताकि कार्यों को सुगमता के साथ गति देकर पूरा किया जा सके। जिला कलेक्टर ने विधायक व सांसद कोष से स्वीकृत कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जो कार्य पूर्ण हो चुके है, उनके उपयोगिता प्रमाण पत्र अविलंब भिजवाना सुनिश्चित किया जाए। इस कार्य में किसी भी स्तर से विलंब नहीं हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। इसके अलावा विभागीय भवनों के लिए भूमि आवंटन के प्रस्ताव बनाकर अतिशीघ्र भिजवाए जावे, ताकि समय पर भूमि का आवंटन किया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि अमृत 2 योजना में टंकी निर्माण के लिए जगह उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में किराए के भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र को खाली और अनुपयोगी सरकारी भवनों में शिफ्ट किया जाए। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्र में किराए के भवनों में संचालित केंद्रों की जिला परिषद तथा शहरी क्षेत्र के केन्द्रों की सूची नगर परिषद को भिजवाई जाए। उन्होंने मनरेगा एवं एमजेएसए के स्वीकृत कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि कार्यों को शीघ्र शुरू कराया जाए। बैठक में जिला कलेक्टर ने नगर परिषद आयुक्त को निर्देश दिए कि आगामी दिनो में बूंदी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसके दृष्टिगत शहर में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाया जाए। उन्होंने कृषि विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिले में डीएपी की उपलब्ध आदि की जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि वर्तमान में नहरों में जल प्रवाह किया जा रहा है, ऐसे में टेल क्षेत्र के किसानों के खेतों तक पानी की पहुंच हो। साथ ही अधिकारी किसानों से निरंतर वार्ता भी करते रहें, ताकि कोई परेशानी होने पर तुरंत उसका समाधान किया जा सके। बैठक में जिला कलेक्टर ने विद्युत व पेयजल आपूर्ति, मौसमी बीमारियों की रोकथाम, संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों के निस्तारण की स्थिति, पशुओं का टीकाकरण व नंदीशाला के आवेदनों की स्थिति, विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकास कार्यों की प्रगति आदि की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि वर्मा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. महावीर शर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओपी सामर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## एमनेस्टी योजना के तहत ग्राम डोलिया में खेत को किया कुर्क

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, ( का.स. )।** एमनेस्टी योजना के तहत सोमवार को आबकारी आयुक्त जोन कोटा नरेश मालव के निर्देशानुसार ग्राम डोलिया में कार्यवाही करते हुए एक खेत को कुर्क किया गया है।

जिला आबकारी अधिकारी भंवरलाल जनागल ने बताया कि ग्राम डोलिया तहसील लाडपुरा के राजेंद्र सिंह पुत्र हीरा सिंह के तीन खसरों की 1.52 हेक्टेयर भूमि में से बकायादार की हिस्सा भूमि को राजस्व पटवारी की उपस्थिति में कुर्क किया गया है। इससे पहले भी ग्राम कुराड तहसील कनवास के एक बकायादार की 2.43 हैक्टेयर जमीन को कुर्क किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि एमनेस्टी योजना के तहत बकायादारों को राज्य सरकार की ओर से काफी छूट दी गई है। इसमें वर्ष 2018 से पूर्व की मूल बकाया पर 75 प्रतिशत राशि तथा ब्याज माफ किया गया है। वर्ष 2018 से वर्ष 2022 तक के बकायादारों को मूल राशि का 50 प्रतिशत तथा ब्याज माफ किया गया है। वर्ष 2022 से मार्च 2024 तक बकायादारों को मूल राशि जमा कराये जाने पर ब्याज माफ किया गया है। विभाग बकायादारों की ट्रेस की गई चल अचल सम्पति को कुर्क कर तय समय तक बकाया जमा करवाने का मौका दिया गया है। नियत समय तक राशि जमा नहीं करवाने वाले बकायादारों की जमीन को खुली बोली से नीलाम किया जाएगा।

### ये हैं बकायादार

जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि जिले में गत वर्षों के 318 प्रकरणों में कुल 13011.22 लाख रुपए बकाया रही। इसमें वृत कोटा उत्तर में 83 प्रकरणों की बकाया राशि 2697.28 लाख रुपए, वृत कोटा दक्षिण के 156 प्रकरणों की बकाया राशि 8327.43 लाख रुपए व वृत रामगंजमंडी के 79 प्रकरणों की बकाया राशि 1986.51 लाख रुपए। जिले में 35 बकाया प्रकरणों में माननीय न्यायालय से स्थगन आदेश प्राप्त किया हुआ है जिसकी बकाया राशि 4111.58 लाख रुपए है। उन्होंने बताया कि इनमें से आबकारी विभाग ने 33 प्रकरणों की 35.74 लाख रुपए वसूली कर राजकोष में जमा करवा दिए गए हैं। जिले में 112 बकायादारों की चल-अचल (जमीन, वाहन, बैंक खाते) सम्पत्तियों को ट्रेस किया जा चुका है जिन में से 77 बकायादारों की सम्पत्तियों के कुर्की वारन्ट जारी किए जा चुके हैं।

## इंतजार की घड़ियां हुई समाप्त देव उठे भाग जागे, खिल उठे चेहरे, गूंजेगी शहनाइयां

### सज गये मेरिज हॉल, बजेगी शहनाइयां ग्राहकी से जूझ रहे व्यापारी अब होंगे बाजार गुलजार

बढ़ता राजस्थान

**अंता ( शफीक मंसूरी ) ।** मंगलवार को शादी-ब्याह कर घर बसाने वालों के लिए खुशखबरी है, कार्तिक शुक्ल एकादशी मंगलवार को देव उठेंगे ग्राहकी से जूझ रहे व्यापारियों की आस बंधी है । देव उठनी ग्यारस पर सभी मैरिज गार्डन सामुदायिक भवन शादी समारोह के लिए अग्रिम बुक हो गए हैं अब अबूझ सावे के चलते खरीदारी से बाजार गुलजार हो जायेंगे। व्यापार संघों के अनुसार कस्बे में देवउठनी एकादशी पर अच्छा खासा व्यापार होगा पैसा किसी न किसी रूप में बाजार में आऐगा , जिससे बाजार में रंगत बढ़ने लग जाएगी । कपड़ा व्यापारी रमेश पंजाबी, कुलदीप नामा, हारून मंसूरी, बताया कि इस माह अच्छे खासे लग्न है व्यापारियों की भरपाई अच्छी ग्राहकी होने का अनुमान है । देव उठनी पर व्यापारियों में आस जगी है बाजारों में रोनक दिखने लगी लेकिन मलमास के बाद जिनके यहां शादी होती है वह भी अपनी खरीदारी करना शुरू कर देते हैं इसलिए ऐसा माना जा रहा है कि व्यापार के मायने में अच्छी खबर है। शादी विवाह से जुड़े हलवाई टेंट बैंड बाजा सहित मैरिज गार्डन वालों में भी अब प्रसन्नता के भाव नजर आ रहे हैं । करीब 4 माह से बंद शहनाई आज से गूंजने लगेगी । बाजार में कपड़ा बर्तन ज्वेलरी की दुकानों पर खासी रौनक दिखाई दे रही है । देवशयन होने के बाद से वर्जित होने के कारण शादी -ब्याह, गृहप्रवेश, देव प्रतिष्ठा जैसे मांगलिक कार्य नहीं हो पाए थे। इन चार महीनों में सभी मांगलिक कार्यों के देवता भगवान विष्णु पाताल लोग में शयन के लिए चले गए थे। आज देवउठनी एकादशी को भगवान विष्णु के जागने कर पाताल से वापस विष्णु लोक में लौटने पर मांगलिक शुभ कार्य शुरू हो सकेंगे।आज कार्तिक मास की एकादशी है। इसे देवउठनी एकादशी के नाम से जाना जाता है। हिंदू धर्म में कार्तिक मास में पड़ने वाली एकादशी का विशेष महत्व है। क्योंकि इस दिन भगवान विष्णु पूरे चार मास की योगनिद्रा से जाग्रत हो जाते हैं। इसके साथ जगत के पालनहार के जागते ही 4 महीनों से रुके हुए सभी तरह के मांगलिक कार्य फिर से शुरू हो जाएंगे। मान्यता है कि सभी एकादशियों में सर्वश्रेष्ठ मानी जाने वाली इस एकादशी का व्रत करने वालों को स्वर्ग और बैकुंठ की प्राप्ति होती है। इस दिन भगवान विष्णु को विधि-विधान से जगा कर पूजा अर्चना की जाती है।



गन्ने दिखाता किसान

## श्रीमथुराधीश मंदिर पर देव प्रबोधिनी एकादशी आज, शुरु होगी प्रभु की शीतकालीन सेवा

बढ़ता राजस्थान



**कोटा, ( का.स. )।** शुद्धाद्वैत प्रथम पीठ श्रीबड़े मथुराधीश मंदिर पर देव प्रबोधिनी एकादशी मंगलवार को पाटनपोल स्थित मंदिर पर मनाई जाएगी। इस दौरान प्रभु की पुष्टिमार्गीय परंपरा के अनुसार श्रृंगार, राग और भोग की सेवा की जाएगी। प्रथम पीठ युवराज श्रीमिलन बावा ने बताया कि संध्या आरती के समय देव उठाए जाएंगे। इस दौरान श्रीठाकुरजी मंडप में विराजेंगे। जिसके बाद पूरी रात जागरण होगा। बुधवार को तड़के 2 बजे मंगला आरती और 5.30 बजे राजभोग के दर्शन होंगे।

मिलन बावा ने बताया कि प्रबोधिनी एकादशी से प्रभु के भोग और वस्त्र सेवा में बदलाव हो जाएगा। शीतकाल में प्रभु को सिंहासन पर रुई की गादी बिछाई जाएगी तथा रुई की ओढ़नी ओढाई जाएगी। वहीं गोपीवल्लभ भोग, केसर पेठा, जायफल, गन्ने का रस, बैंगन का भर्ता, रतालु, शकरकंद समेत अन्य राजभोग धराए जाते हैं। अंबर, हिना के सुगंधित इत्र भी धराए जाएगी तथा श्रीठाकुरजी के सम्मुख सिगड़ी रखना भी प्रारम्भ हो जाएगा। दूसरे दिन बुधवार द्वादशी को प्रथम गृह के आदि गृहाधीश्वर श्रीगिरधरजी का प्राकट्य उत्सव मनाया जाएगा। इस दिन श्रीठाकुरजी का भारी श्रृंगार किया जाएगा। वहीं बधाई गाई जाएगी। ठाकुरजी जी के सम्मुख गिरधरलाल जी की कुंडली का वाचन किया जाएगा। इस दौरान दोनों दिन प्रभु के दर्शनों के समय में भी बदलाव किया गया है।

## रामगढ़ में आ गया नया राजा

बढ़ता राजस्थान



**बून्दी ( अनन्त दाधीच )।** जिले के रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व में एक नर बाघ के रूप में नया राजा मिल गया है। सरिस्का टाइगर रिजर्व से टाइगर 2303 को रविवार शाम हरियाणा के झाबुआ के जंगलों से ट्रेंकुलाइज किया था जो सोमवार को सुबह जल्दी ही 5,30 बजे रामगढ़ बूंदी में शिफ्ट कर दिया ।

यह नर बाघ करीब तीन साल का युवा एवं काफी हृष्टपुष्ट बाघ है । उम्मीद है कि आने वाले समय में रामगढ़ में यह बाघ कुनबा बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा। पूर्व में रणथंभौर से खुद चलकर आया बाघ आरवीटी 1 है मौजूद ।अब हरियाणा के झाबुआ से एक और बाघ आने से टाइगर रिजर्व में दो नर, एक मादा व दो मादा बघिनि हो गई है। शीघ्र ही मादा बाघिन भी शिफ्ट होने की संभावना है। हाल ही में रामगढ़ में शिफ्ट किए गए बाघ को शॉफ्ट एनक्लोजर में रखा जाएगा।

**एक साल से टेरिटरी के लिए भटक रहा था बाघ :** रामगढ़ के फॉरेस्ट अधिकारी संजीव शर्मा ने बताया कि सरिस्का टाइगर रिजर्व का बाघ टी 2305 एक साल से टेरिटरी की तलाश में भटक रहा था। यह बाघ दो बार सरिस्का से बाहर निकल चुका था और वन विभाग के लिए इसकी मोनिटरिंग चुनोती बनी हुई थी। कई बार इसे ट्रेंकुलाइज करने के प्रयास किए गए लेकिन सफलता नहीं मिली। रविवार शाम करीब साढ़े छह बजे इसे ट्रेंकुलाइज किया गया है । ओर सोमवार को सुबह 5.30 बजे रामगढ़ में शिफ्ट कर दिया गया।

**बाघ के रेडियो कॉलर लगाकर भेजा है रामगढ़ :** बाघ को रामगढ़ विषधारी में शिफ्ट करने से पहले रेडियो कॉलर भी लगाया गया है जिससे रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व में इसका मूवमेंट ट्रैक किया जा सके । ताकि 15 अक्टूबर को अचानक आर वी टी 2 बाघिन का कंकाल रामगढ़ के जंगल में मिला था । भगिनी की 20 दिन पहले ही मौत हो चुकी थी जिसका रेडियो कॉलर खराब अवस्था में मिला था इसी बात को ध्यान में रखते हुए सोमवार को शिफ्ट किए गए बाघ एस टी 2303 को रेडियो कॉलर लगाकर रामगढ़ में छोड़ा गया है। जिससे वन प्रेमियों व पर्यटन प्रेमियों को काफी खुशी हे।

## चार दिवसीय भारत स्कॉउट गाइड शिविर का हुवा शुभारम्भ



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला ( नि.स. )।** झालावाड़ जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गंगधार में राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ डग के तत्वावधान में का चार दिवसीय शिविर का शुभारंभ हुआ । शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रमेश चंद्र वर्मा ने ध्वजारोहण करके किया । शिविर प्रभारी संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि इस शिविर में स्काउट गाइड को पायनियरिंग,प्राथमिक,चिकित्सा, खोज चिन्ह, मानचित्र दक्षता, सीपीआर की जानकारी ,अनुमान लगाना आदि क्रियाकलापों एवं सेवा कार्यों में पारंगत किया जाएगा।ध्वजारोहण कार्यक्रम में राहुल कुमार प्रधानाचार्य , कालूराम शर्मा प्रधानाचार्य ,नरेश कुमार मीणा ब्लॉक आरपी, स्काउट ट्रेनर नंदकिशोर,परवेज खान व प्रियंका,आदि उपस्थित रहे ।

## उच्च शिक्षा मंत्री के नाम प्राचार्य को दिया ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी, (नि.स.)।** प्रदेश के महाविद्यालयों के भगवाकरण के विरोध में सोमवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई की ओर से राजकीय महाविद्यालय बूंदी में प्रदर्शन कर प्राचार्य को उच्च शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। प्रदेशव्यापी कार्यक्रम के तहत राजस्थान एनएसयूआई के प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़ के निर्देश पर सोमवार दोपहर को छात्र नेता किशन नेखाड़ी के नेतृत्व में राजकीय महाविद्यालय में नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने के प्राचार्य को प्रदेश के सभी महाविद्यालय और विश्वविद्यालय के प्रवेश द्वार को भगवा रंग से रंगाई के आदेश के विरोध में उच्च शिक्षा मंत्री के नाम कॉलेज प्राचार्य को ज्ञापन दिया। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश सचिव आकाश चौधरी, बंटी चाड, भोजराज गुर्जर, शिवम् फागना, जय भाटी, रौनक कुमावत, उदय सोलंकी, लक्की चतरगंज,हरिफुल आदि उपस्थित रहे।

## धाकड़ समाज का द्वितीय सामूहिक विवाह सम्मेलन आज, विवाह स्थल पर सजा पांडाल

### नव दंपतियों को मिलेंगे उपहार, केन्द्रीय मंत्री शिवराज चौहान करेंगे शिरकत

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/बयाना ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** धाकड़ समाज बयाना की ओर से 12 नवंबर देवउठनी एकादशी पर समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में 32 जोड़े एक दूजे का हाथ थाम जिंदगी के हमसफ़र बनेंगे। धाकड़ समाज की कमेटी सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों में जुटी हुई है। विवाह स्थल बयाना कस्बे के सब्जी मंडी के पीछे स्थित ग्राउंड पर पांडाल सजना शुरू हो गए हैं। इसके साथ ही हलवाइयों की टीम भी शनिवार को विवाह स्थल पर पहुंच गई है और भोजन तैयार करने के लिए कच्ची सामग्री जुटाना शुरू कर दिया है। करीब 10 हजार लोगों के लिए भोजन तैयार कराया जाएगा। समिति से जुड़े सदस्य भी दिन-रात सम्मेलन की आवश्यक तैयारी में लगे हुए हैं। सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के अध्यक्ष सत्यभान सिंह धाकड़ ने बताया कि समिति की ओर से सभी नव विवाहित वर-वधुओं को गृहस्थी का आवश्यक सामान भी उपहार में दिया जाएगा।

दैनिक बढ़ता राजस्थान

# हर साल एक अक्टूबर से अगले साल जून तक चलती है चंबल सफारी, बजट नहीं होने का रोना रो रही नगर परिषद, मायूस लौट रहे...

## दिन बाद भी शुरू नहीं हुई चबल सफारी, एमपी में जा रहे पर्यटक

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** धौलपुर चंबल नदी में बोटिंग कर धौलपुर की अद्भुत प्राकृतिक खूबसूरती और दुर्लभ जलीय जीवों का दीदार करने की हसरत लेकर हर टूरिस्ट सीजन में बड़ी संख्या में चंबल सफारी की सैर करने आने वाले पर्यटक मायूस हैं। क्योंकि ट्यूरिस्ट सीजन शुरू होने के 40 दिन बाद भी राजस्थान सरकार की ओर से शुरू होने वाली चंबल सफारी शुरू नहीं हुई है। हर साल एक अक्टूबर से ट्यूरिज्म सीजन शुरू हो चुका है, जो जून माह तक चलता है। ऐसे में चंबल सफारी का आनंद उठाने के लिए जिले सहित अन्य राज्यों से भी पर्यटक आते है। लेकिन नगर परिषद की उदासीनता के कारण पर्यटकों को मायूस होते देखा जा रहा है वहीं कई पर्यटक एमपी सीमा में चंबल सफारी का लुत्फ उठा रहे हैं। जानकारी के अनुसार धौलपुर चंबल सफारी का क्रियान्वयन संयुक्त रूप से नगर परिषद और वन विभाग करता हैं। अब इसे विभागों की लापरवाही कहे या अधिकारियों की उदासीनता, जिसका खामियाजा देश-विदेश से चंबल सफारी का लुत्फ लेने आने वाले पर्यटकों को भुगतना पड़ रहा हैं। कहने को राजस्थान सरकार पर्यटन क्षेत्र को कमाई का एक बड़ा जरिया मानती हैं। लेकिन धौलपुर में सरकार की पर्यटन को बढ़ावा देने वाली योजनाओं को ही अधिकारी व्यर्थ का व्यय मानते हैं। धौलपुर चंबल सफारी शुरू नही होने के कारण पर्यटक बड़ी संख्या में मध्यप्रदेश का रूख कर रहे हैं। जहां मंहगी बोटिंग रेट के बावजूद पर्यटक चंबल नदी में नौका विहार करने का कोई मौका गंवाना नहीं चाहते। लेकिन कम लागत में ज्यादा कमाई होने की संभावना होने के बावजूद भी नगर परिषद 40 दिन से सिर्फ हाथ पर हाथ रखकर बैठी है और बजट नहीं होने का पुराना राग अलाप रही है।

**स्टीमर फांक रहे धूल...** चंबल सफारी के दौरान पर्यटकों को आरामदायक नौका विहार का अनुभव देने के लिए नगर परिषद ने पूर्व में लाखों रुपए की दो हाईटेक स्टीमर खरीदे थे। जिनके रखरखाव पर भी विभाग द्वारा कोई ध्यान नही दिया गया। जिसमें से एक स्टीमर चंबल नदी की तलहटी पर बदहाली के गोते खा रहा है, तो दूसरा स्टीमर सागरपाड़ा स्थित वन्यजीव विभाग के रेंज कार्यालय पर धूल फांक रहा हैं। बीते वित्तीय वर्षों में चंबल सफारी के कारण नगर परिषद को आर्थिक हानि झेलनी पड़ी थी। चंबल सफारी को लेकर आगामी बोर्ड बैठक में आम सहमति से निर्णय लिया जाएगा। अशोक शर्मा, आयुक्त नगर परिषद धौलपुर चंबल सफारी शुरू होने से नगर परिषद और वन विभाग को सीधे तौर पर आय प्राप्त होती हैं। जिसका समान हिस्सा दोनों विभागों को मिलता हैं। चंबल सफारी के क्रियान्वयन के लिए नगर परिषद के पास खुद की दो स्टीमर नाव हैं। जिसमे एक की क्षमता 10 पर्यटक और दूसरी छोटे स्टीमर की क्षमता 6 पर्यटकों की हैं।

अनुसार एक पर्यटक से नौका विहार के लिए लगभग 100 से 120 रुपए टिकट के रूप में वसूल होते हैं। जिसके एक चक्कर से लगभग 2 हजार रुपए की आय प्राप्त होती हैं। इस आय का हिस्सा नगर परिषद और वन विभाग को मिलता हैं।



लेकिन 40 दिन के बाद भी चंबल सफारी शुरू नही होने के कारण दोनों विभागों को लगभग 80 हजार रुपए के राजस्व का सीधा नुकसान हो चुका हैं। जिसकी ओर नगर परिषद का कोई ध्यान नही हैं।

# महिला एवं बाल विकास विभाग का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू

## 'पोषण भी पढ़ाई भी' थीम पर होगा काम

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी( नि.स. )।** महिला एवं बाल विकास विभाग राजस्थान द्वारा पोषण भी,पढ़ाई भी थीम पर आधारित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का एक तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सोमवार से शुरू किया गया है। इस प्रशिक्षण शिविर का मूल उद्देश्य पोषण एवं स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाना एवं शाला पूर्व शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना है। प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ करते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी अर्पित श्रीवास्तव में बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति के अनुरूप आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए मार्गदर्शिका इंद्रधनुष 2 विकसित की गई है।

जिसमें प्रारंभिक बाल्यावस्था में पोषण के साथ-साथ शाला पूर्व शिक्षा के महत्व पर जोर दिया गया है। इस प्रशिक्षण शिविर में सेक्टर कंचनपुर फर्स्ट,कंचनपुर सेकंड और खानपुर की कार्यकर्ताएं भाग ले रही हैं। जिनको कुशल ट्रेनों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए मास्टर ट्रेनर रेखा शर्मा और अनुराधा शर्मा को जिम्मेदारी दी गई है। तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के इस आयोजन में महिला पर्यवेक्षक अर्चना शर्मा,सुनीता शर्मा,लीला देवी गुर्जर और सीडीपीओ विभाग के अन्य कार्मिक मौजूद रहे।



# सावों का सीजन शुरू होने से मैरिज होम, ब्यूटीपार्लर, डेकोरेशन सहित बैंड बाजों की हो रही एडवांस बुकिंग

## देवउठनी एकादशी आज, जिले में 600 से अधिक शादियां होंगी, वैवाहिक सीजन में सभी बाजार हुए गुलजार

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी( राजू शर्मा )।** दिवाली में बम्पर बिक्री कर चुके व्यापारी अब शादियों के सीजन को लेकर उत्साहित हैं। पिछले एक माह से ही शादियों के लिए सामान की खरीदारी से बाजारों में रौनक छाई है। कपड़े, ज्वैलरी, फर्नीचर मार्केट में चहल-पहल बढ़ गई है। वधु और वर पक्ष की महिलाएं लहंगे, साड़ियां, जेवरात की खरीदारी कर रही हैं। वहीं, दूल्हा-दुल्हन के रिश्तेदार कार, इलेक्ट्रॉनिक्स वस्तुओं और स्पेशल गिफ्ट की खरीदारी करने में जुटे हैं। विवाह डेकोरेशन में काम आने वाले सामान के रेट बढ़े शादियों की शुरुआत होने पर मार्केट में फूलों की कीमत में दोगुनी बढ़ोत्तरी देखी जा रही हैं। आम दिनों में 20 रुपये में बिकने वाला गुलाब 50 रुपये और लिली फ्लावर की एक स्टिक की कीमत 350 रुपये तक पहुंच गई हैं। नीलेश ने बताया कि पहले जिस कार की डेकोरेशन मात्र 3500 रुपये में हो जाती थी। वह बढ़कर 4500 से 5 हजार रुपये हो गई है।



### ये हैं विवाह के शुभ मुहुर्त

वैवाहिक संस्कार संपन्न कराने वाले पंडित शर्मा का कहना है कि इस बार नवंबर में 12, 17, 22, 24 और 27 नवंबर विवाह के लिए शुभ मुहूर्त है। दिसंबर में 1, 9 और 10 दिसंबर को शुभ मुहूर्त है। इसके बाद मल मास शुरू होने से 15 जनवरी तक वैवाहिक कार्यक्रम रुक जाएंगे। इसके बाद जनवरी में 16, 18, 21, 22 और 23 जनवरी, फरवरी में 2, 6, 7, 8, 13, 14, 18, 20, 21 व 25 तारीख, मार्च में 1, 5 और 6 मार्च शादी-विवाह के लिए शुभ मुहूर्त है।

भास्कर न्यूज 7 धौलपुर त्योहारी सीजन खत्म होने के बाद अब बाजारों में वैवाहिक सीजन की रौनक दिखाई देने लगी हैं। जिसका इंतजार लोगों को पूरे 4 महीनों से था। 12 नवंबर को देवउठनी एकादशी पर अबूझ मुहूर्त के साथ शादियों का दौर शुरू होने जा रहा हैं। जो अगले साल 6 मार्च तक चलेगा। धौलपुर में देवउत्थान एकादशी के मुहूर्त पर लगभग 600 शादियां संपन्न होगी। जिसे लेकर मैरिज होम में 3 से 4 महीने पहले से एडवांस बुकिंग चल रही हैं।

विवाह के परिणय सूत्र में बंधने वाले दुल्हा-दुल्हन इस पल को यादगार बनाने के लिए अनेक प्रकार के नए तरीको को खोजने में जुटे हैं। जिससे उनका विवाह लोगों के जहन में सालों साल तक याद के तौर पर तरोताजा रहे। वही वैवाहिक सीजन के आगमन पर बाजार भी गुलजार दिखाई दे रहे हैं। बाजारों में ग्राहकों को देखकर व्यापारियों के चेहरे पर भी मुस्कान दिखाई दे रही हैं। वही मैरिज होम, ब्यूटीपार्लर, डेकोरेशन सहित बैंड और हलवाई की एडवांस बुकिंग चल रही हैं। वही विवाह संबंधी अन्य सामग्रियों की बुकिंग को लेकर बाजार में ग्राहकों की भीड़भाड़ दिखाई दे रही हैं।

## कोयला गांव के घर में घुसा मगरमच्छ, वन विभाग की टीम ने किया रेस्क्यू

# घर में आँगन में बैठे मगरमच्छ को देख मचा हड़कंप

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी( राजू शर्मा )।** उपखंड के रामसागर बांध किनारे कोयला गांव में सोमवार को एक घर में मगरमच्छ के घुसने से हड़कंप मच गया। घर की महिलाओं ने घर के आंगन में जब मगरमच्छ को देखा तो भी चिल्ला उठी। इसके बाद ग्रामीणों ने वन विभाग के टीम को सूचना दी। जिस पर धौलपुर रेंज और बाड़ी रेंज से वन कर्मियों की टीम गांव कोयला गांव पहुंची। जहां घर के आंगन में बैठे मगरमच्छ का करीब 1 घंटे की मशक्कत के बाद शैतान मगरमच्छ का रेस्क्यू किया गया है। इसके बाद मगरमच्छ को रामसागर बांध में छोड़ा गया है।

बाड़ी वन विभाग के रेंजर नकुल शर्मा ने बताया की क्षेत्र के कोयला गांव में महेंद्र पुत्र सिरमौर मीणा के घर में करीब 6 फीट लंबा आज सुबह आ गया। शायद मगरमच्छ विशिनगिर बाबा मंदिर के पास स्थित तालाब से गांव तक पहुचा और घर में घुस आया। घर की महिलाओं ने जब मगरमच्छ को आंगन में दीवार किनारे बैठे देखा तो वह घबरा गई और चिल्लाने लगी। जिसकी जानकारी जब ग्रामीणों को हुई तो ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम को सूचना दी। सूचना पर धौलपुर उपवन संरक्षक के निर्देश पर धौलपुर से राधाकृष्ण शर्मा,गोपाल परमार,महावीर शर्मा,गजेंद्र सिंह और बाड़ी रेंज के रविंद्र कुमार एवं रामवीर कोयला गांव पहुचे। जहां उन्होंने घर के अंदर बैठे मगरमच्छ को करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद ग्रामीणों के सहयोग से रेस्क्यू किया है। मगरमच्छ के मुंह को बांधकर रामसागर बांध लाया गया। जहां सुरक्षित स्थान पर छोड़ा गया है। मगरमच्छ काफी शैतान था जो रेस्क्यू के दौरान टीम को काफी देर तक छकाता रहा।

**तालाबों में हो रहा है पानी कम,मगरमच्छ कर रहे हैं गांव कीओर रुख :** कोयला गांव निवासी शाहरुख खान, पप्पू राम,दीनदयाल, रामसिंह आदि ने बताया कि इस बार अच्छी बारिश से ग्रामीण क्षेत्र के आसपास के तालाब लबालब हो गए थे। अब रवि की फसल की सिंचाई को लेकर खेतों में पानी इंजन से किसानों द्वारा लिया जा रहा है। ऐसे में तालाबों का पानी कम हो रहा है। जिसके चलते तालाबों में मौजूद मगरमच्छ अब ग्रामीण क्षेत्र की ओर रुख कर रहे हैं। इसके लिए वन विभाग और चंबल घड़ियाल रेंज के अधिकारियों को जलीय जीवों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचना चाहिए। अन्यथा कोई भी बड़ी घटना हो सकती है।



# बच्चों को निमोनिया से बचाने हेतु आज से शुरू हो रहा है सांस अभियान

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( नि.स. )।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से 0 से 5 साल तक के बच्चों में निमोनिया व उससे होने वाली जटिलता के लिए जागरूक करने के लिए सांस अभियान का आयोजन किया जा रहा है। अभियान का आयोजन वर्ल्ड निमोनिया डे 12 नवंबर से शुरू होकर 28 फरवरी तक किया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जयन्ती लाल मीणा ने बताया कि सांस अभियान के अंतर्गत 5 वर्ष तक की आयुवर्ग के सभी बच्चों की निमोनिया हेतु स्क्रीनिंग, चिकित्सा अधिकारियों व नर्सिंग अधिकारियों को निमोनिया स्किल लैब प्रशिक्षण, चिकित्सा संस्थानों पर प्रचार सामग्री प्रदर्शन, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता, निमोनिया के लक्षणों की पहचान व प्रबंधन हेतु आमुखीकरण किया जाएगा। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शिवकुमार शर्मा ने बताया कि अभियान की इस वर्ष की थीम 卐निमोनिया नहीं तो बचपन सही 卐रखी गई है। उन्होंने बताया कि अभियान के मुख्य घटक पीपीटी यानि प्रिवेंट, प्रोटेक्ट व ट्रीट रणनीति को अपनाते हुए पेंटावेलेंट व पीसीवी वैक्सीन के तीनों डोज लगाना सुनिश्चित किया जाएगा।

साथ ही पीएचसी, सीएचसी व जिला अस्पतालों में निमोनिया से ग्रसित बच्चों के लिए बेड रिजर्व रखे जा रहे हैं। निमोनिया व गंभीर निमोनिया का प्रोटोकॉल अनुरूप उपचार उपलब्ध करवाया जा रहा है। साथ ही समुदाय स्तर पर आशाओं द्वारा नियमित भ्रमण कर बच्चों में निमोनिया के लक्षणों, खांसी, बलगम, तेज सांस, पसलियां चलना व सांस लेने में परेशानी होना आदि लक्षणों के आधार पर पहवान की जाएगी साथ ही रैफर भी किया जाएगा।

# प्राणी मात्र से प्रेम का व्यवहार रखें : श्री हरि चैतन्य महाप्रभु

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर/कामां( यतेन्द्र गुलपाडिया )।** तीर्थराज विमल कुण्ड स्थित श्री हरि कृपा आश्रम के संस्थापक एंव श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर व विश्व विख्यात संत स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहाँ श्री हरि कृपा आश्रम में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि परिवार, स्वसमाज और स्वराष्ट्र के उस पार दृष्टिक्षेप करके हम अखिल मानव-जाति तथा प्राणी मात्र से प्रेम का व्यवहार करें। विश्व-बंधुत्व का उदात्त भाव रखें । तथा सभी के साथ मैत्री करें। प्राणी मात्र के प्रति हम मित्र भाव से ही देखें और हमारे मन से सभी अपवित्र विचार श्रृंखला नष्ट हो जाए, हमारे मन में किसी के भी विषय में शत्रु भाव न हो, कोई बड़ा हो अथवा छोटा हो हमारा स्नेह भाव उन पर सदा हो। सत्य वचन और मृदु भाषा पर अत्यधिक बल दिया है । सत्य जीवन का वह अकाट्य धर्म है जिसने मनुष्य को सामाजिक तथा व्यवहारिक जीवन में प्रतिष्ठा प्रदान किए । साथ ही परलोक का मार्ग भी प्रशस्त किया है । विजय सत्य की होती है असत्य की नहीं । उन्होंने कहा कि पृथ्वी में धारण करने की क्षमता सत्य से ही आती है?, सत्य के कारण ही सूर्य तपता है। सत्य के बल पर ही वायु का संचरण होता है तथा सर्वस्व की प्रतिष्ठा सत्य में ही है। गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी कहा है कि धरम न दूसर सत्य समाना। आगम निगम पुराण बखाना।

# बिना मान्यता के चल रहे कई निजी स्कूल जिले में राइट टू एजुकेशन की नहीं हो रही है पालना, बंद हो बिना मान्यता स्कूल

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** सैंपऊ क्षेत्र में बिना मान्यता के कई निजी हिंदी एवं अंग्रेजी मीडियम स्कूल जिला प्रशासन के सख्त आदेशों के बावजूद नियम विरुद्ध बेरोकटोक संचालित हो रहे हैं। कई स्कूल संचालक वर्षों से आठवीं की मान्यता होने के बाद भी 10वीं और 12वीं तक की कक्षाएं चला रहे हैं, तो कई स्कूल छप्परों, टीन शेड, बेसमेंट और दुकान नुमा भवनों में संचालित हो रहे हैं। ऐसे में निजी स्कूल संचालकों के द्वारा चौड़े में सरकार एवं प्रशासन की गाइडलाइन की धज्जियां उड़ाने के साथ विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। बच्चों से पढ़ाई के नाम पर मोटी फीस वसूलने वाले स्कूल संचालकों की विभागीय अधिकारियों में पैंठ का इसी से पता चलता है कि विभागीय अधिकारियों की जानकारी में मामला होने के बाद भी उपखंड क्षेत्र में फर्जी तरीके से संचालित शिक्षण संस्थाओं में फर्जीबाड़ा रोकने के लिए न उनकी सूची बनाई है और न ही ऐसे स्कूलों के खिलाफ कोई कार्रवाई की है। जिससे शैक्षणिक क्षेत्र में माफिया किस्म के लोगों के पनपने से दो वर्ष पूर्व जिले के तत्कालीन जिला कलेक्टर ने पिछले सत्र में जिले के सभी निजी शिक्षण स्कूल संचालकों की मीटिंग लेकर बिना मान्यता के स्कूल संचालित नहीं करने, मान्यता से अधिक कक्षाएं नही चलाने तथा राइट टू एजूकेशन की पालना के निर्देश दिए थे, लेकिन सत्र और कलेक्टर बदलते ही कलेक्टर के निर्देशों की पालना के बजाय आदेश हवा में दिख रहे हैं। उपखंड क्षेत्र से लेकर उपतहसील कंचनपुर व बसेड़ी तहसील के ग्रामीण इलाके में तमाम निजी स्कूल बिना मान्यता के धड़ल्ले से संचालित हैं। साथ ही राइट टू एजूकेशन की पालना में गंभीर अनियमितता बरती जा रही हैं। कई स्कूलों के पास भवन न होने से विद्यार्थियों को छप्परों, टीन शेड व पुराने भवनों में बिठाकर पढ़ाया जा रहा है। जिससे विद्यार्थियों की जान जोखिम में डालने से हादसा होने की आशंका बनी हुई है।




**इनका कहना है :** जो स्कूल राज्य सरकार द्वारा दी गई मान्यता से बड़ी कक्षाएं संचालित कर रहे हैं उनके खिलाफ शीघ्र ही जांच कर कर कार्रवाई की जाएगी।

**राजेश शर्मा**
**मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, सैंपऊ**

# गेस्ट हाउस की छत पर चढ़ा सांड, दो सांडों की लड़ाई के दौरान बचने के लिए चढ़ा, डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद नीचे उतारा

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( नि.स. )।** रेलवे स्टेशन धालपुर के पास रविवार शाम का 2 साड अचानक बीच सड़क पर लड़ पड़े। इस दौरान एक सांड खुद को बचाते हुए सीढ़ियों से होते हुए गेस्ट हाउस की छत पर चढ़ गया, जिससे गेस्ट हाउस संचालकों में हड़कंप मच गया। सांड को छत पर चढ़ा हुआ देखकर तमाशबीन लोगों की भीड़ जुट गई। दो सांडों के बीच हो रही लड़ाई के दौरान एक सांड खुद को बचाते हुए सड़क पर बनी सीढ़ियों के सहारे गेस्ट हाउस की छत के ऊपर पहुंच गया, जिसके बाद गेस्ट हाउस संचालकों ने नगर परिषद को सूचना दी, लेकिन काफी इंतजार के बाद भी नगर परिषद की टीम मौके पर नहीं पहुंची। जिस पर करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद स्थानीय लोगों ने ही आपसी सहयोग से रस्सा और डंडों की सहायता से सांड को नीचे उतारा। नीचे उतरने के बाद सांड आक्रोशित हो गया और उसने तांडव मचा दिया, जिससे कुछ लोगों के चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि बेसहारा पशुओं की वजह से आए दिन हादसे होते रहते हैं। बीच सड़क पर आवारा पशुओं की लड़ाई की वजह से कई घंटे तक जाम भी लगा रहता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि आवारा पशुओं के लिए नगर परिषद द्वारा अभी तक कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे लोगों में रोष व्याप्त है।

## राजकीय विद्यालय बनाकियाखुर्द में विद्यार्थियो को आवश्यक शैक्षिक परामर्श प्रदान किया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** क्षैत्र के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बनाकियाखुर्द में सोमवार को अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा विद्यार्थियो को आवश्यक शैक्षिक परामर्श प्रदान किया गया। राजकीय विद्यालय बनाकियाखुर्द प्रधानाध्यापक हजारीलाल रेगर ने बताया कि अजीम प्रेमजी फाउंडेशन कपासन के रिसोर्सपर्सन रामअवतार जाट एवं मोहम्मद इफ्तिखार आलम द्वारा राजकीय विद्यालय के विद्यार्थियो को बताया गया कि प्रारंभिक शिक्षा में गणित व हिंदी प्रभावी गुणवत्तापूर्ण बनाने तथा छात्र-छात्राओं के प्रभावी मार्गदर्शन हेतु कार्य योजना बनाकर विद्यार्थियो को अध्ययन कराने से ही शिक्षा के आयामों को पूर्ण किया जा सकता है।

इस दौरान स्थानीय विद्यालय के श्यामलाल भील, दिलीप सिंह गहलोत,सुनील खरवास,सुनीता कुमारी बैरवा, सुप्रिया राव,हेमलता दाधीच, शारीरिक शिक्षक कन्हैयालाल अहीर आदि उपस्थित रहे।

# राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील उपशाखा कपासन की नवीन कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से पदाधिकारी नियुक्त

## अध्यक्ष पद पर पुरणमल तेली को निर्वाचित घोषित किया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील की उपशाखा कपासन की बैठक का पंचमुखी बालाजी मंदिर परिसर में सोमवार को आयोजन किया गया।जिसमे निवर्तमान अध्यक्ष अनिल कुमार चाष्टा ने स्वागत उद्बोधन दिया तथा बैठक में उपस्थित शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तारित चर्चा कर इनके समाधान हेतु आश्वस्त किया गया।साथ ही उपशाखा स्तर से जिला कार्यकारिणी व राज्य कार्यकारिणी द्वारा किये जाने वाले कार्यक्रम पर सहमति बनी। बैठक में प्रदेश कोषाध्यक्ष कालूराम खटीक ने संगठन की रीति-नीति संबंधी विस्तृत जानकारी तथा प्रदेश संगठन मंत्री शिव कोदली द्वारा संगठन को मजबूत बनाने हेतु अधिकाधिक संख्या में सदस्य बनाने का आह्वान किया।जिलाध्यक्ष गोपाल स्वरूप त्रिपाठी द्वारा शिक्षकों की समस्याओं को प्राथमिकता से सूचिबद्ध कर समाधान के प्रयास पर जोर दिया।जिसमें सर्वप्रथम तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानान्तरण ,2006-2009 के मध्य नियुक्त शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करना,शिक्षण कार्य के अतिरिक्त गैर शैक्षणिक कार्यों से शिक्षकों



को मुक्त कर मूल कार्य के लिए स्वतन्त्र करना,प्रत्येक विद्यालय में कम्प्यूटर शिक्षक नियुक्त कर वर्तमान शिक्षा प्रणाली में छात्र-छात्राओं को अध्ययन कराने आदि मुद्दों को मांग पत्र में शामिल करने पर विस्तृत चर्चा की गयी। उल्लेखनीय है कि इस बैठक में प्रदेश संगठन मंत्री गोपेश कोदली ने नवीन कार्यकारिणी का प्रस्ताव रखा तो सदन द्वारा एकमत होकर समर्थन किया गया।इसके उपरांत नवीन कार्यकारिणी हेतु पदाधिकारियों को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया।जिसमे पूरणमल तेली को



सर्वसम्मति व निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया।इसी क्रम में उपशाखा मंत्री पद पर धीरेन्द्र कच्छावा, उपशाखा उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम लक्षकार,महिला मंत्री निर्मला शर्मा को निर्वाचित घोषित किया गया।नवनियुक्त पदाधिकारियों द्वारा सर्वसम्मति से आगामी माह में कार्यकारिणी का विस्तार किया जायेगा।इस मौके पर जगदीशचन्द्र सुथार द्वारा स्वरचित कविता के साथ नवीन पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी गयी।उक्त कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संघ जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार चाष्टा द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूरणमल जाट,चंचल शर्मा,एकता शर्मा,निर्मला शर्मा,रामलाल अहीर,रामेश्वर अहीर, हीरालाल सुखवाल, भैरुलाल काकड़ा,शंकर सिंह राणावत, धीरेन्द्र कच्छावा,पुरुषोत्तम लक्षकार, पूरणमल तेली सहित जिला कार्यकारिणी सदस्यगण उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों को दीपावली पर्व की मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी गयी।

## सीवरेज का गड्ढा खोदते समय मिट्टी ढही, युवक की मौत

### 12 फिट गहरे गड्ढे में दबने से दम तोड़ा, ढाई घंटे तक चला रेस्क्यू ऑपरेशन

फौजाराम मेघवाल

**जालोर ( बढ़ता राजस्थान )।** घर के आगे सीवरेज का गड्ढा खोदते समय मिट्टी ढहने से एक मजदूर दब गया। करीब ढाई घंटे तक उसे बाहर निकालने का रेस्क्यू ऑपरेशन चला, लेकिन हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसा जालोर जिला मुख्यालय से करीब 17 किलोमीटर दूर मांडवला गांव में शिलेश्वर मंठ के पास एक गली में हुआ। बिशनगढ थानाधिकारी पन्नालाल ने बताया- मांडवला गांव के शिलेश्वर मंठ के पास एक गली में मांडवला निवासी जयंती लाल के घर के सामने 4 मजदूर सीवरेज का गड्ढा खोदने का काम कर रहे थे। इस दौरान काम पूरा करने के बाद दोपहर करीब 2 बजे सभी मजदूर बाहर निकल रहे थे। तीन मजदूर बाहर निकल चुके थे और अंत में बालवाड़ा निवासी सावताराम (35) पुत्र भोराराम भील गड्ढे से बाहर निकल रहा था। इसी दौरान मिट्टी ढह गई।

इसके कारण सावताराम 12 फिट गहरे गड्ढे में मिट्टी के नीचे दब गया। इसके बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और ग्रामीणों ने मिट्टी हटाने का प्रयास किया। सूचना पर बिशनगढ थानाधिकारी पन्नालाल और सिविल डिफेंस की टीम पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। करीब ढाई घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद जेसीबी से मिट्टी को हटाया गया। जिसके बाद सावताराम के शव को बाहर निकाला जा सका। हालांकि डॉक्टरों ने उसे मृत



घोषित कर दिया। इसके बाद शव को जालोर के सामान्य चिकित्सालय में पहुंचाया गया। जहां पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंपने की कार्रवाई की जाएगी।

# 21.44 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक जब्त, तीन गिरफ्तार, तीनों एक ही मोहल्ले के हैं रहने वाले

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** निवाई थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ स्मैक के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक विकास सागवान के निर्देशानुसार व डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा के सुपर विजन में विधानसभा उपचुनाव के मध्यनजर रखते हुए टीम गठित की गई। टीम में हैडकानि अमरचन्द, हैडकानि नीरज शर्मा, सुरेश कुमार, कानि राधाकिशन, कानि गिर्राज व कानि शंकरलाल को शामिल किया गया। गठित टीम ने अवैध मादक पदार्थ स्मैक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करीब 4 लाख रुपए की कीमत की 21.44 ग्राम स्मैक बरामद की है। थानाधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि पुलिस गश्त के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग 52 से शहर की ओर 80 फीट रोड की ओर आ रहे तीन संदिग्ध युवक दिखाई दिए। पुलिस को देखकर तीनों इधर-उधर भागने लगे। इस पर उन्हें रोक कर पूछताछ की गई तो वह संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाए। इस पर पुलिस ने तीनों की तलाशी ली तो तीनों की जेब से कुल 21.44 ग्राम मादक पदार्थ स्मैक बरामद की गई। इस पर तीनों को गिरफ्तार कर लिया और मादक पदार्थ को जब्त कर लिया। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम ने आरोपी सोनू सैनी उर्फ सन्नु माली पुत्र कालूराम सैनी निवासी लक्ष्मीनाथ जी के मन्दिर के पास मालियों का मोहल्ला निवाई से 7.77 ग्राम, लाला सैनी उर्फ सुनील पुत्र पप्पूलाल से 6.97 ग्राम व मीठालाल उर्फ मीठ्या पुत्र रामरतन माली निवासी मालियों का मोहल्ला पहाडी चुंगी



नाका निवाई से 6.70 ग्राम स्मैक जब्त की है। पुलिस आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ के खरीदने व बेचने के संबंध में गहनता से पूछताछ कर रही है।

## मात्रा उद्यान की तलाई में नजर आया मगरमच्छ, श्रद्धालुओं में भय का माहौल



बढ़ता राजस्थान

**केशोरायपाटन ( सुनील मेघवाल )।** केशवरायपाटन के मात्रा उद्यान परिसर स्थित तालाब में मगरमच्छ आने से श्रद्धालुओं में भय का माहौल बन गया। हनुमान जी के मंदिर और उद्यान परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं ने सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है।

## टाइ बेल्ट पहन कर बच्चों के खिले चेहरे



बढ़ता राजस्थान

**केशोरायपाटन ( सुनील मेघवाल )।** पाटन क्षेत्र के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय निमोठा मे सभी विद्यार्थियों को टाई बेल्ट निमोठा मे का वितरण किया गया। विद्यार्थी जीवन में गणवेश का शुरू से ही अत्यधिक महत्व रहा है गणवेश संपूर्ण होने पर बालक बालिकाओं में उत्साह एवं समानता की भावना आती है । प्रथम बार संपूर्ण गणवेश पहनने पर सभी बच्चों के मुख पर प्रसन्नता देखकर शाला परिवार अत्यधिक गदगद हुआ। संस्था प्रधान राजेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि विद्यालय में इस प्रकार के नए-नए गतिविधियों और नवाचार लाने से बालकों में शिक्षण को लेकर भी रुचि जागृत होती है।कार्यक्रम का संचालन विजय मिलिंद के द्वारा किया गया। शाला के अध्यापक नरेंद्र कुमार मेघवाल के द्वारा फल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में शाला परिवार के अशोक नागर रामदयाल मीणा विशेष चौधरी पुरुषोत्तम मीणा सीमा गौतम प्रियंका मीणा जानवी श्री मीणा तथा एसएमसी अध्यक्ष मुकेश मीणा ग्रामीण वासी आनंद शर्मा मुकेश मीणा आदि उपस्थित रहे।

## रावतभाटा मतदाता सूची में नाम कटवाने जुड़वाने के लिए मतदाता केंद्रों पर बी एल ओ रहे मौजूद

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा( नि.स. )।** रावतभाटा निर्वाचन विभाग की ओर से मतदान सूचियों के पुनरीक्षण कार्यक्रम का विशेष अभियान का रविवार को शहर के सभी मतदान केंद्रों पर आयोजन किया गया।परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय क्र 4 में बूथ संख्या 283 से नमन वर्मा,284 से विशंभर मीणा,285 से हश्वर्धन मौजूद रहे जानकारी देते हुए पार्षद मनीष गिरी ने बताया कि प्रात: 9 बजे से 6 बजे तक चले कैंप में मतदाताओं ने अपने मतदाता पहचान पत्र में संशोधन करवाया कई नव मतदाता पहचान पत्र बनाए गए एवम् कइयों ने स्थान परिवर्तन होने पर एन ओ सी प्राप्त की।

# 15 नवंबर को शाहबाद में मुख्यमंत्री का घेराव करेंगे विहिप बजरंग दल कार्यकर्ता

## मुख्यमंत्री के घेराव में शामिल होंगे बूंदी जिले के विहिप बजरंग दल कार्यकर्ता

बढ़ता राजस्थान

**बून्दी ( नि.स. )।** आगामी 15 नवंबर को बारां जिले में शाहबाद आ रहे मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल कार्यकर्ताओं द्वारा घेराव किया जाएगा।

शाहबाद में होने वाले इस मुख्यमंत्री के घेराव प्रदर्शन में बूंदी जिले के सभी प्रखंडों से विहिप बजरंग दल कार्यकर्ता भी शामिल होंगे। विहिप जिला मंत्री संजय नागर ने बताया कि विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल कार्यकर्ताओं द्वारा बारा जिले के शाहबाद में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का घेराव किया जाएगा।

इस दौरान अपने क्षेत्र की समस्यायों के संदर्भ में उनके निराकरण हेतु ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिला प्रचार प्रमुख कृष्ण कान्त राठौर ने बताया कि सोमवार को जिला अध्यक्ष नंदलाल वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित विहिप बजरंग दल की वर्चुअल बैठक में मुख्यमंत्री के घेराव प्रदर्शन को लेकर योजना बनाई गई और सभी प्रखंड़ों से कार्यकर्ताओं को घेराव स्थल तक ले जाने हेतु दायित्व सौंपे गए। बैठक में विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष विजयलक्ष्मी शर्मा, रोशन जांगिड, धनराज गुर्जर, जिला मंत्री संजय नागर, सहमंत्री शंकर लाल गुर्जर, बजरंग दल जिला संयोजक लक्की चोपड़ा, सहसंयोजक शिव मेहरा, जिला सेवा प्रमुख रामदेव मेघवंशी, संपर्क प्रमुख शिवराज सिंह, समरसता प्रमुख चंद्रसिंह राजावत सहित विहिप बजरंगदल कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विप्र फाउंडेशन की बैठक आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा( नि.स. )।** विप्र फाउंडेशन की बैठक फेस टू हनुमान मंदिर पर आयोजित की गई जिसमें 22 दिसंबर 2024 को कोटा में आयोजित किए जाने वाले ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मेलन के बारे में चर्चा की गई तथा फार्म उपलब्ध करवाए गए। फार्म जमा करने की अंतिम तिथि नजदीक है इस हेतु जो भी परिचय सम्मेलन में भाग लेना चाहते हैं अथवा परिचय पत्रिका में अपना बायोडाटा देने के इच्छुक हो वे फॉर्म प्राप्त कर शीघ्रता शीघ्र भरकर गणेश नगर में हरिओम शर्मा, बालाजी नगर में लीला शर्मा, चारभूजा में के के दुबे, अनिल शर्मा व एन टी सी में संतोष शर्मा के पास जमा कर दें जिससे कि इन्हें समय पर छपवाने हेतु भिजवाया जा सके । इस अवसर पर रमाकांत शर्मा, बनवारी लाल क्षोत्रिय , पी पी भारद्वाज, महेश जी व्यास, महेश शर्मा, सूर्य प्रकाश शर्मा, बी एल दशोरा,अनिल शर्मा आदि ब्रह्म बंधु उपस्थित रहे।

# पत्नी और बेटे पर चाकू से जानलेवा हमला करने के नौ साल पुराने मामले में आरोपित को 10 साल की सजा

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** एडीजे, महिला उत्पीडन् प्रकरण ने शहर के चंद्रशेखर आजाद नगर में पत्नी और बेटे पर चाकू से जानलेवा हमला करने के नौ साल पुराने मामले में आरोपित को 10 साल के कठोर कारावास की सजा और 22 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है।

विशिष्ट लोक अभियोजक संजू बापना ने बताया कि चंद्रशेखर आजाद नगर निवासी नम्रता पत्नी राजेंद्र भटनागर ने 15 फरवरी 2015 को प्रताप नगर थाने में रिपोर्ट दी कि 15 फरवरी की शाम करीब 7 बजे वह ड्यूटी से अपने घर आई और खाना बना रही थी। इसी दौरान उस पर पति राजेंद्र भटनागर ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। इसी दौरान बीच-बचाव करने आये उसके बेटे देवराज भटनागर (14) को भी जान से मारने की नीयत से राजेंद्र ने गले पर चाकू से हमला किया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। हल्ला करने पर पड़ौसी दिनेश माहेश्वरी ने देवराज को एमजी अस्पताल में भर्ती करवाया। आरोपित मौके से भाग गया, जो खुद के हाथ की नशे काटता नजर आया। नम्रता ने रिपोर्ट में बताया कि उसका पति राजेंद्र भटनागर टेंपो चलाता है और शराब पीता है। वह घर खर्च भी नहीं देता और आये दिन गाली-गलौच करता। राजेन्द्र को झगडा करने पर कोर्ट ने पाबंद किया था। इसके बावजूद आरोपित ने परिवादिया व उसके बेटे पर हमला किया। इस रिपोर्ट पर पुलिस ने जानलेवा हमले का केस दर्ज कर राजेंद्र पुत्र नारायण प्रसाद भटनागर को गिरफ्तार करने के बाद उसके खिलाफ न्यायालय में चार्जशीट पेश की। विशिष्ट लोक अभियोजक बापना ने 11 गवाहों के बयान कलमबद्ध करवाते हुये 17 दस्तावेज पेश कर राजेंद्र पर लगे आरोप सिद्ध करवाए। सुनवाई पूरी होने पर न्यायालय ने आरोपित राजेंद्र को 10 साल के कठोर कारावास और 22 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है।

## देव उठनी एकादशी आज, बाबा श्याम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा

बढ़ता राजस्थान




**फुलेरा ( सत्यनारायण कुमावत )।** कस्बे के समीप स्थित बाबा श्याम मन्दिर पर आज देव उठनी एकादशी पर श्याम बाबा का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। मन्दिर कमेटी के पुजारी पण्डित अभिषेक सिनवाल व अध्यक्ष एडवोकेट महेन्द्र बडीवाल ने बताया कि जन्मोत्सव पर बाबा श्याम का पंचामृत से अभिषेक कर बाबा का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बाबा श्याम जन्मोत्सव पर मन्दिर प्रांगण में दिनभर कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। रात्रि में भजन संध्या का आयोजन होगा। जिसमे मेहमानभजन गायको सहित स्थानीय गायक भजनों की प्रस्तुति देंगें। इस दौरान छप्पन भोग की झांकी सजाई जाएगी। रात्रि में महाआरती कर भक्तों को प्रसादी वितरण की जाएगी।

# पेंशनर जीवित प्रमाण पत्र शिविर में कपासन से 120 जीवित प्रमाण पत्र प्राप्त हुवे

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** पेंशनर समाज व उपकोष कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को पेंशनर जीवित प्रमाण पत्र शिविर का आयोजन किया गया।

पेंशनर समाज कपासन प्रवक्ता कमल कुमार दाधीच ने बताया कि उपकोष कार्यालय परिसर में पेंशनर जीवित प्रमाण पत्र शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें उपकोष अधिकारी पुष्कर मीणा द्वारा कार्यालय सहायक विवेक कोशल,वरिष्ठ सहायक रजत गंगवाल,सहायक कर्मचारी भेरूलाल खटीक आदि के सहयोग से राजकीय एवं पारिवारिक पेंशनर के जीवित प्रमाण पत्र के लिए उक्त शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रतिवर्ष प्रस्तुत करने वाले 120 जीवित प्रमाण पत्र शिविर मे प्रस्तुत हुवे।कोषाधिकारी पुष्कर मीणा ने बताया कि अब तक 500 जीवित प्रमाण पत्र प्राप्त हुवे हैं।साथ ही कोष कार्यालय द्वारा जीवित प्रमाण पत्र संबंधी जानकारी में बताया कि 30 नवंबर तक अनिवार्य रूप से ऑनलाइन अथवा व्यक्तिगत कार्यालय मे उपस्थित होकर जीवित प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना है। इस अवसर पर पेंशनर समाज कपासन अध्यक्ष रामनारायण शर्मा,सचिव नन्दलाल बोहरा,उपाध्यक्ष रामचंद्र गौड़,शंभुलाल भट्ट,कोषाध्यक्ष खेमशंकर नंदवाना,सदस्य मूलचंद कुमावत,मुनिर खान पठान, सोहनलाल सुखवाल,मांगीलाल नायक आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे।



भारत बनाम अफ्रीका मोमेंट्स

# मिलर ने एक हाथ से डाइविंग कैच पकड़ा

## तिलक का सिक्स स्टेडियम पार गया, जेराल्ड कूट्जी से छूटा पंड्या का कैच

**केबेरा।**

साउथ अफ्रीका ने दूसरे टी-20 मैच में भारत को 3 विकेट से हरा दिया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 124 रन बनाए। जवाब में साउथ अफ्रीका ने 19 ओवर में 7 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। वरुण चक्रवर्ती ने 5 विकेट झटके।

केबेरा में रविवार रात खेले गए इस मुकाबले में कई मोमेंट्स देखने को मिले। इनमें डेविड मिलर ने एक हाथ से डाइविंग कैच लिया, तिलक वर्मा का 103 मीटर का सिक्स शामिल रहा, जो स्टेडियम के बाहर चला गया।





## भारत बनाम साऊथ अफ्रिका दूसरे टी-20 के टॉप-9 मोमेंट्स

### 1. मार्को यानसन का विकेट मेडन ओवर

भारतीय पारी के पहले ओवर में यानसन ने संजू सैमसन को बोल्ड कर दिया। यहां ओवर की तीसरी बॉल पर संजू लॉन्ग ऑन की तरफ बड़ा शॉट मारना चाहते थे, लेकिन गेंद पिच पर गिरने के बाद अंदर स्विंग हुई और उछाल के साथ स्टंप को हिट कर गई। संजू शून्य पर आउट हुए।

### 2. डीआरएस से बचे अभिषेक, उसी ओवर में आउट

पहले दो ओवर में साउथ अफ्रीका ने भारत के दोनों ओपनर्स को आउट कर दिया। दूसरे ओवर में अभिषेक शर्मा रिव्यू लेने के कारण बच गए। ओवर की चौथी बॉल जेराल्ड कूट्जी ने लेग स्टंप के बाहर शॉर्ट पिच फेंकी। अभिषेक पुल करने गए, लेकिन बॉल विकेटकीपर के हाथों में चली गई। साउथ अफ्रीका ने कॉट बिहाइंड की अपील की और अंपायर ने आउट का फैसला सुना दिया। अभिषेक ने रिव्यू लिया, रिप्ले में दिखा कि बॉल बैट से नहीं लगी थी। इसलिए अंपायर को अपना फैसला पलटना पड़ा। हालांकि, अभिषेक इस ओवर की 5वीं बॉल पर ही शॉर्ट फाइन लेग पर खड़े फील्डर के हाथों कैच हो गए।

### 3. तिलक वर्मा ने ग्राउंड के बाहर बॉल मारी

भारतीय पारी के 5वें ओवर में तिलक वर्मा ने मैच का पहला सिक्स लगाया। उन्होंने जेराल्ड कूट्जी ने फुल लेंथ बॉल पर हवाई शॉट खेला। जो स्क्वायर लेग बॉउंड्री की ओर मैदान के बाहर चली गई। इसके बाद अंपायर को दूसरी बॉल मंगनी पड़ी।

### 4. डेविड मिलर का एक हाथ से कैच

भारत ने 8वें ओवर की आखिरी बॉल पर तिलक वर्मा 20 गेंद पर 20 रन बनाकर आउट हुए। ऐडन मार्करम ने गुड लेंथ पर बॉल फेंकी। तिलक ने आगे निकलकर कवर्स की ओर शॉट खेला। यहां सर्कल के अंदर खड़े 36 वर्षीय डेविड मिलर ने हवा में जंप कर एक हाथ से डाइविंग कैच पकड़ा।

### 5. नॉन-स्ट्राइक एंड पर अक्षर रनआउट

अक्षर पटेल 12वें ओवर में नॉन-स्ट्राइकर एंड पर रनआउट हो गए। ओवर की पांचवीं बॉल पर हार्दिक पंड्या ने सामने की ओर शॉट खेला, बॉलर पीटर ने गेंद को हाथ लगा दिया और बॉल स्टंप्स से जा लगी। स्टंप्स से बॉल लगने के दौरान अक्षर क्रीज से बाहर थे। इसलिए उन्हें पवेलियन लौटना पड़ा, अक्षर ने 21 गेंद पर 27 रन बनाए।

### 6. रिंकू के विकेट पर पीटर का स्लीपिंग सेलिब्रेशन

एन पीटर ने रिंकू सिंह को भारतीय पारी के 16वें ओवर में आउट किया। यहां रिंकू ने फुल लेंथ बॉल को स्लॉग स्वीप करना चाहा। बॉल उनके बैट के ऊपरी भाग पर लगी और जेराल्ड कूट्जी ने शॉर्ट फाइन लेग पर कैच लिया। इसके बाद पीटर ने स्लीपिंग सेलिब्रेशन किया। रिंकू 9 रन बनाकर आउट हुए।

### 7. ऐडन मार्करम की उंगली पर बॉल लगी

साउथ अफ्रीका के कप्तान ऐडन मार्करम पारी के आखिरी ओवर में चोटिल हो गए।

इस ओवर की दूसरी बॉल पर उन्हें दाहिने हाथ की उंगली पर चोट लगी। लो-फुल टॉस बॉल को हार्दिक ने तेजी से मिड-ऑफ की तरफ मारा, कैच लेने की कोशिश में मार्करम ने आगे की ओर डाइव लगाई। यहां बॉल उनकी उंगली पर लगी। इसके बाद टीम फिजियो ने आकर उनकी जांच की।

इसी ओवर की चौथी बॉल पर जेराल्ड कूट्जी ने थर्ड मैन पर हार्दिक का कैच छोड़ दिया। यहां हार्दिक ने अपर-कट शॉट खेला था, लेकिन कूट्जी सूर्य की रोशनी की वजह से बॉल को देख नहीं पाए।

### 8. ऐडन मार्करम के हेलमेट पर बॉल लगी

साउथ अफ्रीकी पारी के पांचवें ओवर में हार्दिक पंड्या की बॉल मार्करम के हेलमेट पर जा लगी। यहां शॉर्ट लेंथ की बॉल को प्रोटियाज कैप्टन ने आगे बढ़कर खेलना चाहा। बॉल तेजी से अंदर के तरफ आई और हेलमेट पर जा लगी। इसके बाद फिजियो कन्कशन जांच के लिया मैदान पर आए। कुछ देर जांच के बाद मार्करम फिर बैटिंग करने लगे।

### 9. कूट्जी ने 103 मीटर का सिक्स लगाया

अफ्रीकी बॉलर जेराल्ड कूट्जी ने अर्शदीप सिंह के ओवर में 103 मीटर का सिक्स लगाया। उन्होंने 17वें ओवर की तीसरी फुल लेंथ बाल पर लॉन्ग ऑफ के ऊपर से शॉट खेला। बॉल स्टेडियम की छत से टकराई। कूट्जी 19 रन बनाकर नाबाद रहे।

# क्रिकेटर संजय बांगड़ के बेटे ने कराया जेंडर चेंज

## आर्यन से अयाना बना, लिखा- ताकत खो रहा हूं, पर खुशी मिल रही है



**नई दिल्ली।**

पूर्व भारतीय ऑलराउंडर संजय बांगड़ के बेटे आर्यन (अब अनाया) ने सोमवार को जेंडर चेंज (हार्मोनल ट्रांसफॉर्मेशन) का अनुभव साझा किया है। आर्यन ने 11 महीने पहले हार्मोन रिप्लेसमेंट थैरेपी कराई थी। 23 साल के आर्यन ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा- ताकत खो रहा हूं, लेकिन खुशी पा रहा हूं। शरीर बदल रहा है, डिस्फोरिया (अवसाद, खुशी न होना जैसी स्थिति) कम हो रहा है... अभी भी लंबा रास्ता तय करना है, लेकिन हर कदम मुझे अपने जैसा लगता है। आर्यन (अनाया) भी क्रिकेटर हैं। वे बाएं हाथ के बल्लेबाज है, जो एक लोकल क्रिकेट क्लब, इस्लाम जिमखाना के लिए क्रिकेट खेलते हैं। वे लीस्टरशायर में हिंकले क्रिकेट क्लब के लिए भी काफी रन बना चुके हैं।

### ईसीबी के नियम से खत्म हुआ करियर

इंग्लिश एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने 20 अक्टूबर को ट्रांसजेंडर विमेंस को महिलाओं के प्रोफेशनल क्रिकेट से बैन कर दिया था। इसके चलते आर्यन (अनाया) अब विमेंस क्रिकेट में हिस्सा नहीं ले पाएंगे।



# वरुण टी-20 में 5 विकेट लेने वाले 5वें भारतीय गेंदबाज

## अर्शदीप भारत के तीसरे टॉप विकेट टेकर, संजू चौथी बार शून्य पर आउट

**केबेरा।**

साउथ अफ्रीका ने दूसरे टी-20 में भारत को 3 विकेट से हराकर 4 टी-20 की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। मैच में एक समय भारत जीत के करीब पहुंच गया था, लेकिन ट्रिस्टन स्टब्स (47) और जेराल्ड कूट्जी के 19 रन की मदद से टीम ने मुकाबला अपने नाम किया। मैच में कई रिकॉर्ड्स बने। संजू टी-20 इंटरनेशनल में भारतीय विकेटकीपर के तौर पर सबसे ज्यादा बार शून्य पर आउट होने वाले बल्लेबाज बने, अर्शदीप ने विकेट के मामले में जसप्रीत बुमराह की बराबरी की।



1. **टी-20** इंटरनेशनल में शून्य पर आउट होने वाले भारतीय विकेटकीपर टी-20 इंटरनेशनल में किसी भी भारतीय विकेटकीपर के सबसे ज्यादा बार शून्य पर आउट होने के मामले में संजू सैमसन पहले नंबर पर पहुंच गए हैं। वे 16 इनिंग में 4 बार शून्य पर आउट हो चुके हैं। उनके बाद ऋषभ पंत हैं, जो 54 परियों में 4 बार शून्य पर आउट हुए। पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी 85 इनिंग में सिर्फ एक बार शून्य पर आउट हुए।
2. **भारतीय** बल्लेबाज का टी-20 इंटरनेशनल में सबसे कम स्ट्राइक रेट हार्दिक किसी भी भारतीय बल्लेबाज के मुकाबले 40 से ज्यादा बॉल खेलकर सबसे कम स्ट्राइक रेट से बैटिंग करने के मामले में तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। उन्होंने केबेरा में 45 बॉल पर नाबाद 39 रन बनाए। पारी में उनका स्ट्राइक रेट 86.67 रहा। इस मामले में पहले नंबर पर ईशान किशन हैं, उन्होंने 2022 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 42 बॉल पर 35 रन बनाए थे। इस पारी में उनका स्ट्राइक रेट 83.33 रहा था।
3. **अर्शदीप** ने बुमराह की बराबरी की भारत के लिए टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में लेफ्ट आर्म पेसर अर्शदीप सिंह ने जसप्रीत बुमराह की बराबरी कर ली। बुमराह के 70 मैच में 89 विकेट हैं, जबकि अर्शदीप को 58 मैच में 89 विकेट मिले। पहले नंबर पर 96 विकेट के साथ स्पिनर युजवेंद्र चहल तो दूसरे नंबर पर 90 विकेट के साथ भुवनेश्वर कुमार हैं।
4. **टी-20** इंटरनेशनल में भारतीय गेंदबाजों की बेस्ट बॉलिंग वरुण चक्रवर्ती ने केबेरा में 17 रन देकर पांच विकेट लिए। वह टी-20 इंटरनेशनल में भारत के लिए बेस्ट बॉलिंग के मामले में तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। उनसे पहले कुलदीप यादव हैं, जिन्होंने साउथ अफ्रीका के ही खिलाफ 2023 में 17 रन देकर 5 विकेट लिए थे। पहले नंबर पर युजवेंद्र चहल हैं, जिन्होंने 2017 में इंग्लैंड के खिलाफ 25 रन देकर 6 विकेट लिए थे।
5. **भारत** के लिए टी-20 इंटरनेशनल में पांच विकेट वरुण चक्रवर्ती भारत के लिए टी-20 इंटरनेशनल में पांच विकेट लेने वाले पांचवें गेंदबाज बन गए हैं। उनसे पहले युजवेंद्र चहल, भुवनेश्वर कुमार (दो बार), कुलदीप यादव (दो बार) और दीपक चाहर ने पांच विकेट लिए हैं।
6. **टी-20** इंटरनेशनल 2024 में सबसे ज्यादा जीत भारत 2024 में टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा मैच जीतने वाली टीम है। इस साल टीम इंडिया ने 24 मैच खेले, जिसमें उसे 20 में जीत और 2 में हार मिली। दूसरे नंबर पर जापान है, जिसने 25 मैचों में से 18 मुकाबले जीते हैं, जबकि उसे 6 में हार मिली।

# बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी पर गंभीर बोले- मैं दबाव में नहीं : पोंटिंग ऑस्ट्रेलिया देखें, इंडियन क्रिकेट से उन्हें क्या लेना-देना; रोहित-कोहली वापसी करेंगे

**मुंबई।**

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले टीम इंडिया के कोच ने किसी तरह के दबाव से इनकार किया है। रिकी पोंटिंग के बयान पर उन्होंने कहा कि वे अपने क्रिकेट पर ध्यान दें। गंभीर ने टीम के ऑस्ट्रेलिया रवाना होने से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस की। गंभीर ऐसे समय में मीडिया के सामने थे, जब टीम इंडिया घर में ही न्यूजीलैंड से 3-0 से टेस्ट सीरीज हार चुकी है। गंभीर ने कहा, मैं किसी दबाव में नहीं हूं। टीम के सीनियर्स बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) में वापसी करेंगे। अगर रोहित पर्थ टेस्ट में अवेलेबल नहीं रहते तो बुमराह कप्तानी कर सकते हैं। टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया में 5 टेस्ट मैच की सीरीज खेलेगी। शुरुआत पर्थ में 22 नवंबर से होगी। आखिरी टेस्ट 3-7 जनवरी के बीच खेला जाएगा।

### बीजीटी से पहले 5 चुनौतियों पर गंभीर के जवाब

**1. विराट-रोहित** रोहित शर्मा और विराट कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 मैचों की सीरीज में कुछ खास प्रदर्शन नहीं किया। न्यूजीलैंड ने क्लीन स्वीप किया। रोहित शर्मा ने 3 मैचों में टोटल 91 रन बनाए। कोहली का आंकड़ा 93 रन था। गंभीर ने कहा, इन दोनों में अभी परफॉर्मेंस और रनों के लिए गजब की भूख बाकी है। ऑस्ट्रेलिया में दोनों वापसी करेंगे। हमारे ड्रेसिंग रूम में कई शानदार प्लेयर्स हैं, जिन्होंने शानदार क्रिकेट खेली है।

**2. रिकी** पोंटिंग ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने हाल में कोहली की फॉर्म पर कहा कि वे पिछले 5 साल में 2 शतक ही बना सके हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि टीम इंडिया बीजीटी में अच्छा खेल नहीं दिखा पाएगी और सभी मैच हारेगी। इस पर गौतम गंभीर ने कहा कि पोंटिंग ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट पर ध्यान दें, उन्होंने भारतीय क्रिकेट से क्या लेना-देना है।



**3. न्यूजीलैंड** से हार और प्रेशर न्यूजीलैंड से टेस्ट सीरीज हार के बाद कुछ रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया कि बीजीटी में गंभीर पर काफी दबाव होगा। अगर उन्होंने अच्छे नतीजे नहीं दिए तो उन्हें भारतीय कोच पद से हटाया जा सकता है। दबाव के सवाल पर गंभीर ने कहा, मैं किसी दबाव में नहीं हूं। हम आलोचनाओं का सामना कर रहे हैं। हम इसे खुले तौर पर स्वीकार कर रहे हैं। हमें आगे बढ़ने की जरूरत है। ऑस्ट्रेलिया में हम नई सीरीज खेलने जा रहे हैं।

**4. ऑस्ट्रेलियाई** कंडीशन कोच गंभीर ने कहा कि मैं खिलाड़ियों के ऑस्ट्रेलिया के माहौल में ढलने के बारे में नहीं सोच रहा हूं। ना ही टीम के ट्रांजिशन फेज के बारे में सोच रहा हूं। परिवर्तन हो या ना हो, मैं 5 टेस्ट मैच के बारे में सोच रहा हूं। हमारे ड्रेसिंग रूम में कुछ मजबूत किरदार हैं, जिनमें अच्छा करने की भूख है।

**5. रोहित** शर्मा आशंका है कि निजी कारणों से रोहित शर्मा पर्थ में हो रहा पहला टेस्ट ना खेल पाएं। इस पर गंभीर ने कहा कि अगर रोहित नहीं खेलते हैं तो जसप्रीत बुमराह कप्तानी करेंगे। वे टीम के वाइस कैप्टन हैं। इस कंडीशन में रोहित की जगह केएल राहुल और अभिमन्यु ईश्वरन ओपनिंग कर सकते हैं।

# बारबोरा क्रेजिसिकोवा के शरीर पर टिप्पणी करना इस कमेंटेटर को भारी पड़ा, नौकरी से धोना पड़ा हाथ

**नई दिल्ली।**

टेनिस स्टार बारबोरा क्रेजिसिकोवा खेल की दुनिया का बड़ा नाम है। उन्होंने कई खिताब अपने नाम किए हैं। बारबोरा ने अपने खेल के जरिए नाम और शोहरत कमाई है। लेकिन उनके खेल के अलावा उनके शरीर पर टिप्पणी की गई तो खिलाड़ी भड़क गई। उन्होंने न सिर्फ बयान देने वाले को बल्कि उन सभी को सबक दिया जो कि महिला खिलाड़ियों पर इस तरह की टिप्पणी दिया। टेनिस चैनल पर कमेंट्री करते हुए पत्रकार जॉन वरथिम ने बारबोरा के माथे को लेकर टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा कि, आपको क्या लगता है, मैं क्या कहूं? बारबोरा क्रेजिसिकोवा। मेरा माथा देखो, ऐसा लग रहा है कि क्रेजिसिकोवा और जेंग कोर्ट पर हों। एक नहीं आठ माथे है। ये बयान बारबोरा को पसंद नहीं आया। उन्होंने इस अनप्रोफेशनल कमेंट्री बताया। बारोबरा ने एक्स पर लिखा कि, आप हाल ही में टेनिस चैनल पर



डब्ल्यूटीए फाइन्स के दौरान मेरी अपियरेंस को लेकर बयान दिया गया है कि न कि मेरे खेल पर। एक एथलीट के तौर पर मैंने इस खेल को बहुत कुछ दिया है और ये देखना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। ये पहली बार नहीं है जब खेले की दुनिया में ऐसा हुआ है। मैं ज्यादातर समय कुछ नहीं बोलती हूं, हालांकि, मुझे लगता है कि ये समय है कि स्पोर्ट्स मीडिया में इज्जत और प्रोफेशनल होने को लेकर बात की जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि, इस तरह के लम्हे आपको खेल और खिलाड़ियों की डेडिकेशन से दूर करते हैं।

मुझे टेनिस खेलना बहुत पसंद है। मैं चाहती हूं कि इसे तरह दिखाए जो कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए किए गए कमिटमेंट को दिखाए। वहीं जॉन विरथिम को इस बयान को देने के कारण अनिश्चित समय के लिए पैनल से हटा दिया गया है। उन्होंने अपने बयान में कहा कि, टेनिस चैनल ये मानता है कि सभी के लिए इज्जत होनी चाहिए। इस बार ऐसा नहीं हुआ। हमने बारबोरा से भी माफी मांगी है।

# खालिस्तानी आतंकी पन्नू की राम मंदिर उड़ाने की धमकी

## वीडियो जारी कर कहा- अयोध्या में हिंसा होगी, हिंदुत्ववादी विचारधारा की नींव हिला देंगे

बढ़ता राजस्थान

**जालंधर ( एजेंसी )।** खालिस्तानी आतंकी और सिख फॉर जस्टिस के चीफ गुरपतवंत सिंह पन्नू ने नया वीडियो जारी कर अयोध्या में राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी दी है। मीडिया रिपोर्ट्स में इसका दावा किया गया है। वीडियो में वह राम मंदिर को निशाना बनाने की बात कह रहा है। साथ ही पन्नू ने कनाडा में भारतीय मूल के हिंदू सांसद चंद्र आर्य को भी धमकी दी है। पन्नू ने वीडियो जारी कर कहा कि 16 और 17 नवंबर को अयोध्या के राम मंदिर में हिंसा होगी। दैनिक भास्कर इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता।

आतंकी पन्नू ने वीडियो में यह भी कहा कि हम हिंदुत्ववादी विचारधारा की जन्मस्थली अयोध्या की नींव हिला देंगे। वीडियो में पन्नू ने देश के कई हिंदू मंदिरों की तस्वीरें शामिल की हैं, जिनमें अयोध्या का राम मंदिर भी है। इस वीडियो को एक बड़े खतरे के तौर पर देखा जा रहा है।

आतंकी पन्नू ने वीडियों में कहा- भारतीय मूल के कई कनाडाई पीएम मोदी की विचारधारा पर चलते हैं। साथ ही कनाडाई सांसद चंद्र आर्या हिंदू आतंकवाद का चेहरा हैं। आप कनाडा के प्रति ईमानदार रहो या फिर कनाडा की धरती छोड़ दो। कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो और कनाडा पुलिस पहले ही कह चुकी है कि प्रो खालिस्तानी सिख नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या भारत ने करवाई है। इसमें भारतीय डिप्लोमेट्स का हाथ था।

# 30 दिन के लिए जेल से बाहर आया आसाराम

## आयुर्वेदिक अस्पताल में इलाज कराएगा; 11 साल में दूसरी बार पैरोल मिली

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर।** रेप केस में आजीवन कारावास की सजा काट रहा आसाराम जेल से बाहर आ गया है। जोधपुर हाईकोर्ट ने 7 नवंबर को आसाराम को इलाज के लिए 30 दिन की पैरोल दी थी। वह जोधपुर के भगत की कोठी स्थित निजी आयुर्वेदिक अस्पताल में अपना इलाज करवाएगा। उसे रविवार रात एम्बुलेंस के जरिए लाया गया और अस्पताल में भर्ती करवाया। इस दौरान आसाराम को देखने के लिए अस्पताल के बाहर उसके समर्थकों की भीड़ जुट गई। हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश दिनेश मेहता और न्यायाधीश विनीत कुमार माथुर की खंडपीठ ने आसाराम के इलाज के लिए अनुमति देने के आवेदन पर आदेश दिए थे। उसे 11 साल में दूसरी बार इलाज के लिए पैरोल मिली है। इससे पहले उसे अगस्त में 7 दिन की पैरोल मिली थी।

### अनिश्चितकालीन छुट्टी मांगी थी

आसाराम की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आरएस सलूजा और यशपाल राजपुरोहित ने पैरवी करते हुए इलाज की अनुमति के लिए आवेदन पेश किया था। आसाराम के वकीलों ने जब तक अस्पताल से डॉक्टर छुट्टी नहीं दे देता, तब तक अनिश्चितकालीन अवधि तक इलाज की अनुमति मांगी थी।

# रणथम्भौर से 10 साल में 29 टाइगर गायब : टी-86 बाघ की मौत के बाद जागा वन विभाग, लापता बाघों के रिकॉर्ड खंगालेगी कमेटी

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर।** रणथम्भौर टाइगर रिजर्व में 3 नवंबर को बाघ टी-86 की हुई मौत के बाद खलबली मची है। लगातार हो रही बाघों की मौत और इनके गायब होने की घटनाओं ने विभागीय अधिकारियों के होश उड़ा दिए हैं। 4 नवंबर को चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन पवन कुमार उपाध्याय ने रणथम्भौर से गायब बाघों की जांच को लेकर तीन सदस्यीय उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया है। यह कमेटी अगले 2 महीने में रिपोर्ट देगी। मामले की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि रणथम्भौर टाइगर रिजर्व से पिछले 10 साल में 29 बाघ, बाघिन और शावक गायब हुए हैं।

### बाघ की हत्या के बाद मची खलबली

कुछ दिन पहले ही रणथम्भौर टाइगर रिजर्व में टाइगर टी-86 की हत्या का मामला सामने आया था। बारूद से हमला करके टाइगर को मौत के घाट उतारा गया था। इसके अलावा उसकी बॉडी पर चोट के भी निशान थे। इस घटना ने एक बार फिर बाघों की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए थे। आला अधिकारियों तक यह मामला पहुंचा और बाघों की कम हो रही संख्या को लेकर जवाब-तलब होने लगा। पुराने रिकॉर्ड खंगाले जाने लगा।

# राजस्थान में नवंबर के तीसरे सप्ताह से सर्दी बढ़ेगी

## दिन के तापमान में गिरावट जारी, माउंट आबू में पारा 11 डिग्री पर पहुंचा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में लोगों को तेज सर्दी के लिए अभी इंतजार करना पड़ेगा। अमूमन नवंबर के दूसरे सप्ताह से तेज होने वाली सर्दी इस सीजन में तीसरे सप्ताह के आखिरी दिनों से होने की संभावना है। इस दौरान राज्य में दिन और रात का तापमान औसत से ऊपर ही रहने की संभावना है।

मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने 15 नवंबर तक राजस्थान में मौसम पूरी तरह ड्राय रहने और तापमान में मामूली गिरावट होने की ही संभावना जताई है। उधर, श्रीगंगानगर में सोमवार सुबह भी स्मॉग का असर रहा। इसी तरह सीकर में सुबह-सुबह हल्का कोहरा रहा।

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, अभी उत्तर भारत में जो वेस्टर्न डिर्स्टबेंस वह काफी ऊंचाई पर है, जिसके कारण इन सिस्टम से पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर, गिलगित बाल्टिस्तान एरिया में ही बारिश-बर्फबारी हो रही है। ऐसी संभावना है आगामी 7-10 दिनों में ये वेस्टर्न डिर्स्टबेंस और नीचे आ जाएंगे। इसके बाद इनसे होने वाली बारिश-बर्फबारी भारत के कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल के एरिया में होगी। इसके बाद से ही भारत में तेज सर्दी की शुरुआत होगी।

### दिन के तापमान में गिरावट जारी

राजस्थान में अब दिन में गर्मी कम होने लगी है। रविवार को भी अलवर, पिलानी, सीकर, फलोदी, चूरू, गंगानगर, टोंक, अजमेर समेत अन्य शहरों में अधिकतम तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज हुई। सबसे अधिक तापमान जैसलमेर में 36.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। बाड़मेर में अधिकतम तापमान 36.6, जालौर में 35.7 और जोधपुर में 35.8 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। राज्य के शेष सभी शहरों में अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा।



### रात के तापमान में भी गिरावट

दिन के साथ राजस्थान में धीरे-धीरे रात का मिनिमम तापमान भी गिरने लगा है। फलोदी और बाड़मेर में 21.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ, जबकि अन्य सभी शहरों में रात का मिनिमम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। सबसे कम तापमान 11.2 डिग्री सेल्सियस हिल स्टेशन माउंट आबू में दर्ज हुआ। सिरोही में 13 .2, फतेहपुर में 14 .8, जालोर, उदयपुर में 15 .3, सीकर में 15 .2, भीलवाड़ा में 16 .4, अजमेर, बारां में 16 .9, हनुमानगढ़ में 17 .5 और चित्तौड़गढ़ में 17 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ।

## मंत्री के घर के बाहर प्रदर्शन, पुलिस ने खदेड़ा : सफाई कर्मचारी भर्ती में लागू किए नियमों में संशोधन की मांग को लेकर पहुंचे थे लोग

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** सफाई कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया में लागू किए गए नियमों में संशोधन की मांग को लेकर आज संगठन से जुड़े लोगों ने प्रदर्शन किया। सभी नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा के आवास के बाहर पहुंचे। इस दौरान पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे लोगों पर हल्का बल प्रयोग किया। संगठन से जुड़े कुछ पदाधिकारियों को भी हिरासत में लिया। दरअसल, जयपुर नगर निगम सफाई कर्मचारी के एक संगठन के लोग दोपहर 12 बजे यूडीएच मंत्री के आवास के बाहर पहुंचे थे। यहां सभी ने धरना दिया। स्लोगन लिखी तख्तियां लहराते हुए नारेबाजी की। इन तख्तियों पर भर्ती में अनुभव प्रमाण पत्र पर समक्ष अधिकारी के हस्ताक्षर की बाध्यता को हटाने का उल्लेख किया गया।

# कुछ लोग देश को टुकड़ों में बांटना चाहते हैं : मोदी

## हमें मिलकर उन्हें रोकना है; संत-महात्माओं ने हमारी पहचान को पुनर्जीवित किया

बढ़ता राजस्थान

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को स्वामी नारायण मंदिर के 200वें वर्षगांठ कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए। उन्होंने कहा- कुछ लोग समाज को जाति, धर्म, भाषा, स्त्री-पुरुष, गांव-शहर में बांटने की कोशिश कर रहे हैं। हमें मिलकर उन्हें रोकना है। प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के वडताल धाम में आयोजित कार्यक्रम में कहा- हमारी विरासत के हजारों साल पुराने केंद्रों का गौरव लौट रहा है। जिसे सभी ने नष्ट मान लिया था वो प्रकट हो रहा है। पीएम ने काशी और केदारनाथ मंदिर का भी जिक्र किया। पीएम ने विदेशों में देश से चोरी हुई सैकड़ों साल पुरानी मूर्तियां वापस लाने की भी चर्चा की।

मोदी ने अयोध्या का उदाहरण देते हुए कहा- 500 साल बाद एक सपने का पूरा होना, यानी 500 सालों तक कितनी ही पीढ़ियों ने उस सपने को जिया है। उसके लिए जूझते रहे हैं और जरूरत पड़ने पर बलिदान भी दिए हैं।



संत समाज वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा दे प्रधानमंत्री ने संत समाज को स्थानीय लोगों के द्वारा बनाई गई चीजों को प्रमोट करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा- स्वामी नारायण संस्था के संत समाज को वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने कहा- भारत के युवाओं की डिमांड पूरी दुनिया में है। भारत का युवा देश ही नहीं विश्व की जरूरतें पूरी करने तैयार है। स्वामी नारायण ने हमारी पहचान को पुनर्जीवित किया पीएम ने कहा- भारत की विशेषता रही है जब भी मुश्किलें आई तब कोई न कोई, महर्षि, महात्मा अवतरित हुए हैं। भगवान स्वामी नारायण का आगमन भी उसी समय हुआ था जब देश सैकड़ों वर्ष की गुलामी के बाद कमजोर हो चुका था। तब भगवान स्वामी नारायण और अन्य संतों ने आध्यात्मिक ज्ञान दिया। साथ ही हमारे आत्मसम्मान को जगाया। हमारी पहचान को पुनर्जीवित किया।

# उदयपुर के तालिबानी हत्याकांड के आरोपी को नोटिस

## जमानत के फैसले को परिवार ने सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती; कहा- मामला आतंकी घटना से जुड़ा



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** उदयपुर के कन्हैयालाल हत्याकांड के आरोपी को जमानत देने के राजस्थान हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। कन्हैयालाल के बेटे यश तेली ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाकर हाईकोर्ट के जमानत देन के आदेश को चुनौती दी है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मामले में सुनवाई करने के बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी और आरोपी मोहम्मद जावेद को नोटिस जारी किए हैं। याचिकाकर्ता के वकील विक्रमादित्य उज्ज्वल और नमित सक्सेना ने बताया- जावेद, मुख्य आरोपी मोहम्मद रियाज अत्तारी से लगातार संपर्क में था। उसने ही कन्हैयालाल की रेकी की थी। मामले में अभी ट्रायल चल रहा है। पूरे केस में करीब 116 गवाह हैं। अभी कुछ लोगों की ही गवाही दर्ज हुई है। ऐसे में गवाहों पर दबाव बनाया जा सकता है। मामला आतंकी घटना से जुड़ा है। ऐसे में आरोपी को जमानत का लाभ नहीं दिया जाना चाहिए था।

दरअसल, करीब दो महीने पहले 5 सितंबर को हाईकोर्ट ने कन्हैयालाल हत्याकांड के आरोपी मोहम्मद जावेद को जमानत दी थी। जावेद पर आतंकी गतिविधियों में शामिल होने, आपराधिक षड्यंत्र सहित गैर कानूनी गतिविधियों में लिप्त होने के आरोप है।

### एनआईए लोकेशन साबित नहीं कर पाई

हाईकोर्ट ने आरोपी को जमानत देते हुए कहा था- हद्ब ने केवल कॉल डिटेल के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया है। हद्ब आरोपी की लोकेशन साबित नहीं कर पाई है। इसके अलावा आरोपी से किसी तरह की रिकवरी भी नहीं हुई है। लंबे समय से वह जेल में है। ट्रायल लंबा चलेगा, ऐसे में उसे जमानत दी जाती है।

# सुप्रीम कोर्ट बोला- सालभर पटाखे बैन करने पर फैसला लें

## कोई धर्म प्रदूषण फैलाने को बढ़ावा नहीं देता; दिल्ली सरकार को 25 नवंबर की डेडलाइन

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली सरकार से कहा कि दिल्ली में सालभर पटाखा बैन पर 25 नवंबर से पहले फैसला लें। दिल्ली सरकार के वकील ने कोर्ट के सामने कहा था कि हम पटाखा बैन को पूरे साल लागू करने का फैसला सभी संबंधित विभागों से सलाह के बाद लेंगे। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस अभय ओक और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने दिल्ली पुलिस से कहा, दिल्ली पुलिस ने प्रतिबंधों को गंभीरता से लागू नहीं किया। कोर्ट ने कहा कि दिल्ली पुलिस कमिश्नर पटाखों पर बैन लगाने के लिए स्पेशल सेल बनाएं। कोर्ट ने दिल्ली सरकार को निर्देश दिया कि वह 25 नवंबर से पहले पटाखों पर स्थायी प्रतिबंध लगाने का फैसला करे।

सुनवाई के दौरान बेंच ने कहा कि कोई भी धर्म ऐसी किसी गतिविधि को प्रोत्साहित नहीं करता है, जिससे प्रदूषण फैलता हो।



# रामभद्राचार्य बोलें- राष्ट्र की चिंता संत करता,परिवार वाला भक्त नहीं

## कुंभ में हम कुछ ऐसा करेंगे, विश्व के नक्शे से पाकिस्तान का निशान मिट जाएगा



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में सोमवार को जगदगुरु रामभद्राचार्य महाराज ने ताड़का वध और राम विवाह की लीला का प्रसंग सुनाया। कथा में संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल भी पहुंचे। इस दौरान रामभद्राचार्य ने कहा- मेरे से कुछ भूल हो जाती है। वो बाद में हानिकारक हो जाती है। मैं कठोर कहने में बदनाम हूं। फिर भी मैं कहूंगा। किसी भी संत को निराश होने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा- जब रामलला को ला सकते है तो मथुरा-काशी के ज्ञानवापी को भी लाकर दिखाएंगे। राष्ट्र की चिंता एक संत ही कर सकता है। परिवार वाला भक्त नहीं।

# राहुल ने आई लव वायनाड लिखी टीशर्ट पहनी

## बोले- वायनाड ने इतना स्नेह दिया कि मैंने राजनीति में प्यार शब्द का इस्तेमाल शुरू किया

बढ़ता राजस्थान

**वायनाड ( एजेंसी )।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को केरल के वायनाड में अपनी बहन प्रियंका के लिए चुनावी रैली की। इस दौरान वे अपनी ट्रेडमार्क सफेद टीशर्ट में नजर आए, जिसके पीछे ढ्ढ वायनाड लिखा था। प्रियंका के साथ रैली करते हुए उन्होंने वायनाड के लोगों को ये टीशर्ट दिखाई।

राहुल ने कहा कि वायनाड के लोगों ने उन्हें इतना स्नेह दिया कि उनकी पूरी राजनीति का दृष्टिकोण बदल गया। यहां आने के बाद उन्होंने राजनीति में प्यार शब्द का इस्तेमाल शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि आपसे मिले प्यार के प्रति आभार जताने के लिए मैंने आई लव वायनाड टीशर्ट पहनी है। राहुल गांधी के रायबरेली सीट चुनने के बाद वायनाड सीट से कांग्रेस ने प्रियंका को कैंडिडेट बनाया है। यह प्रियंका गांधी का पहला लोकसभा चुनाव होगा। उनका मुकाबला भाजपा की नाव्या हरिदास से होगा। वायनाड में 13 नवंबर को चुनाव है। रिजल्ट 23 नवंबर को आएगा।




### वायनाड में राहुल के भाषण की मुख्य बातें...

**1. भारत** जोड़ो यात्रा से मेरी राजनीतिक सोच बदली राहुल ने कहा कि जब मैंने भारत जोड़ो यात्रा शुरू की थी, तो यह एक राजनीतिक यात्रा थी, लेकिन यात्रा के दौरान मैंने महसूस किया कि मैं लोगों को गले लगा रहा हूं, वे मुझसे कह रहे हैं कि वे मुझे प्यार करते हैं, और मैं भी उनसे प्यार का इजहार कर रहा हू। कई सालों तक मैंने राजनीति में प्यार शब्द का इस्तेमाल नहीं किया था। लेकिन वायनाड आने के बाद मैंने इस शब्द का इस्तेमाल शुरू किया। नफरत और गुस्से का मुकाबला करने का एकमात्र हथियार प्यार और स्नेह है।

**2. खुद** को वायनाड का अनऑफिशियल सांसद मानता हूं राहुल ने कहा कि वायनाड आना हमेशा एक खुशी की बात होती है। मैं यहां प्रचारक के तौर पर आया हूं, उम्मीदवार के तौर पर नहीं।आपके अनौपचारिक सांसद के रूप में खुद को सम्मानित महसूस करता हूं। जब भी मैं यहां आता हूं, मुझे सच में खुशी महसूस होती है।

**3. प्रियंका** वायनाड को शीर्ष पर्यटन स्थल बनाएंगीं राहुल ने कहा कि प्रियंका गांधी यहां की सांसद उम्मीदवार हैं। वह मेरी छोटी बहन भी हैं, इसलिए मुझे वायनाड के लोगों से उनके बारे में शिकायत करने का अधिकार है। मेरी बहन का भाषण प्यार भरा था, एक सामान्य राजनीतिक अभियान जैसा नहीं था। राहुल ने प्रियंका को वायनाड को केरल का शीर्ष पर्यटन स्थल बनाने की चुनौती भी दी। उन्होंने कहा कि इससे वायनाड के लोगों और अर्थव्यवस्था को लाभ मिलेगा और दुनिया इसकी सुंदरता को जान सकेगी।

**राहुल ने** कहा था- वायनाड का दौरा करता रहूंगा 17 जून को वायनाड सीट छोड़ते वक्त राहुल ने कहा था- वायनाड और रायबरेली से मेरा भावनात्मक रिश्ता है। मैं पिछले 5 साल से वायनाड से सांसद था। मैं लोगों को उनके प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं। प्रियंका गांधी वाड्रा वायनाड से चुनाव लड़ेंगी, लेकिन मैं समय-समय पर वायनाड का दौरा भी करूंगा। मेरा रायबरेली से पुराना रिश्ता है, मुझे खुशी है कि मुझे फिर से उनका प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा, लेकिन यह एक कठिन निर्णय था।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# जय श्री श्याम

सबसे कठिन बात है वर्तमान को समृद्ध रूप से जीना, बिना भविष्य के भय या अतीत के पश्चाताप के।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान





कार्तिक शुक्ला एकादशी
की सभी भक्तों को
श्री श्याम मंदिर कमेटी (रजि.) खाटूश्यामजी
की ओर से
## हार्दिक शुभकामनाएं

जय श्री श्याम

## -: आवश्यक सूचना :-

**श्री श्याम मंदिर खाटूश्यामजी में महंत एवं संरक्षक के पद की कोई परम्परा नहीं है चूंकि महंत एवं संरक्षक के पद की परम्परा न तो पूर्वकाल में रही है न ही वर्तमान में है तथा न ही वर्तमान में ऐसी परम्परा प्रस्तावित है।**

### श्याम भक्तों से अपील

- एकादशी पर्व पर पधारे सभी श्याम भक्तों से अनुरोध है कि मानव जीवन व पशु पक्षियों के स्वास्थ्य मानकों को दृष्टिगत रखते हुए आतिशबाजी नहीं करें।
- मंदिर परिसर में जगह-जगह प्रसाद, इत्र व फूल चढाने की व्यवस्था है। मंदिर में इत्र, फूल व नारियल फैंक कर श्रद्धा पर आघात नहीं करें।



कतार के माध्यम से दर्शन व्यवस्था



संपूर्ण मेला ग्राउंड में सफाई व्यवस्था व सुविधाएं



सुलभ दर्शन हेतु सुरक्षा गार्ड व होमगार्ड व्यवस्था।



श्याम मंदिर की भव्य सजावट



विशिष्टजन के लिए दर्शन की व्यवस्था।




चिकित्सा व्यवस्था के लिए मेडिकल कैंप व रोगी वाहन



**पृथ्वी सिंह चौहान**
अध्यक्ष



**मानवेन्द्र सिंह चौहान**
मंत्री



**कालू सिंह चौहान**
कोषाध्यक्ष

ट्रस्टी-गोपाल सिंह चौहान, नरेन्द्र सिंह चौहान, इंद्र सिंह चौहान, राजवेन्द्र सिंह चौहान

## श्री श्याम मंदिर कमेटी (रजि.) खाटूश्यामजी